

1965 के युद्ध में शास्त्री ने निर्णायक नेतृत्व प्रदान किया - 12



भारत की साख रेटिंग बढ़ाकर बीबीबी+ की - 12




गाजा में युद्धविराम के 15 में से 14 वोट, जवाब में अमेरिका का वीटो - 13



विश्व चैंपियनशिप पदक चूकने से निराश सचिन यादव - 14


आज का मौसम
29.0⁰ अधिकतम तापमान
22.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.59
सूर्यास्त 06.11

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

आश्विन कृष्ण पक्ष चतुर्दशी 12:17 उपरांत अमावस्या विक्रम संवत 2082

शनिवार, 20 सितंबर 2025, वर्ष 5, अंक 210, पृष्ठ 14 ▪ मूल्य 6 रुपये


# कांग्रेस का वोट चोरी मुद्दा मनगढ़ंत और फेस सेविंग की कोशिश : धामी

## मुख्यमंत्री ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के वोट चोरी के मुद्दे पर किया हमला

मुख्य संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के वोट चोरी मुद्दे को मनगढ़ंत करार दिया है। उन्होंने कहा कि जब-जब कांग्रेस हारती है, तब-तब कुछ न कुछ आरोप लगाती है। कभी ईवीएम, जिला प्रशासन, राज्य सरकार पर ठीकरा फोड़ती है तो अब निर्वाचन आयोग पर ठीकरा फोड़ा है।

शुक्रवार को सर्किट हाउस, काठगोदाम में आपदा प्रभावित स्थानों पर राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से वार्ता में मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि चुनावों में हार के बाद फेस सेविंग के लिए कांग्रेस वोट चोरी की बातें कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 में से 20 घंटे काम करते हैं। देश में वर्क कल्चर आया है। गरीबों, अंतिम छोर के लोगों, वंचितों, शोषितों के लिए योजनाएं आई हैं। नरेंद्र मोदी ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने अंत्योदय को साकार किया है। वैश्विक मंचों पर भारत का सम्मान बढ़ाया है। जनता प्रधानमंत्री मोदी को भाई, बेटा, घर का सदस्य मानती है और लाइन में खड़े होकर जिताने का प्रयास करती है, यह कांग्रेस को वोट चोरी दिखाई देती है।

कांग्रेस की वोट चोरी की बातें मनगढ़ंत हैं, यदि कहीं ऐसा मामला है तो तथ्य देने चाहिए। केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने कहा है कि ऐसा प्रकरण आएगा तो जांच कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि, बारिश में भी बद्रीनाथ और केदारनाथ यात्रा सुचारू रही है, अब गंगोत्री यमुनोत्री की भी यात्रा शुरू होने वाली है। आपदा की वजह से जो संपर्क मार्ग कट गए थे, उनकी मरम्मत हो गई है। इस बार हेली सेवा भी डीजीसीए और यूकाडा मिलकर संचालित करेगी। केदरानाथ के सिरसी व देहरादून में सहस्त्रधारा में एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) बनाए गए हैं जो हवाई सेवा पर नजर रखेंगे। दूसरे चरण में यात्रा पूरे वेग से चलेगी। हमारी प्राथमिकता है कि चारधाम यात्रा में आने वाले हर श्रद्धालु की सुगम, सरल व सुरक्षित यात्रा हो, इसको ध्यान में रखा जाए।



गौलापार स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री धामी।

### देश की पहली फेंसिंग प्रतियोगिता हल्द्वानी में शुरू

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री धामी ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम गौलापार में एशियाई कैडेट कप फेंसिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी खिलाड़ी उत्तराखंड को सभी क्षेत्रों में देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के हमारे ''विकल्प रहित संकल्प'' को पूर्ण करने में अपना योगदान देंगे। देश में प्रथम बार आयोजित हो रही इस अंतर्राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियोगिता की मेजबानी उत्तराखंड को मिली है। बालक-बालिका वर्ग की पांच दिवसीय स्पर्धा में 17 देशों के 250 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं जिनमें भारत के 150 खिलाड़ी हैं। (विस्तृत पेज-3)

## ब्रीफ न्यूज

### फर्जी नौकरी गिरोह का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** वियतनाम में फर्जी नौकरी गिरोह चलाने वाले ठगों के साथ जुड़े दो लोगों को दिल्ली के एक व्यक्ति से 3.12 लाख रुपये की ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह ऑस्ट्रेलिया और कनाडा में नौकरी की तलाश कर रहे भारतीयों को निशाना बनाता था। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि उत्तर प्रदेश में 1,000 किलोमीटर तक का क्षेत्र कवर करने के बाद तीन दिनों तक चली छापेमारी में गिरोह के मास्टरमाइंड सहदेव सिंह (37) और उसके सहयोगी नीरज (37) को एटा से पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान सिंह ने खुलासा किया कि वियतनाम में गिरोह चलाने वालों के साथ काम किया था।

### शरजील, उमर की बेल पर सुनवाई स्थगित



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2020 के दिल्ली दंगों के मामले में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र शरजील इमाम, उमर खालिद और अन्य की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई 22 सितंबर के लिए स्थगित कर दी है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की अध्यक्षता वाली पीठ ने याचिकाओं पर सुनवाई शुक्रवार को स्थगित कर दी। याचिकाकर्ताओं ने दिल्ली उच्च न्यायालय के दो सितंबर 2025 के संबंधित आदेश को चुनौती दी है, जिसमें जमानत मंजूर करने से इनकार कर दिया गया था।

### असम के लोकप्रिय गायक जुबिन गर्ग का निधन



**गुवाहाटी।** ...या अली और जाने क्या चाहे मन बावरा... जैसे प्रसिद्ध बॉलीवुड गानों को अपनी आवाज देने वाले और युवा दिलों की धड़कन जुबिन गर्ग की शुक्रवार को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान मौत हो गई। दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश सिंगापुर में एक महोत्सव के आयोजकों ने यह जानकारी दी। वह 52 वर्ष के थे और उनके परिवार में उनकी पत्नी हैं। स्कूबा डाइविंग के दौरान गर्ग को चोटें आईं और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां आईसीयू में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वह तीन दिवसीय नॉर्थ ईस्ट फेस्टिवल में भाग लेने के लिए सिंगापुर गए थे।

### सोलर विलेज धोरडो का मोदी करेंगे लोकार्पण

**गांधी नगर।** संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन द्वारा श्रेष्ठ पर्यटन गांव के रूप में गुजरात में प्रतिष्ठित कच्छ के धोरडो गांव का सौ प्रतिशत सौरीकरण (सोलराइजेशन) किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को भावनगर में आयोजित समुद्र से समृद्धि कार्यक्रम अंतर्गत इसका लोकार्पण करेंगे। मेहसाणा के मोढेरा, खेडा के सुखी तथा बनासकांठा के मसाली के बाद धोरडो राज्य का चौथा सोलर विलेज बना है।

## राज्य में जीएसटी की संशोधित दरें जारी

**देहरादून।** वित्त विभाग ने राज्य में प्रमुख उपभोक्ता सामान और सेवाओं पर 22 सितंबर से लागू होने वाली जीएसटी की संशोधित दरें जारी कर दी है। ज्यादातर सेवाओं और वस्तुओं की जीएसटी दरों में कमी होने से त्योहारी सीजन से उपभोक्ताओं भारी राहत मिलेगी।

- 22 से प्रभावी होंगी

सचिव वित्त दिलीप जावलकर ने शुक्रवार को बताया कि जीएसटी परिषद की 56 वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रम में केन्द्र सरकार द्वारा 17 सितंबर को कर दर निर्धारण संबंधी विभिन्न अधिसूचनाएं जारी की गई हैं। इसी क्रम में उत्तराखंड राज्य द्वारा भी विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं पर कर दरों को निर्धारित करने संबंधी अधिसूचनाएं जारी कर दी गई हैं। इन अधिसूचनाओं के माध्यम से कर की दरों में किया गया परिवर्तन 22 सितंबर से लागू होगा। कर की दरों के सरलीकरण का सीधा लाभ आम जनता को मिलेगा तथा इससे अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इसका उद्देश्य आम जनता, विशेष रूप से निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के लोगों को अधिकतम लाभ पहुंचाना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, केंद्र सरकार ने देश में जीएसटी दरों में भारी कमी कर दी है। इसी क्रम में राज्य में भी 22 सितंबर से नई जीएसटी दरों को लागू किया जा रहा है।

# भारत-ईयू एफटीए के लिए यूनान का समर्थन

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी से यूनानी समकक्ष ने फोन पर की बात
- दोनों देशों के बीच संबंधों की मजबूती पर जताई प्रतिबद्धता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शुक्रवार को यूनानी प्रधानमंत्री काइरियाकोस मित्सोताकिस ने फोन पर बात की और उन्हें पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को शीघ्र पूरा करने के लिए यूनान के समर्थन से अवगत कराया। दोनों प्रधानमंत्रियों के बीच फोन पर बातचीत के दौरान यह मुद्दा उठा। मोदी और मित्सोताकिस ने भारत तथा यूनान के बीच द्विपक्षीय संबंधों, विशेषकर व्यापार, निवेश और रक्षा के क्षेत्रों में संबंधों का भी जायजा लिया।

भारत की ओर से जारी बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी, नौवहन, रक्षा, सुरक्षा, संपर्क और लोगों के बीच रिश्तों जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों में विकास का स्वागत किया तथा भारत-यूनान रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। इसमें कहा गया कि मित्सोताकिस ने पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते को शीघ्र पूरा करने और 2026 में भारत द्वारा आयोजित किए जाने वाले एआई इम्पैक्ट शिखर



सम्मेलन की सफलता के लिए यूनान के समर्थन से अवगत कराया। फोन यूनानी नेता की ओर से किया गया।

भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच मुक्त व्यापार समझौते के लिए 13वें दौर की वार्ता पिछले सप्ताह नई दिल्ली में आयोजित हुई। यूरोपीय संघ भारत का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है और दोनों देशों के बीच वित्त वर्ष 2023-24 में द्विपक्षीय व्यापार 135 अरब अमेरिकी डॉलर का रहा। दोनों पक्षों ने पहले ही 11 अध्यायों पर बातचीत पूरी कर ली है, जिनमें सीमा शुल्क और व्यापार सुविधा, विवाद निपटान, डिजिटल व्यापार, टिकाऊ खाद्य प्रणाली, लघु और मध्यम आकार के उद्यम, प्रतिस्पर्धा तथा सब्सिडी और पूंजीगत आवाजाही शामिल हैं।

# 474 और दलों को सूची से किया बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी

- निर्वाचन आयोग ने छह वर्षों से चुनाव न लड़ने पर की कार्रवाई
- दो महीने में कुल 808 राजनीतिक दलों को सूची से हटाया

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने शुक्रवार को कहा कि उसने पिछले छह वर्षों में चुनाव न लड़ने सहित अन्य मानदंडों का उल्लंघन करने के कारण 474 और पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को सूची से हटा दिया है।

इस प्रक्रिया के पहले चरण में, निर्वाचन आयोग ने नौ अगस्त को 334 पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) को




सूची से हटा दिया था। बयान में कहा गया है कि इसी क्रम में, दूसरे चरण में, निर्वाचन आयोग ने 18 सितंबर को 474 आरयूपीपी को सूची से हटा दिया। यह सूची निर्वाचन आयोग द्वारा लगातार छह वर्षों तक आयोजित चुनावों में भाग न लेने के आधार पर बनाई गई।

इस प्रकार, पिछले दो महीनों में 808 आरयूपीपी को सूची से हटा दिया गया है। हाल तक 2,520 आरयूपीपी थे। सूची से बाहर करने की प्रक्रिया के बाद, 2,046 आरयूपीपी बचे हैं। इसके अलावा, छह मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दल और 67 राज्य स्तरीय दल हैं।

## भूटान की श्रद्धालु नदी में बही, मौत

**देहरादून।** उत्तरकाशी में गंगोत्री धाम के दर्शनों को भूटान से आए 48 श्रद्धालुओं के दल की एक महिला तीर्थयात्री शुक्रवार दोपहर गंगोत्री मुख्य घाट पर भागीरथी नदी की तेज धारा में बह गई। एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने महिला को सूर्यकुंड से निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। अधिकारियों के अनुसार, तीर्थयात्री रीता थापा (61) पत्नी धीर बहादुर थापा निवासी गिलोफू, जिला सरवंश, भूटान का शव जिला चिकित्सालय, उत्तरकाशी लाया गया।

# एआई से होगी अभ्यर्थियों की पहचान

नई दिल्ली, एजेंसी

- यूपीएससी ने किया एआई युक्त सत्यापन तकनीक का परीक्षण
- संघ लोक सेवा आयोग की आगामी परीक्षाओं में इस्तेमाल की तैयारी

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) के अध्यक्ष अजय कुमार ने शुक्रवार को बताया कि उम्मीदवारों के त्वरित और सुरक्षित सत्यापन के वास्ते कृत्रिम मेधा (एआई) युक्त चेहरे की पहचान करने वाली प्रौद्योगिकी का परीक्षण करने के लिए एक प्रायोगिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक संचालित किया गया है। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस प्रभाग (एनईजीडी) के साथ साझेदारी से विकसित इस पहल का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता को मजबूत करना और परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों के प्रवेश को बेहतर बनाना है।

कुमार ने कहा कि यूपीएससी आगे चलकर सिविल सेवा परीक्षाओं सहित अपनी सभी परीक्षाओं में उम्मीदवारों के लिए चेहरे की पहचान करने वाली तकनीक का उपयोग करने की योजना बना रहा है। आयोग विभिन्न भर्ती परीक्षाएं आयोजित करता है। कुमार ने बताया कि वाई-फाई की उपलब्धता और चेहरे की पहचान में शामिल कर्मियों के लिए प्रशिक्षण जैसी रसद व्यवस्थाएं प्रमुख विचारणीय बिंदु हैं।

इस संबंध में आवश्यक मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) विकसित की जा रही हैं। 14 सितंबर को आयोजित एनडीए, एनए और सीडीएस परीक्षा के दौरान यह प्रायोगिक परीक्षण किया गया।

# चारधाम यात्रा के लिए हेली सेवा फिर से शुरू

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- सहस्त्रधारा से चारों धामों के लिए चार्टर सेवाएं मिलेंगी

**अमृत विचार :** चारधाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए राहत भरी खबर है। मानसूनी बारिश कम होने और मौसम साफ होने के बाद नागर विमानन महानिदेशालय ने हेलीकॉप्टर सेवाओं को फिर से शुरू करने की अनुमति दे दी है।

नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में तय किया गया कि चारधाम यात्रा को और सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए विशेष कदम उठाए जाएंगे। डीजीसीए ने 13 से 16 सितंबर तक सभी हेलीपैड, हेलीकॉप्टर और ऑपरेटरों की तैयारियों का आकलन किया। जांच के बाद संचालन को हरी झंडी दी गई। देहरादून (सहस्त्रधारा) से यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ तक चार्टर सेवाएं उपलब्ध होंगी। गुप्तकाशी, फाटा और सीतापुर क्लस्टर से केदारनाथ हेलीपैड तक शटल सेवाएं चलेंगी। कुल छह ऑपरेटर गुप्तकाशी, फाटा और सीतापुर से शटल संचालन करेंगे।

## उपहार का सम्मान



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अपने आधिकारिक आवास पर कदम्ब का एक पौधा रोपा, जो उनके 75वें जन्मदिन पर ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय की ओर से उपहार में मिला था जो मोदी की एक पेड़ मां के नाम पहल से प्रेरित है।

# डूसू चुनाव : एबीवीपी के आर्यन मान बने अध्यक्ष

नई दिल्ली, एजेंसी

- एबीवीपी तीन, एनएसयूआई को एक पद पर मिली जीत

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनाव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने अध्यक्ष सहित तीन पदों पर जीत हासिल की जबकि कांग्रेस समर्थित एनएसयूआई को केवल एक पद से ही संतोष करना पड़ा।

एबीवीपी के आर्यन मान ने एनएसयूआई की जोसलिन नंदिता चौधरी को 16,196 मतों के अंतर से हराकर अध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। एनएसयूआई के राहुल झांसला (29,339 मत) ने एबीवीपी के गोविंद तंवर (20,547 मत) को हराकर उपाध्यक्ष पद पर जीत हासिल की। एबीवीपी के कुणाल चौधरी ने 23,779 मत प्राप्त कर एनएसयूआई के कबीर को हराकर सचिव पद पर जीत हासिल की। एबीवीपी की दीपिका झा ने लवकुश भड़ाना को हराकर संयुक्त सचिव पद पर जीत हासिल की। एसएफआई और आइसा को खाली हाथ रहना पड़ा। छात्र संघ के नए अध्यक्ष मान ने कहा कि उन्हें अपनी जीत का 100 प्रतिशत भरोसा है।

# पतंजलि ने दी विज्ञापन के प्रसारण पर रोक को चुनौती

नई दिल्ली, एजेंसी

**डाबर च्यवनप्राश मामला**

- हाईकोर्ट ने चेताया, अपील बेकार लगी तो लगाएंगे जुर्माना

पतंजलि आयुर्वेद ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाकर उस आदेश को चुनौती दी जिसमें उसे डाबर च्यवनप्राश के खिलाफ अपमानजनक विज्ञापन प्रसारित करने से रोक दिया गया था।

शुरुआत में, न्यायमूर्ति सी हरिशंकर और ओम प्रकाश शुक्ला की पीठ ने मौखिक रूप से कहा कि यह सामान्य अपमान का मामला है और पतंजलि द्वारा दिए गए बयान प्रतिवादी डाबर के लिए एक स्पष्ट संदर्भ हैं। उच्च न्यायालय ने पतंजलि को चेतावनी दी कि यदि उसे यह बेकार अपील लगी तो वह उस पर जुर्माना लगाएगा। पीठ ने पतंजलि के वकील से कहा कि आपने कहा है कि 40 जड़ी-बूटियों से बने साधारण च्यवनप्राश से क्यों संतुष्ट हों?' इसलिए जब आपने 40 जड़ी-बूटियों शब्द का प्रयोग किया है, तो यह स्पष्ट रूप से प्रतिवादी (डाबर) की ओर इशारा करता है। कहा कि जिस क्षण आप 40 जड़ी-बूटियों वाले साधारण च्यवनप्राश की बात करते हैं, आप जनता के सामने यह प्रस्तुतीकरण कर रहे हैं कि प्रतिवादी का च्यवनप्राश साधारण है और मेरा (पतंजलि) उत्कृष्ट है, तो फिर उसके च्यवनप्राश से क्यों संतुष्ट हुआ जाए।

## मोदी से मिला सिख प्रतिनिधिमंडल

- जोड़े साहिब के रखरखाव की सिफारिश की

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी सहित एक सिख प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गुरु गोविंद सिंह और उनकी पत्नी की पादुकाओं जोड़े साहिब के सुरक्षित रखरखाव और उपयुक्त प्रदर्शनी के लिए सिफारिशें सौंपी। मोदी ने कहा कि ये पवित्र निशानियां आने वाली पीढ़ियों को सिखों के 10वें और अंतिम गुरु द्वारा दिखाए गए साहस, धर्म, न्याय और सामाजिक सद्भाव के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेंगी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर कहा कि 'जोड़े साहिब' जैसे अहम पवित्र निशानियां, गौरवशाली सिख इतिहास का उतना ही हिस्सा हैं जितना कि वे राष्ट्र के सांस्कृतिक लोकाचार की हैं।

**उपलब्धि** — रूस ने पंत कृषि विश्वविद्यालय से दुर्लभ प्रजाति के व्हाइट टाइगर का क्लोन तैयार करने में मांगी मदद

# अब प्रयोगशाला के भीतर भी जन्म लेगा सफेद बाघ

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार :** जंगल का राजा सफेद बाघ अब प्रयोगशाला की दीवारों के भीतर भी जन्म ले सकता है। रूस ने पं. गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंत नगर से इस दुर्लभ प्रजाति के क्लोन तैयार करने में तकनीकी मदद मांगी है। वहीं, पंत विवि ने भी इसे सिर्फ वैज्ञानिक चुनौती नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि मानते हुए सहयोग देने पर हामी भर दी है।

जीबी पंत विवि के कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने शुक्रवार को बताया कि रूस की सेंट पीटर्सबर्ग यूनिवर्सिटी ऑफ वेटनरी साइंस से इस संबंध में गहन बातचीत चल रही है। इसी वर्ष फरवरी में विवि आ चुके वैज्ञानिकों और छात्रों के दल से व्हाइट टाइगर क्लोनिंग पर गंभीर विमर्श के साथ तकनीकी सहयोग पर सहमति बनी थी।



उन्होंने बताया कि रूस की सेंट पीटर्सबर्ग यूनिवर्सिटी ऑफ वेटनरी साइंस सफेद बाघ का क्लोन तैयार करने के लिए सोमैटिक सेल न्यूक्लियर ट्रांसफर तकनीक का उपयोग करेगी। इस प्रक्रिया में किसी कोशिका का नाभिक निकालकर उसे अंडाणु में प्रविष्ट कराया जाता है। विद्युत तरंगों की मदद से भ्रूण विकसित कर उसे जीवन देने का प्रयास किया जाता है। यह विज्ञान और प्रकृति का सबसे अद्भुत संगम है, लेकिन उतना ही जटिल और संवेदनशील भी है। जीबी पंत विवि के विशेषज्ञों का कहना है कि यह परियोजना केवल विज्ञान की उपलब्धि भर नहीं होगी, इससे पर्यटन, वाणिज्य और जैव-विविधता संरक्षण को भी नया आयाम मिलेगा। सफेद बाघ की कीमत वैश्विक स्तर पर चार से पांच करोड़ रुपये आंकी जाती है। रूस इसी आर्थिक और पर्यटन संभावनाओं को देखते हुए इस क्लोनिंग मिशन को आगे बढ़ा रहा है।

### मप्र के रीवा में मिला था पहला व्हाइट टाइगर



कुलपति डॉ. चौहान ने बताया कि भारत में सफेद बाघ का इतिहास वर्ष 1951 से जुड़ा है। जब रीवा (मध्य प्रदेश) के महाराजा मार्तंड सिंह ने गोविंदगढ़ के पास से पहला व्हाइट टाइगर पकड़ा और उसका नाम मोहन रखा, तभी से रीवा को सफेद शेरों की नगरी कहा जाने लगा। आज भी रीवा की व्हाइट टाइगर सफारी दुनिया भर के पर्यटकों का मन मोह लेती है।

### भारत की पहली क्लोन गिर गाय पहले हो चुकी है तैयार

कुलपति के अनुसार, भारत की पहली क्लोन गिर गाय तैयार हो चुकी है। 16 मार्च 2023 को जन्मी इस बछिया का नाम गंगा रखा गया। वर्तमान में उत्तराखंड की पहचान कही जाने वाली बद्री गाय को बचाने के लिए भी क्लोनिंग परियोजना प्रगति पर है। इन्हीं सफलताओं ने पंत विवि की विशेषज्ञता को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर और भी ऊंचा किया। साथ ही, रूस के वैज्ञानिकों को यहां सहयोग लेने को प्रेरित किया।

स्टेट ब्रीफ

## परीक्षा समन्वयक के निलंबन आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

**नैनीताल :** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने पंतनगर विवि में बीटेक कंपार्टमेंट पेपर लीक मामले में शुक्रवार को अहम निर्णय जारी करते हुए परीक्षा समन्वयक डॉ. एसके गोयल के निलंबन पर रोक लगा दी। डॉ. गोयल ने अपने निलंबन आदेश को चुनौती देते कहा कि उनको निलंबित करने के साथ कृषि विज्ञान केंद्र जाखधार (रुद्रप्रयाग) से संबद्ध कर दिया है। उन्हें सुनवाई का मौका नहीं दिया गया। विवि की ओर से कहा गया कि उन्हें प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के आधार पर हटाया गया है। अदालत ने कहा कि जांच रिपोर्ट में समन्वयक के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई की संस्तुति नहीं की गयी है। अदालत ने निलंबन आदेश पर रोक लगा दी है।

## देहरादून में 27 पहुंची मृतकों की संख्या

**देहरादून :** राजधानी देहरादून में बादल फटने, अतिवृष्टि और भूस्खलन से नौ इलाकों में बीती 15 सितंबर की आधी रात से 16 सितंबर की सुबह तक आयी भीषण आपदा में मरने वालों की संख्या 27 पहुंच गई है। अधिकारियों के अनुसार, इनमें 24 ज्ञात जबकि 3 अज्ञात लोगों के शव बरामद हो चुके हैं। 10 लोग लापता है जबकि 4 लोग घायल हैं। अभी तक करीब 900 लोग रेस्क्यू किए जा चुके हैं। वहीं, उत्तरकाशी में शुक्रवार को सर्च के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। अधिकारियों के अनुसार, शव की शिनाख्त के लिए उसका डीएनए नमूना भेजा जा रहा है।

## योग नीति लागू करने वाला पहला राज्य बना उत्तराखंड

**ऋषिकेश :** आध्यात्म, योग और ध्यान की धरती उत्तराखंड ने देश के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। उत्तराखंड ने भारत की पहली योग नीति लागू कर दी है। यह कदम केवल राज्य के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे भारत को विश्व पटल पर योग और वेलनेस की वैश्विक राजधानी के रूप में स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती ने मुख्यमंत्री धामी को बधाई देते हुए कहा कि आज पूरी दुनिया शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन की तलाश में है। कोरोना महामारी के बाद योग और ध्यान का महत्व और बढ़ गया है। ऐसे समय में उत्तराखंड की यह पहल भारत की सॉफ्ट पावर को और मजबूत करेगी।

# जनता की सुख व सुविधा सरकार की प्राथमिकता

### सीएम ने की दिशा समिति की पहली बैठक में योजनाओं की समीक्षा

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि, योजनाओं की सफलता के लिए शासन के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय जनता की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। अधिकारी जनप्रतिनिधियों से नियमित संवाद कर योजनाओं की प्रगति साझा करें और लोगों को इनसे अधिकाधिक लाभान्वित करें। सरकार की पहली प्राथमिकता जनता की सुख-सुविधा है और इस लक्ष्य को पाने के लिए सभी विभागों को पूरी जिम्मेदारी और प्रतिबद्धता से कार्य करना होगा।

मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को सचिवालय में राज्यस्तरीय दिशा समिति की पहली बैठक में राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में कृषि, ग्रामीण विकास, शहरी विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, पर्यावरण एवं खेल से जुड़ी योजनाओं की कार्यवाही पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने

निर्देश दिए कि योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं ताकि अधिकाधिक लोग शीघ्र इसका लाभ प्राप्त कर सकें। योजनाओं के संचालन में पारदर्शिता, जवाबदेही और विभागों के बीच आपसी समन्वय अत्यंत आवश्यक है। राज्य को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए लगातार ठोस और सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं और इसमें किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी।

सीएम ने कहा कि तकनीकी युग में योजनाओं की निगरानी और सफल संचालन हेतु आधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकी का अधिकतम उपयोग करें। सूचनाओं की त्वरित उपलब्धता और जवाबदेही सुनिश्चित करने से योजना क्रियान्वयन की गति में उल्लेखनीय सुधार होगा। किसानों, गरीबों, महिलाओं व युवाओं तक योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचाने के लिए सभी विभागों द्वारा समन्वित प्रयास करना आवश्यक है।

### हर नागरिक के जीवन स्तर में सार्थक सुधार हो

कृषि और ऊर्जा क्षेत्र पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत सौर ऊर्जा आधारित पंपों की स्थापना की गति तेज करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार सृजन जैसे क्षेत्रों की प्रगति की भी गहनता से समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि युवाओं और महिलाओं के लिए कौशल विकास, स्वरोजगार और उद्यमिता योजनाओं को और प्रभावी रूप से लागू किया जाए, ताकि राज्य के हर नागरिक के जीवन स्तर में सार्थक सुधार हो सके।

## 127 करोड़ की दी वित्तीय स्वीकृति

**देहरादूनः** मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास योजनाओं में 127 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। प्रदेश के 12 नगर निकायों में देवभूमि रजत जयंती पार्कों के निर्माण के लिए 13 करोड़ की धनराशि का अनुमोदन प्रदान किया गया है। धराली में आयी आपदा में मलबे में दबे मृत शरीर के डीएनए नमूनों के परीक्षण व प्रोफाइल के मिलान एवं मृतकों की पहचान करने के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला देहरादून के लिए विभिन्न उपकरणों/रसायनों/कंज्यूमेबल्स की आवश्यकता हेतु 93 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। अतिवृष्टि, भूस्खलन, जलभराव एवं बाढ़ से राहत एवं बचाव इत्यादि कार्यों हेतु राज्य आपदा मोचन निधि के अन्तर्गत ऊधमसिंह नगर को 10 करोड़ एवं पौड़ी को 3 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन दिया है। सीएम ने केएफडब्ल्यू द्वारा वित्त पोषित एनवायरमेंटली फ्रैंडली अर्बन डेवलपमेंट प्रोग्राम इन गंगा बेसिन स्टेटस कार्यक्रम के अन्तर्गत हरिद्वार व ऋषिकेश नगर में सीवर नेटवर्क को सुदृढ़ करने हेतु केएफडब्ल्यू परियोजनान्तर्गत 100 करोड़ की धनराशि अवमुक्त करने को अनुमोदन प्रदान किया है।

# हाईकोर्ट में पेश होगी 3300 शिक्षकों की वरिष्ठता सूची

- शिक्षा मंत्री ने समीक्षा बैठक में कहा कि लम्बित पदोन्नति के प्रकरण पर होगी शीघ्र कार्रवाई

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** विद्यालयी शिक्षा विभाग के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षकों की वरिष्ठता प्रकरण को लेकर हाईकोर्ट के दिशा-निर्देशों के क्रम में वरिष्ठता सूची तीन दिन के भीतर न्यायालय को सौंप दी जाएगी।

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने हाईकोर्ट में चल रहे शिक्षकों की वरिष्ठता, पदोन्नति एवं स्थानांतरण प्रकरण को लेकर शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक ली। इसमें निर्णय लिया गया कि हाईकोर्ट के दिशा-निर्देशों के क्रम माध्यमिक शिक्षा के करीब 3300 शिक्षकों की वरिष्ठता सूची अगली सुनवाई से पूर्व कोर्ट में पेश कर दी जाएगी। इसके अलावा विभाग में अधिकारियों की शीघ्र डीपीसी कराकर रिक्त पदों के सापेक्ष पदोन्नति करने और विभागीय अधिकारियों को धारा-27 के तहत विभिन्न श्रेणियों के शिक्षकों के स्थानांतरण हेतु एक सप्ताह के भीतर प्रस्ताव मांगने के भी निर्देश दिए, जिसके तहत स्वयं गंभीर रोग से ग्रसित शिक्षक एवं कार्मिक, उनके माता-पिता, विधवा, विधुर, तलाकशुदा, परित्यागता, सैनिक एवं अर्द्धसैनिक बलों में तैनात शिक्षकों के पति एवं पत्नी व बच्चे शामिल हैं।



शासकीय आवास पर समीक्षा बैठक करते विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत।

### प्राचार्यों के रिक्त पदों का अतिरिक्त प्रभार

बैठक में डायट एवं आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निकटतम विकासखंड/जनपद के अधिकारियों को प्राचार्यों के रिक्त पदों का अतिरिक्त प्रभार देने को कहा गया। विभागीय मंत्री ने आपदा से क्षतिग्रस्त विद्यालयों के मरम्मत एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा में अधिकारियों को आपदा मोचन निधि के तहत स्वीकृत धनराशि का नियत समय पर उपयोग करने के निर्देश दिए। साथ ही, आपदा संबंधित कार्यों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगने को भी कहा।

# 12 किमी पैदल चल डीएम पहुंचे आपदाग्रस्त गांव में

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** देहरादून में जिला अधिकारी (डीएम) सविन बंसल राज्य सरकार के प्रथम रिस्पांडर के रूप में शुक्रवार को जनपद के सबसे दुर्गम आपदाग्रस्त क्षेत्र फुलेत पहुंचे। वह पहले डीएम हैं, जो इस क्षेत्र में मुख्य सड़क से पैदल लगभग बारह किमी चलकर पहुंचे। इतना ही नहीं, इस इलाके में देश आजाद होने के बाद, पहली बार पहुंचने वाले कलक्टर यानी डीएम भी बन गए।

उन्होंने शुक्रवार को आपदाग्रस्त फुलेत, छमरोली, सिमयारी, सिल्ला, क्यारी, सिरोना, गांव की पगडंडी, खेत घूमते हुए पीड़ितों की तकलीफ को समझने का प्रयास किया। साथ ही, हरसंभव सहायता का विश्वास दिलाया। डीएम ने यहां ग्रामीणों के आग्रह पर उनके संग भोजन भी किया। लगभग ढाई घंटे का पैदल सफर कर प्रभावित गांवों में पहुंचकर, उन्होंने भूमि कटाव, फसल क्षति, भवन क्षति, पशु हानि का आकलन कर मुआवजे के लिए तहसीलदार, ब्लॉक प्रभारी, कृषि, एडीओ, उद्यान, जेई, लोनिवि, और सिंचाई विभाग के अभियंता को क्षति का आंकलन कर अंतिम व्यक्ति को मुआवजा वितरण तक मौके पर ही रहने के निर्देश दिए। उन्होंने लोनिवि अधिकारियों को भवनों को हुई क्षति की टेक्निकल रिपोर्ट तुरंत प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए। डीएम ने ग्राम फुलेत में दैवीय आपदा में मलबे से बंद हुए खाले एवं पैदल रास्ते खोलने के लिए पीएमजीएसवाई के तहत मौके पर ही धन की स्वीकृति देते हुए तुरंत कार्य चालू करने के निर्देश दिए।

# आपदा: पांच शव और मिले, मौतों की संख्या सात हुई

- चमोली के नंदानगर में आपदाग्रस्त इलाकों में तेजी से चलाया जा रहा राहत व बचाव अभियान

संवाददाता, चमोली

**अमृत विचारः** चमोली जिले के नंदानगर क्षेत्र में आपदा से तबाह गांवों में राहत एवं बचाव दलों ने ढहे मकानों के मलबे से शुक्रवार को पांच लोगों के शव बरामद किए, जिससे मृतकों की संख्या बढ़कर सात हो गई है।

गुरुवार को बादल फटने से अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन से कई मकान ध्वस्त हो गए थे। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार, चार शव कुंतरी लगाफाली गांव से जबकि एक शव कुंतरी लगा सरपाणी गांव से बरामद हुआ। दो शव गुरुवार को बरामद हुए थे। डीएम चमोली संदीप तिवारी तलाश, राहत एवं बचाव अभियान की देखरेख करने के लिए मौके पर मौजूद हैं।

कुंतरी लगा फाली गांव निवासी कुंवर सिंह (42) को गुरुवार शाम विक्टिम लोकेटिंग कैमरे की मदद से मलबे से जिंदा निकाल लिया गया था। शुक्रवार को मलबे से उनकी पत्नी कांता देवी (38) और उनके दो बेटों विकास और विशाल का शव बरामद किया गया। इसी गांव से बरामद एक अन्य शव देवेश्वरी देवी का है। कुंतरी लगा सरपाणी से शुक्रवार को बरामद एक अन्य शव की पहचान भागा देवी (65) के रूप में हुई। उनके पति जगदंबा प्रसाद (70) का शव गुरुवार को बरामद किया गया था। अभी धुर्मा गांव में लापता गुमान सिंह (75) और ममता सिंह (38) की तलाश जारी है।

### मौत को मात, 16 घंटे बाद निकले जिंदा

**चमोली :** चमोली जिले में बादल फटने के बाद आई तबाही ने नंदानगर के कुन्तरी लगा फाली गांव के घरों को जमींदोज कर दिया। कोई 40 घर मलबे में दब गए थे, जिसमें कई लोगों ने अपनी जान गवा दी लेकिन साथ ही एक चमत्कार भी हुआ। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय लोगों ने असंभव को संभव कर दिखाया। मलवे में दबे दो लोगों को 16 घंटे बाद जिंदा बाहर निकाल लिया गया। एक रात पहले शांत दिखने वाला फाली गांव अब मलबे के ढेर में तब्दील हो गया है। गत 17-18 सितंबर की देर रात को बादल फटने से भारी मलबा और पानी बहकर आया जिससे कई घर पूरी तरह जमींदोज हो गए। अचानक आए इस सैलाब में कई लोग मलबे में दब गए। इन लोगों को बचाने के लिए जिला प्रशासन ने एसडीआरएफ और एनडीआरएफ को रेस्क्यू के लिए लगाया। करीब 16 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद, एनडीआरएफ की 105वीं बटालियन, एसडीआरएफ, स्थानीय पुलिस और ग्रामीणों ने दो लोगों को, जिसमे एक महिला और एक पुरुष शामिल है, मलबे से जिंदा बाहर निकाल लिया। दोनों का श्रीनगर अस्पताल में उपचार जारी है।




# नारद मोह व रावण जन्म का मंचन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** रामलीला का मंचन शुक्रवार को नारद मोह और रावण जन्म की लीला के साथ शुरू हुआ। पहले दिन की लीला का वर्णन करते हुए व्यास पुष्कर दत्त शास्त्री ने बताया कि महाराजा शीलनिधि की पुत्री राजकुमारी विश्वमोहिनी के स्वयंवर में नारद मुनि का आगमन हुआ। विश्वमोहिनी के अप्रतिम सौंदर्य को देखकर नारद जी अपना वैराग्य भूल गए और उनके मन में राजकुमारी को पाने की इच्छा जाग उठी। बताया कि नारद मुनि ने राजकुमारी के लक्षण देखकर सोचा कि जो भी उन्हें वरेगा, वह अमर हो जाएगा और तीनों लोकों में उसकी विजय होगी। इस लालच में आकर नारद जी भगवान विष्णु से उनका रूप मांगने गए। भगवान ने नारद जी के अहंकार को देखकर उन्हें हरि यानी बंदर का रूप दे दिया। स्वयंवर में जब नारद जी को अपनी असलियत का पता चला, तो उन्होंने क्रोधित होकर भगवान विष्णु को श्राप दिया कि उन्हें भी त्रेता युग में स्त्री वियोग सहना पड़ेगा। रामलीला के प्रथम दिन व्यास पूजन बसंत अग्रवाल और हितेश पांडे ने किया। प्रेम गुप्ता, अमित जोशी, भोलेनाथ केसरवानी व मंजू वार्ष्णेय मौजूद रहे।



रामलीला का मंचन करते कलाकार।

# तोसीनोशूके ने विश्वाक को हराकर जीता मेडल

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचारः** आप्टिमम एशियन टेनिस फेडरेशन कप प्रतियोगिता का समापन हो गया। तोसीनोशूके ओनामी (जापान) ने विश्वाक रेड्डी गुमांपल्ली (भारत) को हराकर मेडल जीता। मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक सीआरपीएफ शंकर दत्त पांडेय, पुलिस उप महानिरीक्षक सीआरपीएफ ब्रिज मोहन सिंह बिष्ट ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

सिंगल इवेंट मैच के तीसरे चक्र में तोसीनोशूके ओनामी ने विश्वाक रेड्डी गुमांपल्ली को 1-4,5-3,4-2, जिया ठक्कर ने जैनीसा बियानी को 4-1,1-4, 4-1, विराज वशिष्ठ ने विभोर श्रीवास्तव को 2-4,4-2,4-1, डब्लस इवेंट मैच के सेमीफाइनल में सिद्धी पांडेय व परिनिथा कुट्टी वत्तपरम्बिल ने जैनीसा बियानी व सौर्या पाटिल की जोड़ी को 6-1,6-3, से पराजित किया। डब्लस इवेंट मैच के सेमीफाइनल में देवांश कंबोज व गुरसान चहल की जोड़ी ने शाहबाज सिंह संघेरा व आदेशवीर सिंह घूमन की जोड़ी को 6-4,6-3, सेमीफाइनल में देवांश कंबोज व गुरसान चहल की जोड़ी ने शाहबाज सिंह संघेरा व आदेशवीर सिंह घूमन की जोड़ी को 6-4,6-3 से हराया।

# राज्य सरकार करे स्थिति स्पष्ट

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने सांसदों और विधायकों के खिलाफ आपराधिक और भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों की जल्द सुनवाई के लिये फास्ट ट्रैक कोर्ट (एफटीसी) के गठन के मामले को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को राज्य सरकार से स्थिति स्पष्ट करने को कहा है। अदालत ने सरकार को अवमानना की चेतावनी भी दी है। इस मामले में आगामी 26 सितंबर को सुनवाई होगी।

याचिकाकर्ता द्वारा कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट ने अश्विनी कुमार उपाध्याय बनाम केन्द्र सरकार मामले में वर्ष 2023 में सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिए थे कि सांसदों और विधायकों से जुड़े मामलों की सुनवाई के लिए विशेष अदालतों का गठन किया जाए। उच्चतम न्यायालय की गाइड लाइंस के अनुसार बिहार, उप्र, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तेलगांना, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल राज्यों में विशेष अदालतों की स्थापना की गयी है। इन अदालतों के फलस्वरूप विधायकों और सांसदों के खिलाफ दर्ज मामलों की त्वरित सुनवाई हो रही है। उत्तराखंड में सांसदों और विधायकों के खिलाफ 26 मामले दर्ज हैं। अभी तक प्रदेश में विशेष न्यायालयों का गठन नहीं किया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से मांग की गयी कि प्रदेश में जल्द से विशेष न्यायालयों का गठन किया जाए। खंडपीठ ने इसे गंभीरता से लेते हुए सरकार को अवमानना की चेतावनी दे डाली। मुख्य स्थायी अधिवक्ता (सीएससी) चंद्रशेखर रावत ने खंडपीठ से इस मामले में वस्तुस्थिति जानने के लिये समय की मांग की जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया और एक सप्ताह का समय प्रदान किया। इस मामले में अब 26 सितंबर को सुनवाई होगी।



# हाईकोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाबी हलफनामा

- भारत सरकार के गजट में जौनसारी नाम गलत प्रकाशित होने संबंधी याचिका पर सुनवाई

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट ने भारत सरकार के गजट नोटिफिकेशन में अंग्रेजी वर्तनी में जनजातीय क्षेत्र जौनसारी का नाम गलत प्रकाशित होने के मामले में शुक्रवार को सुनवाई करते हुए केन्द्र सरकार से छह सप्ताह में जवाबी हलफनामा पेश करने को कहा है।

मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने मधु चौहान की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के बाद ये निर्देश जारी किए। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि उत्तराखंड का जनजातीय क्षेत्र जौनसार है।

यहां जौनसारी समुदाय के लोग रहते हैं। जनजातीय लोगों को भारत सरकार की ओर से अनेक योजनाओं का लाभ दिया जाता है। उत्तराखंड बनने के बाद भारत सरकार के गजट नोटिफिकेशन की अंग्रेजी वर्तनी में 'जौनसारी' का नाम 'जानसारी' प्रकाशित हो गया है।

इसके चलते जौनसारी समुदाय के लोगों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ लंबे समय से नहीं मिल पा रहा है। केन्द्र सरकार को शिकायत भेजी गयी लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत से मांग की गयी कि इसमें संशोधन के लिए आवश्यक कदम उठाये जाने के संदर्भ में निर्देश दिए जाएं। खंडपीठ ने केन्द्र सरकार को आवश्यक कदम उठाने के लिए छह हफ्ते में जवाबी हलफनामा दायर करने के निर्देश दिए हैं।

उपलब्धि — आपदा के समय में सीएम धामी बने संकटमोचक, प्रधानमंत्री मोदी का भी मिला भरपूर साथ

# उत्तराखंड का आपदा प्रबंधन मॉडल बना मिसाल

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचारः** गत चार महीनों में उत्तराखंड ने प्रकृति के विकराल रूप का सामना किया है। धराली में तबाही से लेकर थराली, पौड़ी, टिहरी, पिथौरागढ़, हरिद्वार, देहरादून, चमोली तक हुई विनाशकारी बारिश और भूस्खलन की घटनाओं ने राज्य को झकझोर कर रख दिया है। कई बार लोगों के जहन में 2013 जैसी भयानक त्रासदी की यादें तक ताजा हो गईं, पर इस बार एक फर्क साफ दिखा-'तैयारी, शीघ्र प्रतिक्रिया और नेतृत्व की मौजूदगी'। इसी वजह से जान-माल का नुकसान अपेक्षाकृत कम हुआ। यह सब मिलकर उस धामी मॉडल को परिभाषित करते हैं जिसे आज प्रदेश और देश के कुछ हिस्सों में उदाहरण के रूप में देखा जा रहा है।

धराली में अचानक आई तबाही ने गांव, होटल और बुनियादी ढांचे को भारी क्षति पहुंचाई। शुरुआती सूचनाएं चिंताजनक रहीं, लेकिन आपदा के कुछ ही समय के भीतर ही सीएम धामी के नेतृत्व में एक्टिव हुई राज्य व केंद्र की एजेंसियां-एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, सेना और स्थानीय प्रशासन सक्रिय मोड में आ गईं। हेलिकॉप्टर से आपूर्ति, रेस्क्यू दलों की तैनाती और तत्काल राहत शिविर स्थापित किए गए, जिससे कई परिवारों तक समय पर मदद पहुंची। इन समन्वयकारी प्रयासों ने राहत कार्यों में गति और पारदर्शिता दोनों जोड़े।

**केंद्र ने भी समन्वय में कदम उठाएः** स्थिति के आकलन के बाद केंद्र सरकार ने भी प्रदेश के साथ समन्वय में कदम उठाए। प्रधानमंत्री ने बिजली, सड़कों व पुनर्वास के लिए 1,200 करोड़ रुपये के तात्कालिक राहत पैकेज की घोषणा की। इस पैकेज ने न केवल वित्तीय मदद दी बल्कि प्रदेश के पुनर्निर्माण कार्यों को गति भी प्रदान की।

### ग्राउंड-प्रेजेंस और सक्रिय मॉनिटरिंग विशेषता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व की सबसे प्रमुख विशेषता उनका ग्राउंड-प्रेजेंस और सक्रिय मॉनिटरिंग रहा। हर आपदा के तुरंत बाद सीएम धामी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे, राहत कार्यों की निगरानी की और प्रभावितों से सीधे संवाद बनाये रखा। गुरुवार को भी सीएम धामी ने देहरादून में स्थलीय निरीक्षण किया। इस सक्रिय नेतृत्व ने राहत कार्यों में जनता के विश्वास और प्रशासन की गति को मज़बूती दी है। राज्य सरकार ने प्रभावित परिवारों के लिए तत्काल आर्थिक सहायता के रूप में कई जगहों पर पांच लाख रुपये तक के पैकेज की घोषणा की और चेक वितरण की प्रक्रिया तेज़ की, जिससे प्रभावित परिवारों को आवास, प्राथमिक जरूरतें और पुनर्वास की शुरुआती लागत का सामना करने में मदद मिली।

### शाह ने की धामी से वार्ता

**देहरादून :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड में हाल ही में हुई आपदा की स्थिति एवं राहत-बचाव कार्यों की प्रगति के संबंध में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से दूरभाष पर वार्ता की। गृह मंत्री ने प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की जानकारी ली और राज्य सरकार को हरसंभव सहयोग एवं आवश्यक सहायता का आश्वासन दिया। कहा कि आपदा की इस घड़ी में केंद्र सरकार राज्य के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है और प्रभावित जनता को शीघ्र राहत पहुंचाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। सीएम ने गृह मंत्री का आभार जताते अवगत कराया कि राज्य प्रशासन आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में पूरी तत्परता से जुटा है। प्रधानमंत्री व गृह मंत्री के मार्गदर्शन व सहयोग से प्रदेश इस कठिन परिस्थिति से शीघ्र उबर सकेगा।



नगर निगम की ओर से आयोजित शिविर के दौरान अपनी समस्याएं बताते लोग।

## नगर निगम के वार्डों में आधार कार्ड, राशन कार्ड व बिजली की समस्याएं निस्तारित

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नगर निगम क्षेत्र के वार्डों में आयोजित किए जा रहे जन सुविधा शिविरों की श्रृंखला में शुक्रवार को वार्ड संख्या 11 व 12 में शिविरों का आयोजन हुआ। इस दौरान राशन कार्ड, आधार सेवा, विवाह पंजीकरण, बिजली-पानी और नगर निगम से संबंधित समस्याओं के समाधान किए गए। शिविर में 46 आधार कार्ड बनाए व संशोधित किए गए। पूर्ति विभाग से संबंधित 24 आवेदन (नए राशन कार्ड, नाम जोड़ने/हटाने) प्राप्त हुए। यूसीसी के 17 आवेदन और विद्युत विभाग की 2 शिकायतें दर्ज की गईं। इस दौरान कई समस्याओं का निस्तारण मौके पर ही किया गया। नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, वार्ड 11 के पार्षद रवि जोशी व वार्ड 12 की पार्षद प्रीति आर्या सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। आज (शनिवार) का शिविर वार्ड 9 में पालकी बैंक्वट हॉल और वार्ड 10 में गुरु तेग बहादुर गली, तिकोनिया में आयोजित किया जाएगा।

## सिटी ब्रीफ

### नैनीताल में बॉक्सिंग प्रतियोगिता 13 से

**नैनीताल :** नैनीताल में 13 से 17 अक्तूबर तक महिलाओं बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन होगा। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया ने उत्तराखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के आवेदन को मंजूरी दे दी है। प्रतियोगिता में देश के आठ राज्यों की टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, रेलवे बोर्ड और ऑल इंडिया पुलिस शामिल हैं। बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव प्रमोद कुमार ने अनुमति पत्र जारी कर प्रतियोगिता आयोजित करने की सहमति दे दी है। नैनीताल जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन मल्लीताल के फ्लैट्स मैदान में प्रतियोगिता आयोजित होगी।

### उपनल कर्मियों ने की नियमितीकरण की मांग

**हल्द्वानी :** उपनल कर्मियों ने सीएम धामी से हल्द्वानी में भेंट कर नियमितीकरण की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने कहा कि नियमितीकरण नहीं होने से कर्मचारियों का भविष्य संकट में है। चंदू कफल्टिया ने बताया कि उपनल के माध्यम से राज्य के विभिन्न विभागों में कर्मचारी सेवा दे रहे हैं। स्वयं सीएम ने 23 मार्च 2025 को घोषणा की थी कि उपनल कर्मचारियों कों को नियमित करने के लिए ठोस नीति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि छह माह का समय हो गया है लेकिन नीति को लेकर कोई भी अधिसूचना जारी नहीं हुई है। कर्मचारी लंबे समय से ईमानदारी से बहुत ही कम वेतन में काम कर रहे हैं।

# पुनर्निर्माण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : धामी

## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने आपदा से हुए नुकसान की मंडल स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



सर्किट हाउस में उच्चस्तरीय बैठक करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, साथ में मौजूद विधायक एवं वरिष्ठ अधिकारी।

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को काठगोदाम स्थित सर्किट हाउस में आपदा से हुए नुकसान, बिजली एवं पेयजल और मोटर मार्गों की समीक्षा बैठक की। आपदा राहत एवं पुनर्निर्माण में तेजी लाने और प्रत्येक सरकारी विभाग की जिम्मेदारी तय करने के निर्देश दिए। चेतावनी दी कि आपदा राहत कार्यों में लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सीएम धामी ने कहा कि सरकार आपदा प्रभावितों के साथ खड़ी है। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता को त्वरित राहत उपलब्ध कराना और समयबद्ध ढंग से पुनर्निर्माण कार्य पूरे करना प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर आयुक्त दीपक रावत ने बताया कि आपदा से कुमाऊं मंडल में भारी नुकसान हुआ है। नैनीताल की लोअर माल रोड धंस गई है। बागेश्वर में पुलों की क्षति, रानीबाग पावर हाउस की समस्या, ओखलकांडा और धारी ब्लॉक मार्गों के अवरोध तथा राष्ट्रीय राजमार्गों पर भूस्खलन जैसी गंभीर चुनौतियां सामने हैं। नैनीताल डीएम वंदना ने कहा कि आपदा से विभिन्न विभागों को 435 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। आपदा से नुकसान की इस रिपोर्ट को केंद्र की आपदा विश्लेषण टीम को भी सौंपा गया है।

सीएम ने कहा कि इस वर्ष असामान्य वर्षा और भूस्खलन से राज्य के लगभग सभी जनपद प्रभावित हैं। आपदा का असर दो से तीन गुना अधिक देखने को मिला है। केंद्र सरकार से प्राप्त सहयोग और राज्य के संसाधनों का उपयोग कर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में तेजी से पुनर्निर्माण किया जाए। स्पष्ट कहा कि हर विभाग और अधिकारी अपनी जिम्मेदारी तय करें और समयबद्ध ढंग से कार्य पूरा करें। सबकी जिम्मेदारी तय होगी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही, एक माह के भीतर सड़कों का पैचवर्क, जल निकायों के मार्गों को संरक्षण और अतिक्रमण हटाने पर बल दिया। पुनर्निर्माण के प्रयासों में प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की साझा भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। सीएम ने सिंचाई विभाग के मुख्य अभियंता को जलाशयों में डिसिल्टिंग की ठोस योजना बनाने और न्यायालय में कार्ययोजना पेश करने के भी निर्देश दिए। एसटीएच के उपनल कर्मियों को लंबित वेतन की समस्या के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक बंशीधर भगत, राम सिंह कैड़ा, डॉ. मोहन सिंह बिष्ट, दीवान सिंह बिष्ट, जिपं अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मंडी बोर्ड के चेयरमैन डॉ. अनिल कपूर डब्बू, दर्जा मंत्री शंकर कोरंगा, सीडीओ अनामिका, एसएसपी पीएन मीणा, सिंचाई मुख्य अभियंता संजय शुक्ला, एडीएम विवेक राय, डीडीए सचिव विजयनाथ शुक्ल, एसडीएम राहुल शाह, रेखा कोहली, प्रमोद कुमार, तहसीलदार कुलदीप पांडे व मनीषा बिष्ट मौजूद थीं।

### आपदा ड्यूटी में लापरवाही करने वालों को चिह्नित करेंगे आयुक्त रावत

**हल्द्वानी :** सीएम धामी ने भवाली बाईपास, बलिया नाला ट्रीटमेंट की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कोसी, गौला, नंधौर नदियों से लगातार भूकटाव चिंता का विषय है, सिंचाई विभाग को इसके लिए ड्रेजिंग की योजना बनाने को कहा है ताकि भूकटाव की रोकथाम हो सके। केंद्र से आपदा मद में बड़ी धनराशि मिली है, इससे कुमाऊं मंडल व जनपद नैनीताल में पुनर्निर्माण हो इसलिए जल्द से जल्द नुकसान की रिपोर्ट सौंपने को कहा है। सीएम ने कहा कि आयुक्त रावत को निर्देश दिए हैं कि मानसून सीजन में आपदा के दौरान ड्यूटी में लापरवाही करने वालों को चिह्नित कर कार्यवाही की जाए। सभी को मानसून सीजन तक अलर्ट मोड में रहना है। सीएम ने बताया कि गौलापार में स्पोर्ट्स कॉलेज की जमीन हस्तांतरण में कुछ औपचारिकताएं रही हैं, फिर जल्द ही इसका काम किया जाएगा। इसी तरह आईएसबीटी को लेकर भी जल्द कदम उठाए जाएंगे।



सीएम का विरोध कर रहे कांग्रेसियों को पकड़ कर ले जाती पुलिस। ● अमृत विचार

# सीएम का विरोध करने पहुंचे कांग्रेसी गिरफ्तार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हल्द्वानी आगमन पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव मीमांशा आर्या और प्रदेश उपाध्यक्ष हेमन्त साहू के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन में कांग्रेसियों की पुलिस से तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें काठगोदाम थाने के पास से गिरफ्तार कर लिया।

युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आरोप है कि नन्हीं परी हत्याकांड में सरकार ने बेहद कमजोर पैरवी की, जिससे दोषी बच निकले। इसके अलावा उन्होंने दिव्यांग जनों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज, शहर में लाल निशान लगाने, नशे के बढ़ते कारोबार, महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर सरकार पर हमला बोला।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने की कोशिश कर रहे थे। गिरफ्तार होने वालों में गीता बहुगुणा, रितिक आर्या, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विवेक मिश्रा, नितिन आर्या आदि मौजूद रहे।


स्टेडियम में एशियन कैडेट कप फेंसिंग के शुभारंभ के दौरान स्वागत गीत गातीं कलाकार।

# विदेशी खिलाड़ियों ने भारत की मेजबानी को खूब सराहा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** एशियन फेंसिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेने पहुंचे विदेशी खिलाड़ियों ने भारत और उत्तराखंड की मेजबानी की जमकर तारीफ की। कहा कि यह प्रतियोगिता उनके लिए बेहद खास है क्योंकि पहली बार भारत में एशियन फेंसिंग में शामिल होने का मौका मिला।

भारत के अलग-अलग हिस्सों से आए खिलाड़ियों के साथ-साथ मंगोलिया और ब्रुनेई दारुस्सलाम जैसे देशों से पहुंचे फेंसर्स ने हल्द्वानी की प्राकृतिक सुंदरता और खेल भावना की सराहना की। कहा कि पहाड़ों के बीच स्थित यह शहर न केवल खूबसूरत है, बल्कि यहां के लोग बेहद अपनेपन से खिलाड़ियों का स्वागत कर रहे हैं। ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजन से आपसी दोस्ती और सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी बढ़ता है। उन्हें अलग-अलग देशों के खिलाड़ियों से मिलने और अनुभव साझा करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने आयोजकों और खेल विभाग की भी तारीफ की, जिन्होंने प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। खिलाड़ियों ने कहा कि भारत जैसे बड़े देश में फेंसिंग खेल का विस्तार और इस तरह के आयोजन पूरे एशिया के लिए प्रेरणादायक हैं।


खिलाड़ियों से बातचीत करना और भारत आना मेरे लिए बहुत अच्छा अनुभव है। हल्द्वानी जैसे खूबसूरत शहर में आकर खेलना यादगार रहेगा। **-एलेक्स रॉकी**, केरल


यह पहली बार है जब मैं भारत आया हूं। यहां का माहौल और लोगों का उत्साह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है। **-सोग्तखू तेमुलेन**, मंगोलिया


भारत में आकर खेलना मेरे लिए गर्व की बात है। प्रतियोगिता की व्यवस्था और दर्शकों का समर्थन शानदार है। **-ब्याम्बातसोग्त चिंगुन**, मंगोलिया


हल्द्वानी में आकर बेहद खुशी हुई। भारत की मेहमाननवाज़ी और यहां के लोगों का अपनापन दिल को छू लेने वाला है। **-अब्दुल मुइज**, ब्रुनेई दारुस्सलाम

### कैडेट पुरुष फॉइल स्पर्धा में ओमान के अली अलबुसैदी को स्वर्ण

**हल्द्वानी, अमृत विचारः** एशियन कैडेट कप इंडिया 2025 में शुक्रवार को कैडेट पुरुष फ़ॉइल स्पर्धा का समापन हुआ, जिसमें ओमान के अली अलबुसैदी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। भारत के खिलाड़ियों ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में कांगबम पृथ्वीराज सिंह ने रजत पदक अपने नाम किया। वहीं करण चौधरी और अंकुश जिंदल ने संयुक्त रूप से तीसरे स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता का कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतियोगिता के दौरान भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी शान रहा। जिसके चलते इस प्रतियोगिता में कई भारतीय खिलाड़ियों ने शीर्ष 20 में जगह बनाई। इनमें यशकुमार मौर्य (6वां), मेयश मेयश (8वां), स्वरज डोंगरे (9वां), युवराज युवराज (10वां), तिभु बल्लारी (11वां) और अन्य शामिल हैं।

# उत्तराखंड में खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया जाएगा

- **मुख्यमंत्री धामी ने किया फेंसिंग प्रतियोगिता का उद्घाटन**
- **पहली बार भारत में उत्तराखंड बना मेजबान**

संवाददाता, हल्द्वानी


गौलापार स्थित स्टेडियम में एशियन कैडेट कप फेंसिंग मैच खेलती खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में एशियन फेंसिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने देश-विदेश से आए खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि पहली बार भारत में इस प्रतियोगिता का आयोजन होना सभी देशवासियों के लिए गर्व की बात है और उत्तराखंड को इसकी मेजबानी का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि तलवारबाजी की कला मानव सभ्यता की शुरुआत से ही अस्तित्व में रही है। प्राचीन भारत में शस्त्र और शास्त्र दोनों को ही संपूर्ण शिक्षा माना जाता था। गुरुकुलों में युवाओं को आत्मरक्षा और समाज रक्षा के लिए शस्त्र विद्या एवं युद्धकला का प्रशिक्षण दिया जाता था। उन्होंने प्रभु श्रीराम, कौरव-पांडव, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज, गुरु गोविंद सिंह, झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जैसे वीर योद्धाओं के उदाहरण देते हुए तलवारबाजी की गौरवशाली परंपरा को याद किया।

सीएम धामी ने कहा कि आधुनिक भारत में फेंसिंग खेल की शुरुआत देर से हुई, लेकिन हाल के वर्षों में यह तेजी से लोकप्रिय हुआ है। अर्जुन पुरस्कार विजेता भवानी देवी की कामयाबी से युवाओं का रुझान इस खेल की ओर बढ़ा है और आज भारतीय खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में उत्तराखंड और देश के युवा फेंसिंग में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे खेलो इंडिया और फिट इंडिया जैसे अभियानों की सराहना की और कहा कि इन कार्यक्रमों से देश में खेल संस्कृति को नई ऊंचाई मिली है। राज्य में खेलों को बढ़ावा देने के लिए सीएम ने कई घोषणाएं की हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 8 शहरों में 23 खेल अकादमियां स्थापित की जाएंगी, जिनमें हर वर्ष 920 विश्व स्तरीय एथलीट और 1 हजार अन्य खिलाड़ी उच्चस्तरीय प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। हल्द्वानी में उत्तराखंड का पहला खेल विश्वविद्यालय और लोहाघाट में नया स्पोर्ट्स कॉलेज स्थापित करने की योजना पर भी तेजी से काम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंतनगर हवाई अड्डे का शीघ्र ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विस्तार किया जाएगा और रेल मंत्रालय से भी नई ट्रेनों की मांग की गई है, ताकि खिलाड़ियों व पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने बताया कि प्रदेश की नई खेल नीति के तहत राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक विजेता खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी जा रही है, उत्तराखंड खेल रत्न और हिमालय खेल रत्न जैसे पुरस्कारों से खिलाड़ियों को सम्मानित किया जा रहा है। बंद पड़ा 4 फीसदी खेल कोटा भी फिर से बहाल कर दिया गया है। सीएम ने कहा कि सरकार का लक्ष्य उत्तराखंड को न केवल देवभूमि बल्कि खेलभूमि के रूप में स्थापित करना है। हाल ही में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों की सफलता ने इस दिशा में नई पहचान बनाई है। उन्होंने खिलाड़ियों को आश्वासन दिया कि सरकार उनके सम्मान और प्रोत्साहन के लिए लगातार कार्य करती रहेगी।

# मछलियों के लिए ग्लोबल वार्मिंग अनुकूल

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल सरीखे ऊंचाई वाली झीलों में मछलियों के पनपने के लिए ग्लोबल वार्मिंग से अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। नैनी झील के जल का तापमान बढ़ने से यहां की मछलियों को पनपने में मदद मिल रही है। जाड़ों में शून्य के करीब रहने वाला झील का तापमान 10 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है।

जीबी पंत कृषि विवि के प्रो आशुतोष मिश्रा नैनी झील के निरीक्षण के लिए नैनीताल पहुंचे हुए थे। उन्होंने बताया कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते विश्व की जलवायु में असर पड़ा है तो जलीय जंतु भी इसके असर से अछूते नहीं है। समुद्र में कोरल (मूंगा) नामक प्रजाति प्रभावित हो रही है। वर्तमान में समुद्री जल में .8 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि हो चुकी है तो इधर नैनी झील के जल में करीब 30 सालों के अंतराल में आठ डिग्री सेल्सियस से अधिक वृद्धि हुई है। पिछले 20 वर्षों से वह निरंतर झील के तापमान का जायजा ले रहे हैं। इस अंतराल में झील का न्यूनतम तापमान 8 डिग्री से नीचे नहीं रहा है। एक दौर वह भी हुआ करता था, जब शीत ऋतु में तापमान गिरने के साथ मछलियां मरने लगती थी। मगर अब तापमान बढ़ने के साथ झील में 30 स्थानों पर पाइप के जरिए ऑक्सीजन डाली जा रही है। जिस कारण झील की मछलियों खूब पनप रही हैं। बताया कि इन दिनों नैनी झील का ताप 19 डिग्री सेल्सियस के करीब जा रहा है। गर्मियों में 28 तक पहुंच जाता है और शीत के दिनों में 10 डिग्री से नीचे नहीं जा रहा।

# अंतर्राष्ट्रीय फेंसिंग चैंपियनशिप में कजाखिस्तान की पोलिना को स्वर्ण

संवाददाता, हल्द्वानी

- **भारत की खुशी और मंगोलिया की मर्सी ने साझा किया कांस्य पदक**

**अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय फेंसिंग प्रतियोगिता में कजाखिस्तान की पोलिना लेसोव्सकाया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। ओमान की जनाअल शारजी ने रजत पदक हासिल किया, जबकि भारत की खुशी और मंगोलिया की मर्सी डामदिंपुरेव ने संयुक्त रूप से कांस्य पदक पर कब्जा जमाया।


भारत की कई युवा फेंसरों ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शीर्ष 10 में भारत की गायत्री शर्मा (5वां स्थान), रीबा बेनी (6वां स्थान), और शनाया जैन (7वां स्थान) ने जगह बनाई। इसके अलावा भारत की अन्य प्रतिभागियों ने भी उम्दा प्रदर्शन कर देश का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता में ओमान, मंगोलिया, ताजिकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता नई पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने कौशल को परखने का अहम अवसर साबित हुई। भारतीय फेंसरों का प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है और आने वाले समय में वे और अधिक अंतर्राष्ट्रीय पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाएंगे।

## दृढ़ निश्चय

### कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने कहा, मुख्यमंत्री धामी नन्हीं परी को न्याय दिलाने के लिए गंभीर

# सरकार का संकल्प, न्याय दिलाने में नहीं छोड़ेंगे कसर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी




**अमृत विचार :** भाजपा ने नन्हीं परी को न्याय दिलाने के लिए विधायक से पदाधिकारी स्तर पर मोर्चा कस लिया। सभी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से इस बाबत वार्ता की और पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग की।

कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि नन्ही परी के हत्यारे के बरी होने से सभी प्रदेशवासी आहत हैं। पिछले 11 वर्ष पूर्व इस जघन्य अपराध के आरोपी के बरी होने से दिल टूट गया है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन सरकार पर दबाव बनाकर आरोपी को लुधियाना से गिरफ्तार कराया था लेकिन कमजोर पैरवी ने सब बर्बाद कर दिया। नन्हीं परी के साथ दुराचार करने वाले को फांसी से कम कुछ मंजूर नहीं।


उन्होंने कहा कि उम्मीद की किरण मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के संकल्प में है। सीएम ने इस प्रकरण को गंभीरता से लिया है। पुलिस को रिपोर्ट शासन को सौंपने और रिव्यू पिटिशन दायर करने के निर्देश दिए हैं। वह आरोपी को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए संजीदा हैं। राज्य की जनता की भावनाओं को वह भलीभांति समझते हैं। अधिकारियों को लाडली को इंसाफ दिलाने में कोई कसर न छोड़ने का आदेश दिए हैं। यह वादा मात्र शब्द नहीं बल्कि एक राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतीक है। राज्य सरकार ने कानूनी सलाहकारों से विस्तृत चर्चा के बाद रिव्यू पिटिशन दायर करने का फैसला लिया है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला वैज्ञानिक साक्ष्यों की कमी पर आधारित था। डीएनए रिपोर्ट पर सवाल, परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की जंजीर टूटी हुई।

### प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने भी रखी मांग



**हल्द्वानी :** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विकास भगत ने कहा कि पिथौरागढ़ जनपद की नन्हीं परी को न्याय दिलाने के लिए प्रदेश सरकार सुप्रीम कोर्ट में रिव्यू पिटीशन दाखिल करेगी। उन्होंने कहा कि नन्हीं परी के परिजनों के बयान सुने और फिर फोन पर वार्ता की। उन्होंने इस प्रकरण को तुरंत ही सीएम धामी से इस प्रकरण में वार्ता की और पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग की। इस पर सीएम ने तत्काल ही कानूनी सलाहकारों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने का निर्णय लिया है। विकास ने कहा कि 20 नवंबर 2014 को जब यह घटना हुई थी तब वह भाजयुमो जिलाध्यक्ष के पद पर थे और उन्होंने भी कार्यकर्ताओं के साथ आंदोलन किया था। आंदोलन में नन्हीं परी हत्याकांड में फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन कर सुनवाई की मांग, आरोपियों को फांसी की मांग को लेकर तत्कालीन मुख्यमंत्री हरीश रावत का काफिला भी रोका था। इसमें सीएम की कार के शीशे फूट गये थे। बाद में पुलिस ने उनके (विकास भगत) व साथियों के खिलाफ सीएम की हत्या के प्रयास के धारा 307 में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया था लेकिन यह मामला अगले दिन ही कोर्ट ने खारिज कर सभी को ज़मानत दे दी थी। इसके बाद तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई की मांग को स्वीकार किया था।

### कमजोर पैरवी करने वालों पर कार्रवाई हो : शर्मा



**हल्द्वानी :** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व दर्जा मंत्री महेश शर्मा ने गौलापार स्थित हेलीपैड में सीएम धामी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने नन्हीं परी को न्याय दिलाने के लिए सीएम की ओर से पुनर्विचार याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर करने के निर्णय का स्वागत किया। सीएम से यह मांग भी की कि कोर्ट में जिनकी लापरवाही से नन्हीं परी न्याय से वंचित रह गई, उनकी जांच कर दंडात्मक कार्रवाई की जाए। सुप्रीम कोर्ट में मजबूत पैरवी करवा दोषियों को फांसी दिलाई जाए।

### घर में घुसकर महिला के साथ की छेड़छाड़

**हल्द्वानीः** आवास विकास कॉलोनी निवासी एक महिला ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि एक व्यक्ति तड़के उसके घर में घुस आया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट भी की।

भोटिया पड़ाव चौकी को पीड़िता ने अपनी आपबीती बताई। कहा कि शुक्रवार की सुबह करीब तीन बजे लाइन नंबर 18 वार्ड नंबर 20, बनभूलपुरा निवासी एक युवक उसके घर में चोरी और गलत इरादे से घुस गया। उसका घर दो मंजिला है और वह ऊपर वाली मंजिल पर सो रही थी। उसने दरवाजे की कुंडी तोड़ी और बाद में युवती के साथ छेड़खानी करने लगा। महिला के चिल्लाने पर नीचे वाली मंजिल पर सो रहे पति के आने पर आरोपी भाग गया और पड़ोस में एक घर के अंदर छुप गया। बाद में कमरा खुलवाकर लोगों ने आरोपी को पुलिस को हवाले कर दिया है। महिला का कहना है कि आरोपी को कॉलोनी में रहने वाला व्यक्ति संरक्षण देता है।

# नन्हीं परी के न्याय आंदोलन को व्यापारियों का समर्थन

संवाददाता, हल्द्वानी

- **प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने नन्हीं लाडली के न्याय आंदोलन को दिया समर्थन**

**अमृत विचार :** पिथौरागढ़ की नन्हीं परी, अंकिता भंडारी और ज्योति मेर को न्याय दिलाने के लिए प्रदेशभर में चल रहे आंदोलनों को प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। संगठन ने राज्य सरकार से इन मामलों में सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दाखिल कर दृढ़ और संवेदनशील पैरवी करने की मांग की है। संगठन के प्रदेश प्रभारी वीरेंद्र गुप्ता और प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण ने कहा कि सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इस तरह के जघन्य अपराधों के दोषियों को ऐसा कठोर दंड मिले जो भविष्य में किसी भी अपराधी के लिए नजीर बने। देवभूमि की पवित्रता को ठेस पहुंचाने वाले ऐसे कृत्यों पर कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए। संगठन ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि सरकार की ओर से कोई भी कानूनी या प्रशासनिक लापरवाही होती है, जिसके चलते अपराधियों को राहत मिलती है, तो यह न केवल पीड़ित परिवारों के साथ अन्याय होगा, बल्कि समाज में गलत संदेश भी जाएगा। प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल ने सरकार से अंकिता भंडारी और ज्योति मेर प्रकरणों में भी अत्यंत संवेदनशीलता और कड़ाई से पैरवी मांग की है। अभियान को समर्थन देने वालों में महानगर अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, प्रदेश सह संयोजक देवेश अग्रवाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष पूरन लाल साह , दीपक माहेश्वरी, कुंदन बिष्ट, प्रज्ञान भारद्वाज, राकेश गुप्ता ऋषभ पाठक, अश्मित गुजराल आदि शामिल रहे।

## सिटी ब्रीफ

### स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित

**भीमताल :** नगर पालिका परिषद भीमताल में अधिशासी अधिकारी उदयवीर सिंह का स्थानांतरण जसपुर होने पर व प्रधान सहायिका ललित भट्ट का स्थानांतरण हल्द्वानी नगर निगम में होने पर दोनों अधिकारियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान नए अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार का स्वागत कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। अध्यक्षता पालिका अध्यक्ष सीमा टम्टा और संचालन सभासद रामपाल गंगोला ने किया।

### देशी शराब के सभी ब्रांड उपलब्ध कराएं

**हल्द्वानी :** शहर में देशी शराब के ठेकेदार एक अलग ही समस्या जूझ रहे हैं। उनका कहना है कि बाजार में देशी शराब जो ब्रांड प्रचलित हैं, वह नहीं आ रहे हैं। नैनीताल जिले में देशी शराब की दुकानों के अनुज्ञापी इन दिनों बड़ी समस्या से जूझ रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि लंबे समय से दुकानों पर देशी शराब के वो ब्रांड उपलब्ध नहीं जिनकी मांग बाजार में है। फिलहाल केवल एक ही ब्रांड की देशी शराब मिल पा रही है, जिससे बिक्री बुरी तरह प्रभावित हो रही है। दुकानदारों ने आबकारी आयुक्त, देहरादून को पत्र भेजकर नैनीताल जनपद में अन्य देशी शराब ब्रांड जैसे- माल्टा, किन्नू, अंगूर, गुलाब आदि की भी आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाने की मांग की है। पत्र भेजने वालों में बीएस पांडे, उमेश वर्मा, अजय आलोक, सीएस कठैत शामिल हैं।

### सीधी भर्ती विज्ञप्ति की जलाई प्रतियां

**रामनगर :** राजकीय शिक्षक का आंदोलन प्रधानाचार्य सीधी भर्ती का विज्ञापन निकलने का बाद उग्र हो गया। शिक्षकों ने विज्ञप्ति की प्रतियां जलाकर रोष जताया। शिक्षक संघ के प्रांतीय नेता नवेंदु मठपाल ने कहा कि 17 सितंबर को राजकीय शिक्षक संघ के आंदोलन के पश्चात मुख्यमंत्री देहरादून में शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों से वार्ता करते हैं और वार्ता के बाद लिखित आश्वासन दिया जाता है कि प्रधानाचार्य सीधी भर्ती प्रक्रिया, सभी स्तरों की पदोन्नति सूची निर्गत किए जाने एवं स्थानांतरण प्रक्रिया पर एक सप्ताह में विभागीय अधिकारियों द्वारा सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा। दूसरी ओर लोक सेवा आयोग से प्रधानाचार्य सीधी भर्ती प्रक्रिया को शुरू करते हुए विज्ञप्ति निकाल दी जाती है। इस दौरान मनोज जोशी, सीपी खाती, दिनेश निखुरपा, संत सिंह, शैलेंद्र भट्ट आदि शामिल रहे।

# पर्यटन कारोबार बेपटरी, व्यापारी हलकान

## लगातार बारिश और सड़कें बंद होने से सैलानियों की संख्या में आई भारी गिरावट

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** झीलों का शहर नैनीताल इन दिनों लगातार बारिश और मानसूनी आपदाओं से जूझ रहा है। मानसून सीजन में जहां सड़कें बार-बार बंद हो रही हैं और भूस्खलन से आमजन को दिक्कतें बढ़ रही हैं, वहीं इसका सीधा असर पर्यटन कारोबार पर भी पड़ रहा है। पिछले करीब दो महीने से पर्यटन गतिविधियां ठप पड़ी हुई हैं। इससे न सिर्फ नाव व्यवसायी, बल्कि होटल, रेस्टोरेंट, फोटोग्राफर और वस्त्र व्यवसायी तक आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं।

नैनीताल झील में सैलानियों को नाव की सैर कराना यहां के नाविकों का मुख्य व्यवसाय है। हर साल गर्मियों और उसके बाद त्योहारों के सीजन में यह कारोबार खूब चलता है, लेकिन इस बार लगातार बारिश से सैलानियों की संख्या में भारी गिरावट आई है। नाव एसोसिएशन के अध्यक्ष राम सिंह ने बताया कि अभी तो दो महीने से घर चलाना भी मुश्किल हो गया है। हालात ऐसे हो गए हैं, जैसे 25 साल पहले नैनीताल का कारोबार हुआ करता था। उस समय संसाधन सीमित थे और पर्यटन की सुविधाएं भी कम थीं, लेकिन आज इतनी व्यवस्थाओं के बावजूद काम ठप है। कहा कि बारिश और आपदा के डर से लोग नैनीताल आना ही नहीं चाहते। इससे करीब 300 से ज्यादा नाव व्यवसायियों का जीवन संकट में है। नैनी झील किनारे कुमाऊनी और हिमाचली वस्त्र किराए पर देने ओर फोटो खींचने वाले व्यापारी भी नुकसान झेल रहे हैं। कारोबारी गुड्डू फोटोग्राफर ने बताया कि काम न होने से दिक्कतें बढ़ गई हैं। पहले रोजाना फोटो खिंचवाने वाले ग्राहक आते थे, लेकिन अब तो कभी-कभार ही कोई सैलानी दिख जाता है।



नैनीताल में वीरान पड़ी नैनी झील। ● अमृत विचार

### नैनी झील का जल स्तर 88.6 फीट पर स्थिर

**नैनीताल :** सरोवर नगरी में शुक्रवार को दिन के समय हल्की बारिश हुई और बाकी समय मौसम सामान्य बना रहा। शाम के समय हल्की ठंड महसूस हुई। नगर में बादलों का आना-जाना सुबह से बना हुआ था और दोपहर में हल्की बारिश शुरू हो गई, जो रुक-रुककर घंटाभर होती रही। वर्षा थमने के बाद आसमान साफ हो गया और मौसम सुहावना हो गया, जो देर शाम तक खुशमिजाज बना रहा। शुक्रवार को बरसात कम होने और धूप खिलने से लोगों ने राहत महसूस की। हालांकि मौसम विभाग ने अगले तीन दिन के लिए यलो अलर्ट जारी किया हैं, जिसके चलते आने वाले दिनों में भी वर्षा से राहत मिलने के आसार कम ही नजर आ रही है। इधर, नैनी झील का जल स्तर 88 .6 फीट पर स्थिर रखा गया है। अधिकतम तापमान 25 व न्यूनतम 19 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।



राम सिंह, अध्यक्ष नाव एसोसिएशन।

### स्थानीय रोजगार पर भी संकट

नैनीताल का लगभग आधा आर्थिक ढांचा पर्यटन पर टिका हुआ है। नाव, होटल, रेस्टोरेंट, टैक्सी, गाइड और बाजार के छोटे कारोबार सभी की आमदनी का स्रोत सैलानी ही हैं, लेकिन लगातार बारिश और आपदा जैसी खबरों ने पर्यटकों की संख्या को बेहद कम कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मानसून के तीन महीने उनके लिए हमेशा चुनौतीपूर्ण रहते हैं, लेकिन इस बार स्थिति और भी खराब है। नाव और शहर के छोटे व्यवसायियों का कहना है कि सरकार को विशेष पैकेज की घोषणा करनी चाहिए। नाव व्यवसायी संघ के अध्यक्ष राम सिंह और गुड्डू फोटोग्राफर ने कहा कि सरकार यदि मुआवजा या आर्थिक सहायता उपलब्ध कराए तो इस दौर से उबरने में मदद मिलेगी।



एसडीएम परितोष वर्मा को ज्ञापन देते पूर्व प्रधान उमेश तिवारी। ● अमृत विचार

# सरकारी भूमि पर निर्माण के विरोध में दिया ज्ञापन

संवाददाता, कालाढूंगी

**अमृत विचारः** ब्लॉक मुख्यालय कोटाबाग क्षेत्र में राजस्व की जमीन में रास्ता बना कर बिल्डर निर्माण कर रहे हैं। ज्येष्ठ प्रमुख गीता तिवारी व पूर्व प्रधान उमेश तिवारी ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर हो रहे अवैध निर्माणों पर रोक लगाए जाने मांग की है।

ज्येष्ठ प्रमुख गीता तिवारी व पूर्व प्रधान उमेश तिवारी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी परितोष वर्मा को दिए ज्ञापन में कहा कि ग्राम सेल्सिया में बिल्डरों द्वारा कुछ सरकारी भूमि में कब्जा कर बिना स्वीकृत नक्शे के बहुमंजिला इमारत बनाई जा रही है। बिल्डर द्वारा उक्त निर्माण कार्य के लिए नाले की भूमि पर रास्ता भी बना लिया गया हैं। आरोप लगाया कि बिल्डिंग में बिना अनुमति के एक बोरिंग भी की जा रही। ग्रामीणों ने एसडीएम से मांग करते हुए करते हुए उक्त भूमि की व उसके प्रपत्रों की जांच करवाने और रास्ते को बंद कराए जाने की मांग की है।

उधर इस संबंध में एसडीएम परितोष वर्मा ने बताया कि सरकारी भूमि में अवैध कब्जे की शिकायत आई है। कमेटी गठित कर मामले की जांच कराई जाएगी। ज्ञापन देने वालों में हेमा देवी, जीतू और कविता देवी आदि शामिल रहे।

# शिविर में 600 से ज्यादा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल हिम्मतपुर ब्लॉक में भारत विकास परिषद रामनगर के सौजन्य से स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख रामनगर मंजू नेगी, ज्येष्ठ प्रमुख रामनगर संजय नेगी, ग्राम प्रधान हिम्मतपुर ब्लॉक भगवत राणा और क्षेत्र पंचायत सदस्य मिथलेश डंगवाल ने किया।

रामनगर और काशीपुर से आए वरिष्ठ चिकित्सकों ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और अभिभावकों को उपयोगी स्वास्थ्य सुझाव दिए। विद्यालय के प्राथमिक विंग के 638 विद्यार्थियों को इस शिविर का लाभ प्राप्त हुआ। साथ ही विद्यालय के स्टाफ एवं सहयोगी सदस्यों ने 15 यूनिट रक्तदान किया। विद्यालय के डायरेक्टर्स डॉ. प्रसून श्रीवास्तव, प्रणय श्रीवास्तव और प्रधानाचार्या डॉ. नलिनी श्रीवास्तव ने परिषद की इस पहल की सराहना की।

विद्यालय प्रबंधन ने श्री कृष्णा हॉस्पिटल एवं ब्लड बैंक काशीपुर और कुंयाल क्लिनिक रामनगर आभार जताया। इस दौरान परिषद के अध्यक्ष अमन अग्रवाल, सचिव सुलभ बंसल, महिला संयोजिका दीप्ति अग्रवाल, सह संयोजिका प्रीति अग्रवाल, संदीप सहगल, चाइल्ड स्पेशलिस्ट कृष्णा हॉस्पिटल काशीपुर डॉक्टर विक्रांत कुमार, डॉक्टर अक्षत सक्सेना व डॉक्टर कल्पना मौजूद रहे।



स्वास्थ्य शिविर में मौजूद अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

## शिक्षकों की कमी पर जताई चिंता

**भीमतालः** ग्राम पंचायत जंगलिया गांव के शेखर जोशी समेत कई अभिभावकों ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय जीपीएस बूढ़ाधूरा में शिक्षकों की भारी कमी पर गहरी चिंता जताई है। अभिभावकों का कहना है कि विद्यालय में पर्याप्त संख्या में शिक्षक न होने और मौजूद स्टाफ का समय पर उपस्थित न रहने के कारण बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ रहा है। अभिभावकों ने बताया कि विद्यालय में बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने मांग की है कि शिक्षा विभाग तत्काल प्रभाव से विद्यालय में अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति करें। सभी अभिभावकों का कहना है कि यदि समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया तो वे आंदोलन करेंगे। मांग करने वालों में अध्यक्ष डिंपल बेलवाल, गीता जोशी, विपिन भट्ट, जीवन चंद्र जोशी आदि शामिल हैं।

# वाहनों की फिटनेस रामनगर में ही कराने का मुद्दा उठाया

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचारः** रामनगर क्षेत्र में कमर्शियल वाहनों की फिटनेस सुविधा लंबे समय से बंद होने के कारण स्थानीय वाहन स्वामियों, व्यापारियों एवं आम जनता में गहरी नाराजगी देखने को मिल रही है। शुक्रवार को पब्लिक स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह रावत नेतृत्व में एसोसिएशन ने ज्ञापन विधायक दीवान सिंह बिष्ट के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा।

ज्ञापन में कहा गया है कि रामनगर एक घनी आबादी वाला क्षेत्र है। यहां से कुमाऊं एवं गढ़वाल मंडल के सैकड़ों परिवहन वाहन प्रतिदिन संचालित होते हैं। फिटनेस सुविधा के बंद होने से वाहन स्वामियों को हल्द्वानी जाना पड़ता है। इसमें समय और धन दोनों ज्यादा खर्च हो रहा है।

उन्होंने बताया कि विद्यालय बसों की फिटनेस के लिए भी हल्द्वानी जाना पड़ रहा है। जिस दिन बस हल्द्वानी जाती है, उस दिन विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

यह स्थिति अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन दोनों के लिए गंभीर समस्या बन चुकी है। ज्ञापन देने वालों में प्रणय श्रीवास्तव, पंकज मेहरा,जशोद सिंह बिष्ट और पूर्व प्रधान निधि मेहरा आदि शामिल रहे।



विधायक को ज्ञापन देते पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के सदस्य। ● अमृत विचार








रानीबाग में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण में मौजूद महिला किसान व अन्य।

### आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए किया प्रेरित

**भीमताल :** जनमिलन केंद्र रानीबाग में आशा सहकारिता अध्यक्ष दीपा सूर्या, पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य महेश भंडारी, ग्राम प्रधान रानीबाग कलावती थापा की अध्यक्षता में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 20 प्रगतिशील महिला किसानों को जलवायु अनुकूल कृषि विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य प्रशिक्षक सहायक प्रसार कृषि व पशुपालन से चंदन सिंह ने महिला किसानों को महिला किसानों को उन्नत खेती के साथ पशुपालन, सिंचाई एवं जैविक व आधुनिक कृषि को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। साथ ही पॉलीहाउस, बेमौसमी सब्जी उत्पादन, उन्नत बीज की प्रजातियों का चयन, पोषक तत्व और मृदा जांच को लेकर जागरूक किया। महिलाओं को कृषि के जरिए आजीविका बढ़ाने पर जोर दिया। इस दौरान निशा चंद, निशा आगरी, रविशंकर ,रिंकी, हेमा, इंदु, बबीता, हर्षिता आदि मौजूद रहे।

## यूनिफार्म प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खिले

**भीमताल :** ओखलकांडा ब्लॉक के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़ौन में कक्षा 6 से कक्षा 8 में अध्ययनरत 110 छात्र-छात्राओं को विद्यालय के एसएमडीसी अध्यक्ष कुंवर सिंह चुलगांई व पीटीए अध्यक्ष पूरन सिंह चिलवाल ने निःशुल्क यूनिफार्म वितरित किया। शुक्रवार को समग्र शिक्षा अभियान के तहत हुए कार्यक्रम में यूनिफार्म प्राप्त कर विद्यार्थी प्रसन्न दिखाई दिए। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक धर्मेंद्र सिंह बसेड़ा ने बताया कि प्रत्येक छात्र छात्राओं को दो-दो निःशुल्क यूनिफार्म सेट दिए गए हैं। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी रमेश बिनवाल, ग्राम प्रधान टीमर पवन कुमार, पीटीए पूर्व अध्यक्ष राम सिंह चिलवाल, उमा जोशी, प्रियंका सिंह आदि मौजूद थे।

# 3.48 करोड़ से होगा माल रोड का स्थायी उपचार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचारः** भूधंसाव से प्रभावित लोअर माल रोड का स्थायी ट्रीटमेंट कार्य आगामी 22 सितंबर से शुरू होगा। लोक निर्माण विभाग ने इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

बीते 14 सितंबर की देर रात सड़क धंसने से यहां बड़ी दरार उभर आई थी। जिसके बाद सुरक्षा कारणों से लोअर माल रोड पर यातायात पूरी तरह बंद कर दिया गया था। यातायात को सोमवार से अपर माल रोड पर डायवर्ट किया गया है। लोनिवि के सहायक अभियंता तुलाराम टम्टा ने बताया क्षतिग्रस्त क्षेत्र के स्थायी उपचार के लिए 3 करोड़ 10 लाख रुपए की धनराशि शासन स्तर पर अब मुक्त हो चुकी है। विभाग ने इस कार्य के लिए टेंडर पूरे कर लिया है।

सूचना विभाग के समीप से अस्थायी रैंप बनाकर लोअर माल रोड का यातायात अपर माल रोड में डायवर्ट किया जा रहा है। वर्तमान में लगभग 190 मीटर हिस्से में आवाजाही पर रोक लगाई गई है। ठेकेदार ने स्थायी ट्रीटमेंट के लिए मशीनें भेजना शुरू कर दिया है। सोमवार से करीब 40 मीटर सड़क पर स्थायी ट्रीटमेंट का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। साथ ही टीएचडीसी की टीम से शेष हिस्से का प्रस्ताव तैयार कराकर उसका भी स्थायी ट्रीटमेंट कराया जाएगा।

## व्यापारियों की समस्या को लेकर भेजा ज्ञापन

**रामनगरः** टैक्स बार एसोसिएशन की ओर से व्यापारियों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन जीएसटी सुपरिटेंडेंट को भेजा गया। कार्यालय लिपिक हरीश त्रिपाठी के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन में बताया कि रामनगर में अधिकांश व्यापारी समाधान योजना को अपनाते हैं और समाधान योजना के तहत अपना कर दे रहे हैं। केंद्रीय जीएसटी कार्यालय की ओर से हल्द्वानी के पते से रामनगर के व्यापारियों को समाधान योजना वाले रेगुलर डीलर के रूप में मानते हुए 18% कर चुकाने का नोटिस दिया गया है जोकि न्याय संगत न होकर जीएसटी के नियमों के विरुद्ध है। इस दौरान टैक्स बार के अध्यक्ष पूरन चंद्र पांडे, उपसचिव मनु अग्रवाल, संजीव अग्रवाल और फैजुल हक मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में दी जानकारी

**कालाढूंगीः** शुक्रवार को राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण एवं अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट ने सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर पतलिया में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण किया।

शिविर के माध्यम से क्षेत्र की महिलाओं को केंद्र व राज्य सरकार की ओर से संचालित निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधाओं व जांचों की जानकारी भी दी गई। बताया कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन से शुरू हुए स्वास्थ्य शिविर में महिलाओं और किशोरियों के लिए उच्च रक्तचाप और मधुमेह की जांच सहित कैंसर और एनीमिया की जांच और परामर्श भी दिया जा रहा है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान भावना तिवारी, पूर्व प्रधान दीपचंद तिवारी, क्षेत्र पंचायत सदस्य तरुण, मंडल अध्यक्ष कमलेश पांडे, दीपा ढोढियाल और ललित जोशी रहे।



शोधार्थी स्वाति जोशी शिक्षकों के साथ। ● अमृत विचार

### स्वाति को मिला अंतर्राष्ट्रीय शोधार्थी का अवार्ड

**नैनीताल :** डीएसबी परिसर की वनस्पति विज्ञान विभाग की शोधार्थी स्वाति को सेंट्रल कॉलेज काठमांडू, कुकुरोवा विश्वविद्यालय, तुर्की, अनुसंधान एवं विस्तार निदेशालय, एफयू चितवन, आईएएएस, त्रिभुवन विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित वर्ल्ड कांग्रेस क्लाइमेंट चेंज एंड इट्स इफेक्ट सीसीआइई की अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस में सर्वश्रेष्ठ अंतराष्ट्रीय शोधार्थी अवार्ड से नवाजा गया। स्वाति अपना शोध कार्य प्रो . हरीश चंद्र सिंह बिष्ट और प्रो . सतपाल सिंह बिष्ट के मार्गदर्शन में कर रही हैं। उन्होंने इस कान्फ्रेंस में अपनी प्रेजेंटेशन भारतीय मेजर कार्प में पाए जाने वाले बैक्टीरिया की पहचान और पृथक्करण पर शोध प्रस्तुति की। स्वाति को इससे पहले भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में यंग वैज्ञानिक पुरस्कार से नवाजा गया है। इस उपलब्धि पर कुलपति कुमाऊं विश्वविद्यालय प्रो . दीवान एस रावत, कुलसचिव डॉ . मंगल सिंह मंदरवाल, निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर प्रो . ललित तिवारी, परिसर निदेशक नीता बोरा शर्मा, डीएसडब्लू प्रो . संजय पंत, डॉ . महेंद्र राणा, डॉ . विजय कुमार, डॉ . दीपिका गोस्वामी , डॉ मनोज कुमार आर्य, डॉ . हिमांशु लोहानी, डॉ दीपक मेलकानी आदि ने उन्हें बधाई दी है।

# टीईटी को लेकर शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचारः** वर्ष 2009 से पूर्व शिक्षकों को अध्यापक पात्रता परीक्षा से मुक्त रखने के संबंध में शिक्षकों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। शिक्षकों का शिष्टमंडल खंड शिक्षा अधिकारी कैना चौहान भीमताल से मिला और ज्ञापन दिया।

इस दौरान अवगत कराया कि सभी शिक्षकों को सेवा में बने रहने पदोन्नति आदि के लिए टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने का आदेश जारी किया गया है। जिसका उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा भीमताल पूर्ण विरोध करता है। राज्य में प्रथम बार शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन ही 2011 में हुआ था। जनपद में 2011 से पूर्व सभी शिक्षक शिक्षक सेवा नियमावली के तहत ही नियुक्त हुए हैं। इस आदेश के विरोध में पूरे प्रदेश के शिक्षक चिंता में है। आदेश में शिक्षकों के पक्ष को नजरअंदाज किया जाना शिक्षकों के साथ जहां एक और अन्यायपूर्ण प्रतीत होता है, वहीं दूसरी ओर शिक्षक अपनी सेवा के प्रति भी असमंजस में भी है। मांग की गई कि शिक्षकों की भावनाओं व आशंकाओं को ध्यान में रखते हुए शिक्षा को राज्य सूची का अंग मानकर शिक्षकों को परीक्षा से मुक्त रखने के लिए अपने स्तर से कार्रवाई करें।

ज्ञापन देने वालों में हरीश पाठक, हेम भट्ट, जीवन बोरा, बंशीधर काण्डपाल व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।



खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते शिक्षक। ● अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### अंतिम मौके पर 150 छात्रों ने लिया प्रवेश

**हल्द्वानी :** एमबीपीजी में शुक्रवार को रिक्त सीटों पर प्रवेशार्थियों को प्रवेश का एक मौका और दिया गया, जिस दौरान कुल 150 प्रवेशार्थियों ने प्रवेश लिया। अंतिम मौके पर बीए में 102, बीएससी बायोलॉजी वर्ग में 20 और मैथ्स वर्ग में 10 सहित कुल 30 प्रवेश हुए, जबकि बीकॉम में कुल 18 प्रवेश हुए। प्रवेश प्रक्रिया के बाद प्रवेशार्थी समर्थ पोर्टल पर ऑनलाइन फीस जमा करने के बाद उनका प्रवेश मान्य होगा।

### छात्राओं की समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश

**नैनीताल :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत ने शुक्रवार को कलावती पंत तथा गौरदेवी छात्रावासों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने छात्राओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं तथा समाधान के निर्देश दिए। प्रो. पंत ने हॉस्टल परिसर की साफ-सफाई की व्यवस्था और फील्ड कार्यों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को छात्राओं की सुविधा के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर डायरेक्टरेट प्रो. ललित तिवारी, प्रो. सुषमा टम्टा, प्रो. नीलू लोदियाल, डॉ. अशोक कुमार, डॉ. हिमांशु लोहनी, डॉ. पालीवाल, डॉ. खोलिया रहे।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** पुलिस ने देशी शराब के साथ एक तस्कर को पकड़ा है। आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार खुशालपुर चौराहे के पास उसे सूचना मिली कि एक व्यक्ति सड़क किनारे शराब बेच रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को पकड़ लिया। उसके पास से 87 ट्रेटा पैक संतरा मशालेदार देशी शराब मिली। आरोपी ने अपना नाम पंकज कुमार आर्या निवासी जियो पेट्रोल पंप के पास कमलुवागांजा बताया। पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दो पिकअप में 33 यात्री थे सवार, हुआ चालान

**नैनीताल :** मालरोड पर ओवरलोड पिकअप लेकर गुजर रहे दो चालकों के खिलाफ तल्लीताल पुलिस ने कार्रवाई की है। गुरुवार रात चेकिंग के दौरान पुलिस ने मल्लीताल से आ रही दो पिकअप को रोका। जांच में एक पिकअप में 18 और दूसरी में 15 मजदूर बैठे मिले। मजदूरों ने बताया कि वे काम से लौट रहे थे और वाहन न मिलने पर पिकअप में सवार हुए। पुलिस ने पिकअप चालकों बिहार निवासी आफताब और मो. नुरेश के खिलाफ का चालान किया और मजदूरों को अन्य वाहनों से भेजा। एसओ मनोज नयाल ने बताया कि यातायात नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### 5411 लोगों ने स्वास्थ्य शिविरों का लिया लाभ

**हल्द्वानी :** स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत नैनीताल जिले में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में 27 स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। यहां पर 5411 लोगों का पंजीकरण किया गया, जिसमें 944 लोगों की खून की जांच की गई, जिसमें 263 गर्भवती महिला शामिल थीं। 459 लोगों का टीकाकरण किया गया, इनमें 32 गर्भवती महिला के अलावा 142 बच्चे 0 से1 वर्ष के, 36 बच्चे 1 से 5 वर्ष के बच्चे शामिल थे। कुल 2839 लोगों के ब्लेड प्रेशर और 2742 लोगों की शुगर की जांच की जांच की गई। कैंपों में 2030 लोगों के ओरल कैंसर 2030 की स्क्रिनिग की गई और 1406 लोगों की टीबी की जांच हुई। 16 निश्चय मित्र, 18 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। सीएमओ डॉ. एचसी पंत ने बताया कि अभियान के आज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बेतालघाट पर मेघा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन होगा। जिसमें निशुल्क दवाएं दी जाएंगी।

# नियमों के उल्लंघन पर प्रत्याशी का नामांकन होगा रद्द

## लिंगदोह समिति की सिफारिशों के अनुसार होगा चुनाव, सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर लगाने से पहले नगर निगम से लेनी होगी एनओसी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** कुमाऊं विवि से संबद्ध कॉलेजों में 27 सितंबर को होने वाले छात्र संघ चुनावों को लेकर कॉलेज प्रशासन की तैयारियां जोरों पर हैं। वहीं, विभिन्न संगठनों से विभिन्न पदों के लिए छात्रनेता जोर-शोर से चुनाव प्रचार कर रहे हैं। कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव को लेकर आज (शनिवार) जिला प्रशासन, पुलिस और कॉलेज प्रशासन की संयुक्त बैठक होगी, जिसमें सभी प्रमुख छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों को बुलाया जाएगा।

बैठक में छात्र नेताओं को चुनाव आचार संहिता, अनुशासन और लिंगदोह समिति की सिफारिशों के बारे में विस्तार से बताया जाएगा। इसमें यह स्पष्ट किया जाएगा कि सार्वजनिक संपत्ति पर बिना अनुमति पोस्टर लगाना प्रतिबंधित है। पूर्व ब्रीफिंग को छात्र संघ चुनाव की प्रक्रिया का एक अनिवार्य हिस्सा माना जाता है और सभी प्रत्याशियों के लिए इसमें उपस्थित रहना अनिवार्य होगा। इसके बाद ही उन्हें चुनाव प्रचार की अनुमति दी जाएगी। इधर, नगर निगम की ओर से कॉलेज प्रशासन को एक पत्र भेजकर अनुरोध किया गया है कि छात्र नेताओं की ओर से सार्वजनिक स्थलों पर पोस्टर-बैनर लगाने से पहले अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त किया जाना जरूरी है। कॉलेज प्रशासन इस निर्देश को कड़ाई से लागू करने की तैयारी में है। इधर, कुमाऊं विवि की ओर से चुनाव का शेड्यूल बीते गुरुवार को ही जारी कर दिया गया था, जिसके अनुसार 22 सितंबर को अधिसूचना जारी की जाएगी। 23 सितंबर को नामांकन पत्रों की बिक्री होगी और 24 सितंबर को दोपहर 3 बजे तक नामांकन लिए जाएंगे। जबकि 25 सितंबर को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच और इसी दिन नाम वापसी होगी। इसके बाद 26 सितंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक छात्रों की आम सभा होगी।




नैनीताल के डीएसबी परिसर में चुनाव प्रचार करते प्रत्याशी। ● अमृत विचार

### पहली बार सीसीटीवी की नजर में होगा मतदान

एमबीपीजी कॉलेज में छात्रसंघ चुनाव का मतदान पहली बार सीसीटीवी कैमरों की नजर में कैद होगा। इसके लिए कॉलेज प्रशासन की ओर से सभी मतदान कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। चुनाव के दौरान पूरी पारदर्शिता बनी रहे और किसी भी तरह की अव्यवस्था व अराजकता न हो, इसके लिए कॉलेज की ओर से पूरी तैयारी की जा रही है। इससे पूर्व प्रत्येक मतदान केंद्र में कैमरे से रिकॉर्डिंग की जाती थी।

> छात्रसंघ चुनाव को लेकर कॉलेज प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां की जा रही हैं। सभी दावेदारों को लिंगदोह समिति की सिफारिशों का पालन करने की अपील की गई है। इसके बावजूद उल्लंघन करने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।
> **-एनएस बनकोटी**, प्राचार्य, एमबीपीजी कॉलेज

# छात्रसंघ चुनाव को लेकर प्रचार-प्रसार में आई तेजी

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** छात्रसंघ चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। प्रत्याशियों ने रैलियां निकालकर छात्रों से संपर्क शुरू कर दिया है।

शुक्रवार को एबीवीपी के अध्यक्ष पद प्रत्याशी तनिष्क मेहरा ने समर्थकों के साथ भव्य रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने छात्रों से संवाद करते हुए परिसर की समस्याओं और चुनावी मुद्दों पर चर्चा की। तनिष्क ने कहा कि दो साल बाद छात्र संघ चुनाव हो रहे हैं, जो छात्रों की आवाज उठाने के लिए बेहद जरूरी हैं। अध्यक्ष पद के दूसरे प्रत्याशी करन सती ने कहा कि वे पिछले दो वर्षों से लगातार छात्रों के बीच काम कर रहे हैं। परिसर में पेयजल संकट, शौचालयों की दुर्दशा और कक्षाओं की अव्यवस्था को लेकर कई बार ज्ञापन दिए गए, लेकिन समस्याएं जस की तस बनी हुई हैं। सचिव पद के लिए आयुष आर्या, उपाध्यक्ष पद के लिए दिनेश चंद्रा व शशांक भंडारी, उपसचिव पद के लिए नितांत पंत और कोषाध्यक्ष पद के लिए शिवेश कुमार ने दावेदारी की है। छात्रा उपाध्यक्ष पद के लिए तनिषा जोशी, पलक बिष्ट और प्राची नेगी मैदान में हैं। वहीं, सांस्कृतिक सचिव पद के लिए भोवश विश्वकर्मा चुनावी मैदान में है। छात्र नेताओं ने कहा कि वे स्मार्ट बोर्ड, शौचालय, पेयजल और वाई-फाई जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष करेंगे।

### 29 को होगा छात्र महासंघ का चुनाव

**नैनीताल :** कुमाऊं विवि से संबद्ध कॉलेजों और महाविद्यालयों में 29 सितंबर को छात्र महासंघ का चुनाव भी होगा। छात्र महासंघ चुनाव एवं चुनाव प्रक्रिया की जिम्मेदारी डीएसबी परिसर कुमाऊं विवि के अधिष्ठाता प्रो. संजय पंत को सौंपी गई है। कुलपति दीवान सिंह रावत ने यह जानकारी दी है।

# अवैध निर्माण और कटान पर कार्रवाई जेसीबी की सीज

**भीमताल:** भीमताल में राजस्व विभाग ने अवैध निर्माण और अवैध कटान पर कार्रवाई करते हुए ना केवल चालान की कार्यवाही की, बल्कि अवैध रूप से खनन कर रही जेसीबी को भी सीज कर दिया।

राजस्व विभाग नैनीताल के कानूनगो हेतराम ममगई के नेतृत्व में भीमताल के ग्राम सोनगांव की पहाड़ियों में अवैध निर्माण के विरुद्ध यह कार्रवाई की गई। कानूनगो ने बताया कि सोनगांव में बांझ के पेड़ काटकर अवैध निर्माण की सूचना मिली थी। जांच कराने पर पता चला कि सोनगांव में कुमाऊं विश्वविद्यालय की ब्रांच के बगल में बांज के करीब 25 पेड़ों को काटा जा चुका है। अवैध निर्माण के लिए अधिक संख्या में बांज के पेड़ काटे जाने का आंकलन प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि नाजिम ठेकेदार की जेसीबी को सीज कर दिया गया है। सोनगांव का निर्माण वाला क्षेत्र गधेरे के जद में है। भीमताल का बड़ा समुदाय कई समय से पेड़ लगाने का कार्य कर रहा है। बड़े पैमाने पर अवैध कटान का लोगों में रोष है। निरीक्षण करने वाली टीम में राजस्व उप निरीक्षक राकेश कठैत, जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के जेई अंकित बोरा आदि मौजूद थे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को खून से लिखे पोस्टकार्ड भेजेंगे अध्यापक

संवाददाता, हल्द्वानी

- शिक्षा मंत्री के आवास का करेंगे घेराव, आत्मदाह की चेतावनी
- प्रधानाचार्य की सीधी भर्ती के लिए जारी विज्ञप्ति का किया विरोध

**अमृत विचार :** शिक्षक संघ की एक आपातकालीन बैठक में सरकार की ओर से जारी की गई प्रधानाचार्य विभागीय सीधी भर्ती की विज्ञप्ति की कड़ी निंदा की गई है। संघ ने आरोप लगाया कि यह विज्ञप्ति प्रदेश के बहुसंख्यक शिक्षकों की भावनाओं की अनदेखी करते हुए जारी की गई है।

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से पूर्व में संघ को यह आश्वासन दिया गया था कि सचिव (कार्मिक) की अध्यक्षता में एक सप्ताह के भीतर बैठक कर निर्णय लिया जाएगा, लेकिन इसके विपरीत हठधर्मी रवैया अपनाते हुए विज्ञप्ति जारी कर दी गई, जिससे शिक्षकों में भारी आक्रोश है। बैठक में निर्णय लिया गया कि सीधी भर्ती परीक्षा को निरस्त करवाने के लिए 25 सितंबर के बाद श्रीनगर और नैनीताल में विशाल जुलूस निकाले जाएंगे, और इसके बाद देहरादून में शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि यदि सरकार ने शिक्षकों की उपेक्षा जारी रखी तो आंदोलन और उग्र रूप लेगा, शिक्षक आत्मदाह जैसा कदम उठाने को बाध्य होंगे। 25 सितंबर से सभी शिक्षक अपने खून से अपनी मांगों को पोस्टकार्ड पर लिखकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजेंगे। संघ ने यह भी ऐलान किया कि शिक्षा मंत्री धन सिंह रावत जहां जाएंगे, वहां उनका बहिष्कार किया जाएगा और उनके कार्यक्रमों का घेराव किया जाएगा। साथ ही, समस्त विधायकों को ज्ञापन देकर अपनी मांगों से अवगत कराया जाएगा। संघ ने प्रदेश के सभी शिक्षकों से आह्वान किया है कि जिन प्रभारी प्रधानाचार्यों ने अभी तक प्रभार नहीं छोड़ा है, वे तत्काल प्रभार त्याग दें और खंड शिक्षा अधिकारी के ग्रुप को छोड़ दें। किसी भी प्रकार की प्रशासनिक सूचना जैसे एमडीएम, उपस्थिति नहीं भेजें। कहा शिक्षक केवल शिक्षण कार्य ही करेंगे। बैठक में सामूहिक निर्णय लिया गया कि कोई भी शिक्षक बीएलओ ड्यूटी स्वीकार नहीं करेगा। संघ ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक सीधी भर्ती परीक्षा को निरस्त नहीं किया जाता, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। बैठक में प्रांतीय कार्यकारिणी, मंडल कार्यकारिणी सहित समस्त 13 जनपदों की कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

# टीईटी की अनिवार्यता पर जताया विरोध

संवाददाता, हल्द्वानी

- शिक्षकों ने मुख्यमंत्री धामी को सौंपा ज्ञापन
- शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग की

**अमृत विचार :** जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ की एक बैठक नगर निगम सभागार में प्रदेश अध्यक्ष विनोद थापा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री जगवीर खरोला ने किया। बैठक की शुरुआत में संघ के संशोधित संविधान का विमोचन किया गया और ऊधमसिंह नगर और पौड़ी गढ़वाल की नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणियों के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान 1 सितंबर के बाद प्रारंभिक शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता पर चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों ने एकमत से इस आदेश का विरोध करते हुए कहा कि इसे पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर लागू करना अन्यायपूर्ण है। वक्ताओं ने कहा कि 2010-11 के बाद अधिकांश शिक्षक टीईटी उत्तीर्ण हैं, ऐसे में उन्हें अनावश्यक रूप से प्रभावित करना गलत है।



नगर निगम सभागार में आयोजित बैठक के दौरान मौजूद शिक्षक। ● अमृत विचार

बैठक में प्रदेश भर के विधायकों, सांसदों, शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री के माध्यम से ज्ञापन सौंपने और पुनर्विचार याचिका दायर करवाने का निर्णय लिया गया। कहा कि यदि सरकार इस पर विचार नहीं करती है, तो संगठन धरना, प्रदर्शन और रैली जैसे आंदोलनों के लिए बाध्य होगा। बैठक में सुझाव दिया गया कि प्राथमिक, जूनियर और राजकीय शिक्षक संघों को साझा मंच बनाकर इस संघर्ष को आगे बढ़ाना चाहिए। इस दौरान उच्चीकृत विद्यालयों की स्थिति के शीघ्र समाधान, जूनियर हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय के शिक्षकों की अनिवार्य नियुक्ति, शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से मुक्त रखने की मांग, अल्मोड़ा जनपद में निशुल्क पुस्तकों की कमी के मुद्दों को लेकर और टीईटी में शिथिलता देने संबंधित ज्ञापन मुख्यमंत्री को सौंपा। वहीं डॉ. डीएन. भट्ट ने बताया कि पहले चरण में विकासखंड और जिला स्तरीय पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों के माननीय विधायकों व सांसदों के माध्यम से ज्ञापन सौंपेंगे। उसके उपरांत, आगे की रणनीति तय की जाएगी।

इस दौरान बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश चौहान, कोषाध्यक्ष मनोज शाह, संयुक्त मंत्री सुरेश प्रसाद भट्ट, मंडलीय सचिव सैन सिंह नेगी (गढ़वाल), मोहन चंद्र पालीवाल (कुमाऊं), प्रदेश संरक्षक सतीश घिल्डियाल, पुष्कर सिंह, विशाल सिंधवाल, निर्मल किशोर भट्ट, कुंवर पाल सिंह, जितेंद्र प्रताप, शेर सिंह पंवार, हरीश कोठारी, रमेश देव, रमेश रावत, भगत भंडारी, भोला सिंह रावत आदि उपस्थित रहे।

# चित्रकला में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में राज्य स्वच्छ गंगा मिशन नमामि गंगे के निर्देशन में स्वच्छोत्सव के अंतर्गत "स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा" के अवसर पर चित्रकला व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा होनी चाहिए। छात्राओं की सहभागिता इस बात का प्रमाण है कि वे स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजग हैं। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी व एनएसएस प्रभारी डॉ. रितुराज पंत ने बताया कि प्रतियोगिता में नमामि गंगे, एनएसएस और एनसीसी इकाई की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कला व शब्दों के माध्यम से स्वच्छता का सार्थक संदेश प्रसारित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गीता पंत ने किया। इस मौके पर लेफ्टिनेंट डॉ. रेखा जोशी, डॉ. फकीर सिंह, डॉ. हिमानी सहित कॉलेज के अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में डॉ. नेहा सिंह और डॉ. रेनू जोशी शामिल रहीं।




राजकीय महिला डिग्री कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं।

### चित्रकला में महक व स्लोगन में प्रियंका विजेता

चित्रकला प्रतियोगिता में महक साहू विजेता रहीं। जबकि द्वितीय स्थान अंजलि और ईशा मेहरा रहीं। तृतीय स्थान पर ऋषिका और शिप्रा रही। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रियंका विजेता और द्वितीय स्थान पर खुशी साहू और अनुष्का भट्ट, तृतीय स्थान पर अंजलि और इशिका पांडे रहीं।

### दुकान का ताला तोड़कर नकदी और घड़ी उड़ाई

**हल्द्वानी:** मुखानी थाना क्षेत्र के कमलुवागांजा स्थित गोविंदपुर गढ़वाल रोड पर एक स्पोर्ट्स की दुकान में चोरी की घटना सामने आई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दुकान स्वामी हिमांशु मेहरा ने पुलिस को बताया कि उनकी मेहरा स्पोर्ट्स के नाम से नरलसिंह तल्ला त्रिमूर्ति मंदिर के पास दुकान है। 15 सितंबर की शाम को वह दुकान बंद कर एक प्रतिष्ठान से पेमेंट लेने गए थे। जब वह कुछ देर बाद लौटे, तो उन्होंने देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर जांच करने पर पाया कि कैश काउंटर से लगभग 10 हजार रुपये नकद और एक घड़ी गायब है। चोरी की जानकारी मिलते ही प्रार्थी ने तुरंत 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। थाना मुखानी पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी है।

# एआई के युग में हिन्दी को सहेजने की अधिक आवश्यकता: प्रो. टंडन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी), नैनीताल की ओर से हिन्दी पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में कर्मचारियों और आमंत्रित कलाकारों ने हिन्दी भाषा की विविधताओं और महत्त्व को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि व निर्णायक के रूप में उपस्थित प्रो. नीरजा टंडन ने कहा कि आज जब दुनिया एआई की ओर बढ़ रही है। हमें हिंदी जैसी समृद्ध भाषा को केवल बचाना ही नहीं, बल्कि उसे और समृद्ध करने के प्रयास भी करने होंगे। उन्होंने हिन्दी को सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक बताते हुए इसकी निरंतरता पर जोर दिया।



कार्यक्रम को संबोधित करतीं वक्ता।

इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत प्रो. टंडन के पौधरोपण से हुई।

भास्कर जोशी ने "हम हिन्दी के प्रेमी" नामक एकल नाटक प्रस्तुत कर हिन्दी के प्रचार-प्रसार में व्यक्तिगत प्रयासों की आवश्यकता को रेखांकित किया। शर्मिष्ठा बिष्ट ने हिन्दी पर एक स्वरचित गीत गाकर वातावरण को भावविभोर किया। शोभा चारक और डॉ. दीपा जोशी ने कविता पाठ कर भाषा की भावनात्मक गहराई को छुआ। आनंद सिंह और गोपेश बिष्ट ने हिन्दी के प्रशासनिक प्रयोग के ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पर सारगर्भित वक्तव्य प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम का संचालन श्रद्धा गुरुरानी तिवारी ने कुशलता से किया और संयोजक डॉ. दीपा जोशी ने सभी प्रतिभागियों, अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# रक्तदान शिविर में हुई हीमोग्लोबिन की जांच

- रक्तदाताओं को सर्टीफिकेट किए गए वितरित

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार, स्वास्थ्य पखवाडा के तहत एसटीएच की ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. सलोनी उपाध्याय के नेतृत्व में एमआईईटी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शिविर लगाया। इस दौरान प्रतिभागियों की हीमोग्लोबिन जांच भी की गई, जिनका हीमोग्लोबिन कम पाया गया उनको मेडिकल कॉलेज की ओर से आयरन फोलिक एसिड की टेबलेट निःशुल्क मुहैया कराई गई।

शिविर के समापन पर रक्तदाताओं को जूट बैग व ब्लड डोनेशन सर्टीफिकेट वितरित किये गये। स्वास्थ्य पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 20 सितंबर को नैंसी कॉलेज ऑफ नर्सिंग ज्योलीकोट में, 22 सितंबर को यूनिटी कॉलेज ऑफ नर्सिंग रुद्रपुर में, 23 सितंबर को स्वामी विवेकानंद कॉलेज काशीपुर में, 24 सितंबर को वीथ्री कॉलेज ऑफ नर्सिंग रुद्रपुर में, 25 सितंबर को उत्तराखंड पैरामेडिकल कॉलेज हल्द्वानी में, 26 सितंबर को देवस्थली विद्यापीठ रुद्रपुर में, 27 सितंबर को सूरजमल कॉलेज किच्छा में, 29 सितंबर को श्री कॉलेज ऑफ नर्सिंग काशीपुर में, 30 सितंबर को गैट कॉलेज ऑफ नर्सिंग बाजपुर में और एक अक्टूबर को सिक्स सिगमा रुद्रपुर में रक्तदान शिविर होगा।

आंदोलन

अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी के बैनर तले पिछले 33 दिनों से विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं ग्रामीण

# भूमि अधिकार समेत अन्य मांगों को लेकर आज होगा महासम्मेलन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचारः** उत्तराखंड में भूमि के मालिकाना हक को लेकर चल रहा आंदोलन अब एक नए चरण में प्रवेश कर रहा है। बुधपार्क में 20 सितंबर को एक विशाल भूमि अधिकार सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह कदम अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी के नेतृत्व में अनिश्चितकालीन धरने के 33 दिन पूरे होने के बाद उठाया गया है।

अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी के बैनर तले ग्रामीण पिछले 33 दिनों से अपनी आठ सूत्रीय मांगों को लेकर धरना दे रहे हैं। इन मांगों में भूमि का मालिकाना हक, निर्माण कार्यों पर लगी रोक हटाना और अन्य संबंधित अधिकार शामिल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इतने दिनों तक धरना देने के बावजूद उनकी समस्याओं का कोई समाधान नहीं निकला, जिसके बाद उन्हें इस बड़े सम्मेलन का आयोजन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। धरना स्थल से यह घोषणा की गई है कि राज्य सरकार की उपेक्षा के बावजूद यह आंदोलन कमजोर नहीं होगा, बल्कि लोकतांत्रिक तरीकों से और भी मजबूती के साथ आगे बढ़ाया जाएगा। सम्मेलन के लिए बागजाला गांव में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोग इस आयोजन में शामिल हो सकें। धरने के 33वें दिन, किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी, डॉ. उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, चंदन सिंह मटियाली, दीवान सिंह बर्गली, विमला देवी, हेमा देवी, परवेज, बची सिंह कपकोटी, मीना भट्ट, एम.एस. मलिक, डॉ. कैलाश पांडे, अंबा दत्त, भोला सिंह, नसीर अहमद, हरक सिंह बिष्ट, दौलत सिंह कुंजवाल, पुष्पा पाल, सोहन लाल, अनीता अन्ना, दया देवी, अनीता, भगवती, रेखा देवी और शांति देवी सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे। उनका कहना है कि जब तक मांगों को पूरा नहीं किया जाता, तब तक उनका यह अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा।



काठगोदाम में शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपते बागजाला के ग्रामीण। ● अमृत विचार

### सीएम से मिला किसान महासभा प्रतिनिधिमंडल

आज अखिल भारतीय किसान महासभा बागजाला कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष डॉ. उर्मिला रैस्वाल और उपाध्यक्ष विमला देवी के नेतृत्व में राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सर्किट हाउस काठगोदाम में मिला। प्रतिनिधिमंडल ने बागजाला को दमुआढूगा की तरह मालिकाना अधिकार देने और राजस्व गांव का निर्माण करने, निर्माण कार्यों लगी रोक हटाने, पंचायत चुनाव का अधिकार बहाल करने, विकास कार्यों पर लगी रोक हटाने, सड़कों का डामरीकरण करने, घर शौचालय निर्माण पर लगी रोक हटाने की मांग की। मुख्यमंत्री को किसान महासभा बागजाला की ओर से आठ सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा गया। मुख्यमंत्री ने मांगों पर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग
भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना
गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश


# प्रबुद्ध जन गोष्ठी में सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा

## सेवा पखवाड़ा के तहत हुए आयोजन में पहुंचे पूर्व केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट, कहा-पीएम मोदी ने किए अभूतपूर्व कार्य

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत एक भव्य प्रबुद्ध जन गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री व क्षेत्रीय सांसद अजय भट्ट मौजूद रहे। उन्होंने महिला सशक्तिकरण, फिट इंडिया, ड्रोन दीदी, लखपति दीदी, सिन्दूर ऑपरेशन, बॉर्डर सुरक्षा, लोकल फॉर वोकल सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की।

शुक्रवार को रामपुर रोड स्थित एक होटल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने बीते वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है। चाहे आर्थिक क्षेत्र हो, सामाजिक सुधार हो या सैन्य क्षेत्र की मजबूती। देश ने हर मोर्चे पर नई ऊंचाइयां छुई हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के जीवन को बेहतर बनाने के लिए ऐतिहासिक योजनाएं लागू की हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक छवि मजबूत हुई है। पूरी दुनिया भारत की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री धामी की सराहना करते हुए कहा कि उत्तराखंड सरकार ने भी अल्प समय में बड़े फैसले लिए हैं। समान नागरिक संहिता लागू करना, नकल विरोधी कानून, सख्त भू-कानून और पर्यटन को गति देने के कदम, सभी इस बात के प्रमाण हैं कि धामी सरकार प्रदेश को नई दिशा दे रही है। इससे पूर्व सांसद अजय भट्ट, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महापौर विकास शर्मा, दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। गोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री तरुण दत्ता ने किया।



प्रबुद्ध जन गोष्ठी में मंचासीन पूर्व केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री अजय भट्ट व अन्य। ● अमृत विचार

### सेवा पखवाड़ा महज एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं : जिंदल

**रुद्रपुर :** जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा महज एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भाजपा की कार्य संस्कृति का जीवंत उदाहरण है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का जन्मदिन जनता की सेवा को समर्पित करना इस बात का प्रतीक है कि पार्टी का मूल उद्देश्य केवल सत्ता नहीं बल्कि समाज का कल्याण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### भारत के विकास की गति विश्व के लिए उदाहरण : शर्मा

**रुद्रपुर :** महापौर विकास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भारत को विकास की जिस गति से आगे बढ़ाया है, वह विश्व के लिए उदाहरण है। उन्होंने कहा कि शहर और गांव दोनों स्तर पर केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का असर स्पष्ट दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेश की जरूरतों को समझते हुए युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाए हैं और निवेश को आकर्षित करने के लिए ठोस प्रयास किए हैं।

**ये जनप्रतिनिधि रहे मौजूद :** जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्या, महापौर विकास शर्मा, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, पूर्व मेयर रामपाल सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीपाल राणा, कार्यक्रम संयोजक हिमांशु शुक्ला, विवेक सक्सेना, प्रमोद मित्तल, विजय तोमर, मोर सिंह यादव, अमित नारंग, शालिनी बोरा, मंडल अध्यक्ष सुनील ढुकराल, मुकेश पाल, जितेंद्र संधू, पारस चुघ, रोशन अरोरा, अक्षय गहलौत, सुरेंद्र चौधरी, सुरेश कोली, अनुभव चौधरी, सरिता चौधरी, रश्मि रस्तोगी, आशा मुंजाल, प्रेमलता, पार्षद पवन राणा, एमपी मौर्या, बीनू, विष्णु, गिरीश पाल, मुकेश रस्तोगी, राजेश जग्गा, चंद्रसेन कोली आदि मौजूद रहे।

### प्लास्टिक कचरा एकत्र कर निस्तारण किया

**बाजपुर :** सेवा पखवाड़ा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान चलाया गया। शुक्रवार को बन्नाखेड़ा रेंज के अंतर्गत वन परिसर व आसपास के ग्रामीण इलाकों में अभियान के दौरान प्लास्टिक कचरा एकत्र कर उसका निस्तारण किया गया। अभियान के दौरान पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत नैनीताल तारा सिंह नेगी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। उन्होंने पौधारोपण कर ग्रामीणों से अपने क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने की अपील की।



सीएचसी में पौधरोपण करते भाजपा कार्यकर्ता व चिकित्सक। ● अमृत विचार

### पीएचसी में भाजपाइयों ने किया पौधरोपण

**शक्तिफार्म :** धरा को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संदेश देते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पौधरोपण किया। इस दौरान नवीन पदभार ग्रहण करने वाली महिला चिकित्सक का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंद तालुकदार की अगुवाई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पौधरोपण किया। इससे पूर्व भाजपा कार्यकर्ताओं ने "सेवा पखवाड़ा दिवस" के अवसर पर पूरे स्वास्थ्य केंद्र परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवीन तैनाती पर पदभार ग्रहण करने के पश्चात महिला चिकित्सक डॉ. ख्याति सिंह का स्वागत किया। महिला चिकित्सक की स्थायी तैनाती होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का आभार जताया। इस मौके पर जिला महामंत्री भाजयुमो मयंक अग्रवाल, रमेश राय, श्याम सुंदर, विश्वजीत मिस्त्री, डॉ. दर्शन सिंह आदि मौजूद रहे।



बाजपुर बन्नाखेड़ा वन रेंज में सफाई अभियान चलाते वन अधिकारी-कर्मचारी।

# किच्छा के सीएचसी में हुआ सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम

- सांसद भट्ट ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर भर्ती मरीजों से समस्याएं जानीं
- प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का भी निरीक्षण किया

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर आयोजित स्वास्थ्य सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत नगर स्थित सरदार बल्लभभाई पटेल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद अजय भट्ट ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान सांसद भट्ट ने स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीजों से वार्ता कर उनकी समस्याएं जानीं। सांसद भट्ट ने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



किच्छा में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते सांसद अजय भट्ट।

औषधि केंद्र पर सांसद भट्ट ने उपलब्ध दवाओं, उनकी गुणवत्ता और सुलभ मूल्य की जानकारी हासिल की। उन्होंने भाजपा सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं आम जनता तक समय पर पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा पीएम मोदी के जन्म दिवस पर आयोजित स्वस्थ नारी - सशक्त परिवार सेवा पखवाड़ा के माध्यम से पूरे देश में स्वास्थ्य, स्वच्छता और सेवा से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि आम जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके। कार्यक्रम में कांग्रेस विधायक तिलक राज बेहड़, वरिष्ठ भाजपा नेता पुष्कर काला, कार्यक्रम मैनेजर आरती सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी के के अग्रवाल ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के दौरान देवभूमि व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष विजय अरोड़ा एवं महामंत्री नितिन फुटेला ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों की तैनाती किए जाने को लेकर सांसद अजय भट्ट को ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी डॉ राहुल गौर, महिला चिकित्सक डॉ कनक बनोठ, डॉ एसपी सिंह, डॉ एमके तिवारी, डॉ उदय शंकर, डॉ अश्वनी तिवारी, विवेक सक्सेना, राजेश शुक्ला, गोल्डी गोराया, लवी सहगल, विपिन जलहोत्रा, संजीव कुमार सिंह, , ओम प्रकाश पप्पू, अभिषेक सक्सेना, शोभित शर्मा, राकेश गुप्ता, पूनम अग्रवाल, मनमोहन सिंह, दया डसीला, सुभाष तनेजा, आरती दुबे आदि मौजूद रहे।



सुल्तानपुर पट्टी में आयोजित शिविर में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### शिविर में 183 लोगों ने उठाया स्वास्थ्य लाभ

**सुल्तानपुर पट्टी :** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 183 लाभार्थियों ने भाग लिया और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में एनसीडी स्क्रीनिंग, हीमोग्लोबिन टेस्ट, टीकाकरण और अन्य स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से यह प्रयास महिलाओं के स्वास्थ्य को सुदृढ़ कर परिवार को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। अभियान में नोडल अधिकारी डॉ. खालिद यूनुस लोन और चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह की देखरेख में सेवाएं प्रदान की गईं। इस दौरान फार्मासिस्ट आरती पाल, शिवेंद्र कुमार, इमरान अली, विनीता नगरकोटी, सुमन जोशी, सीएचओ आमिर, नर्सिंग अधिकारी, फील्ड इन्वेस्टिगेटर मो. उस्मान टिस एवं सीएचएसओ सुजाता, बी.एच.1 मिनाक्षी गुरुंग, इंटर्न कार्यान्वेषक अनुराग सिंह और प्रिया, साथ ही स्वच्छक विनोद कुमार ने सक्रिय भूमिका निभाई। नोडल अधिकारी डॉ. खालिद यूनुस लोन ने कहा कि इस तरह के शिविरों का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।


हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड
HINDUJA HOUSING FINANCE
कॉर्पोरेट कार्यालयः नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सलाई, सैदापेट, चेन्नई-600015, ईमेलः auction@hindujahousingfinance.com
असवानी कॉम्प्लेक्स गोल्डन फर्नीचर के पास बरेली रोड हलद्वानी-263132
आरएलएम-ब्रजेश अवस्थी-9918301885, आरआरएम- हरिश चंद यादव, 7060411785, सीएलएम- श्री रवि दीक्षित 9794347032, सीआरएम- अनिल कुमार, 9927028507

सांकेतिक कब्जा सूचना

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियो के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रति भूति हित अधिनियम के प्रवर्तन के अधीन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, का प्राधिकृत अधिकारी होने तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 (2002 का नं. 3) के नियम के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत शक्तियो के अंतर्गत निम्नलिखित कर्जदारों (तदोपरान्त कर्जदार एवं गारंटरों को संयुक्त रूप से "कर्जदार" कहा गया है) को निम्नांकित दिनांको को मांग नोटिस जारी किया था जिसमें उल्लेखित राशि प्रत्येक खाते के आगे वर्णित है उक्त सूचना की तिथि से 60 दिनों के अंदर भुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार उक्त राशि का भुगतान करने मे असफल हो गये है, इसलिए एतद्द्वारा कर्जदार और गारंटर तथा आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने इसमे नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा, उक्त अधिनियम की धारा 13(4), उक्त नियमो के नियम 8 के साथ पठित के अधीन उन्हे प्रदत्त शक्तियों के इस्तेमाल के अन्तर्गत सम्पत्ति का कब्जा नीचे प्रत्येक खाते के सामने अंकित के अनुसार लिया है। विशेष रूप से कर्जदार और गारंटर तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के साथ लेन-देन न करने के लिए सावधान किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी लेन देन **हिंदुजा हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड**, के प्रभार वास्ते निम्नलिखित राशि और उपरोक्तानुसार राशि पर संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज, आकस्मिक खर्चे, लागत, प्रभार इत्यादि सहित के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/गारन्टर के नाम एवं पता | मांग सूचना की तारीख / कब्जा सूचना की तिथि | बकाया राशि | अचल सम्पतियों का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | UP/ALI/RMPR/A000000121, श्री शोभित अग्रवाल 5 गा घेर मुसीवाला चाह सोतिया, 0, 5जीए, घेर मुसीवाला चाह सोतिया रामपुर, सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत - 244901, श्रीमती रश्मी अग्रवाल, साईं मंदिर के पास, 0, गैर मुंशीवाला चाह सोतिया रामपुर, सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत - 244901 | 12-06-2025 / 16-09-2025 सांकेतिक | ₹ 12,29,606/- दिनांक 10-06-2025 तक + ब्याज इत्यादि | घेर मुसीवाला चाहा सोतियान रामपुर, रामपुर, सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत - 244901, सीमाः उत्तर - राजिंदर का प्लॉट दक्षिण - 6 फीट चौड़ी सड़क पूर्व - हेमराज का घर पश्चिम - शुशील का घर |
| 2 | UP/HDW/STGJ/A000000125, श्री सुभाष चौहान, श्रीमती उर्मिला देवी, दोनों: शक्तिफार्म शास्त्री वार्ड नंबर 2 टेगोर नगर शक्ति फार्म, शक्तिफार्म, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत - 263151 | 08-05-2025 / 15-09-2025 सांकेतिक | ₹ 20,04,427/- दिनांक 05-06-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खाता संख्या 00121 बघौरा खटीमा सितारगंज, सितारगंज, सेमीअर्बन, सितारगंज, उत्तराखंड, भारत - 263151, सीमाः उत्तर - गुरमेल सिंह की संपत्ति, दक्षिण - पूजा जोशी की संपत्ति, पूर्व - अन्य संपत्ति, पश्चिम - सड़क |
| 3 | UP/HDW/RDRP/A000000259 श्री मंजीत सिंह और श्रीमती नवनीत कौर, दोनों, महेशपुरा बाजपुर, बाजपुर, सेमीअर्बन, बाजपुर, उत्तराखंड, भारत - 262401 | 08-05-2025 / 15-09-2025 सांकेतिक | ₹ 12,73,981/- दिनांक 05-06-2025 तक + ब्याज इत्यादि | 1, प्लॉट नं. 84, खसरा नंबर 84 मिनट, माता मंदिर के अलावा, गांव, महेशपुरा, बाजपुर उत्तराखंड-262401, सीमाबद्धः उत्तर - अन्य संपत्ति, दक्षिण - अन्य संपत्ति, पूर्व - अन्य संपत्ति, पश्चिम - 20 फीट सड़क |
| 4 | UP/HDW/KSHP/A000000282, श्री इस्लाम अली, श्रीमती मेहनाज बी, दोनों: घोसीपुरा पट्टी कलां रहमतगंज, सुअर, सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत - 244924 | 09-06-2025 / 15-09-2025 सांकेतिक | ₹ 20,59,859/- दिनांक 09-06-2025 तक + ब्याज इत्यादि | खाता नंबर 567, खसरा नंबर 336/1 मिन, पट्टी कलां, घोसीपुरा, सुल्तानपुर, एसयूएआर, सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत - 244924, सीमाः उत्तर - अन्य संपत्ति, दक्षिण - 16 फीट रोड, पूर्व - मोहम्मद असलम की संपत्ति, पश्चिम - यामीन की संपत्ति |
| 5 | UP/HDW/HDWN/A000000456 & UP/HDW/HDWN/A000000763, श्री संजय ढौंडियाल, श्री विजय ढौंडियाल, दोनों: मकान नं. लांबा 32 ओमेक्स रुद्रपुर, रुद्रपुर, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत - 263153 | 24-02-2025 / 16-09-2025 सांकेतिक | ₹ 39,15,951/- दिनांक 18-02-2025 तक + ब्याज इत्यादि | फ्लैट नंबर 206, एब्रो, ग्राम कल्याणपुर, ओमेक्स खसरा नंबर 75, 76, 77/1, 83/1/2, 84/1/2, 85/1, यूएस नगर, ट्रेंड्स मॉल, रुद्रपुर, उत्तराखंड, 263153,ओमेक्स, सेमीअर्बन, रुद्रपुर, उत्तराखंड, भारत - 263153, सीमाएंः उत्तर - फ्लैट संख्या 205, दक्षिण - ओपन टू स्काई और पार्क जीएफ पर, पूर्व - जीएफ पर रोड फिर एब्रो एच विंग्स, पश्चिम - सीढ़ियाँ और फ्लैट संख्या 204 |
| 6 | UP/HDW/RDRP/A000000324, श्री मोहम्मद उस्मान, श्री तौफीक अहमद, दोनों: वार्ड नंबर 5 मोहल्ला अगलगा सुअर रामपुर, सौर, सेमीअर्बन, रामपुर, उत्तर प्रदेश, भारत - 244924 | 09-06-2025 / 15-09-2025 सांकेतिक | ₹ 11,04,456/- दिनांक 09-06-2025 तक + ब्याज इत्यादि | 1, खसरा संख्या 655 मिन, गाँव - महेशपुरा, दौराहा, बाजपुर, यू.एस.नगर, उत्तराखंड, दोराहा पुलिस स्टेशन, बाजपुर, उत्तराखंड-262401, सीमाएंः उत्तर - अन्य संपत्ति दक्षिण - सड़क पूर्व - विक्रम सिंह की संपत्ति पश्चिम - सड़क |

दिनांक : 19-09-2025, स्थान : हल्द्वानी
प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड



अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें 9532374039 8077909468

सूचना
सूचित करना है कि मेरे डीएल संख्या यूके 04-20060053408 में मेरा नाम NAIM AHAMAD गलत दर्ज है जबकि मेरा नाम NAEEM AHAMAD है मुझे मेरे सही नाम से जाना जाए। **NAEEM AHAMAD पुत्र जलील अहमद, छप्पर वाली मस्जिद के पास खताड़ी, रामनगर (नैनीताल)।**

सूचना
मैंने अपने पुत्र भुवनेश्वर कुमार को गलत संगति में पड़ने के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर दिया है। भविष्य में भुवनेश्वर द्वारा किए किसी भी कार्य का वह स्वयं जिम्मेदार रहेगा। **राजेश कुमार पुत्र चन्द्र प्रकाश, ग्राम-भुजिया नं०-3, वार्ड नंबर- 17 खटीमा, उधमसिंह नगर।**

सूचना
मैंने वर्ष 2021 में इण्टरमीडिएट तक की परीक्षा सरस्वती विद्या मन्दिर गदरपुर से उत्तीर्ण की थी। जिसकी मूल टी० सी० मैंने प्राप्त कर ली थी। जो कि कहीं गुम हो गई है और काफी ढूढने पर भी नहीं मिल पाई है। **विकास कुमार पुत्र श्री मंगल, निवासी ग्राम सुखशान्तिनगर, तहसील गदरपुर, जिला ऊधमसिंहनगर।**




किच्छा में फैक्ट्री गेट के सामने हंगामा करते दैनिक मजदूर। ● अमृत विचार

# फैक्ट्री में बकाया वेतन को लेकर मजदूरों का हंगामा

- हंगामा कर रहे मजदूरों ने दो माह से वेतन न मिलने का लगाया आरोप
- प्रबंधन ने ठेकेदार को तलब कर समाधान जल्द करने का दिया भरोसा

संवाददाता, किच्छा

**अमृत विचार:** कोतवाली अंतर्गत क्षेत्र स्थित फैक्ट्री के तमाम मजदूरों ने बकाया वेतन भुगतान की मांग को लेकर जोरदार हंगामा किया। इस दौरान मजदूरों ने प्रदर्शन करते हुए ठेकेदार पर तमाम गंभीर आरोप लगाते हुए भुगतान जल्द देने की मांग की। हड़ताल करते हुए मजदूरों ने बकाया वेतन मिलने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है।

नगर के रुद्रपुर मार्ग स्थित एक फैक्ट्री के मुख्य गेट पर शुक्रवार की सुबह करीब 10 बजे दर्जनों मजदूरों ने हंगामा शुरू कर दिया। मजदूरों का कहना था कि उन्हें करीब 2 महीने से वेतन नहीं मिला है, जिसके चलते मेहनत मजदूरी करने वाले दैनिक मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। फैक्ट्री के मुख्य द्वार के सामने प्रदर्शन कर रहे करीब तीन दर्जन से अधिक मजदूरों ने कहा कि उनके द्वारा लगातार वेतन की मांग की जा रही है, लेकिन मजदूरी न मिलने के कारण उनके घर की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। धरना प्रदर्शन के दौरान श्याम रस्तोगी, कृष्ण पाल, राकेश कुमार, हरेंद्र पाल, वेदांत सक्सेना, करणदीप सिंह, हरेंद्र पाल, सागर कश्यप, नरेश गंगवार, नीरज कुमार आदि मौजूद रहे। इस संबंध में फैक्ट्री प्रबंधन से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि प्रदर्शन कर रहे दैनिक मजदूरों द्वारा ठेकेदार के माध्यम से फैक्ट्री में काम किया गया है तथा प्रबंधन द्वारा ठेकेदार से तय की गई शर्तों के अनुसार समय-समय पर ठेकेदार को वेतन भुगतान किया जा रहा है, बावजूद इसके मजदूरों के बकाया वेतन का मामला अब उनके सामने आया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में ठेकेदार को तलब किया गया है और ठेकेदार से वार्ता के बाद जल्द ही मजदूरों की समस्या का समाधान भी हो जाएगा।

**ब्रीफ न्यूज**

### नवरात्रि पर्व पर मांस, अंडा व मछली बिक्री पर प्रतिबंध हो

**खटीमा :** शिवसेना और भवानी सेना के कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी तुषार सैनी को ज्ञापन सौंपकर नवरात्रि पर्व पर मांस, अंडा तथा मछली की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। एसडीएम सैनी को सौंपे ज्ञापन में नवरात्रि पर्व को हिंदू की आस्था का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनकी भावना से किसी तरह का खिलवाड़ न हो। ज्ञापन देने वालों में शिवसेना व भवानी सेवा के उप जिला प्रमुख राजकुमार गुप्ता, नगर प्रमुख विजय कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष शोभित कटारिया, भवानी सेवा नगर प्रमुख वीना मिश्रा, विमल, रोहित कुमार, विशाल गौरव, शिवा, हरस्वरूप, छेंदालाल, राजकुमारी, राधा देवी, इंद्रावती आदि शामिल थे।

### 3.81 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**सितारगंज :** शक्तिफार्म चौकी क्षेत्र में देर रात गश्त के दौरान पुलिस ने संदिग्ध हालात में घूम रहे एक युवक को पकड़कर उसके कब्जे से 3.81 ग्राम स्मैक (हेरोइन) बरामद की है। पुलिस बल चौकी शक्तिफार्म क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। सिरसा रोड पर एक युवक पुलिस वाहन को देखते ही जंगल की ओर भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए पीछा कर युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम जयदेव राय (उम्र 25 वर्ष), निवासी शक्तिफार्म नं. 3 बताया। तलाशी लेने पर उसकी जेब से 3.81 ग्राम स्मैक (हेरोइन) पाया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह राज मिस्त्री का काम करता है और पिछले दो वर्षों से नशे का आदी है।

### नाबालिग को जबरन अपने साथ ले जाने का आरोप

**बाजपुर :** 9 नाबालिग 16 वर्षीय पुत्री को जबरन अपने साथ ले जाने का आरोप लगा एक युवक के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस चौकी बन्नाखेड़ा के अंतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 18 सितंबर की दोपहर बाद करीब डेढ़ बजे उनकी 16 वर्षीय पुत्री घर से खेत पर जाने के लिए निकली थी, लेकिन खेत तक नहीं पहुंची। परिजनों ने खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। इसी दौरान एक व्यक्ति ने जानकारी दी कि बेटी को गांव का ही एक युवक अपने परिजनों के सहयोग से साथ ले गया है। आशंका जाहिर करते हुए कहा कि उनकी बेटी नाबालिग है, इसलिए उसके साथ कोई अनहोनी हो सकती है। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# सात घरों व मंदिर पर लगाया लाल निशान

- अतिक्रमणकारियों को दिया एक दिन का समय
- तय समय पर अतिक्रमण नहीं हटा तो एनएचएआई करेगी कार्रवाई

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** किच्छा राष्ट्रीय राजमार्ग में राधास्वामी सत्संग हॉल के पास अतिक्रमण की जद में आ रहे सात घरों और एक मंदिर को हटाने के लिए एनएचएआई की टीम ने लाल निशान लगाए हैं। साथ ही टीम ने सभी को एक दिन का समय दिया हुआ है। अगर लोगों ने अतिक्रमण स्वयं ध्वस्त नहीं किया तो एनएचएआई की टीम ने अतिक्रमण ध्वस्त करेगी।

यहां बता दें कि किच्छा राष्ट्रीय राजमार्ग पर राधास्वामी सत्संग हॉल के पास फ्लाईओवर निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। निर्माण कार्य की जद में सात घर और एक मंदिर भी आ रहे हैं। इसको लेकर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) जून और 20 अगस्त को संबंधित लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस जारी कर चुकी है। बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाया है।

एनएचएआई के परियोजना प्रबंधक तुषार गुप्ता ने बताया कि नोटिस देने के बाद भी जब लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया तो आज वहां पर लाल निशान लगाये गये हैं। साथ ही अतिक्रमणकारियों को एक दिन का समय दिया गया है। उन्होंने कहा कि तय समय पर अतिक्रमण नहीं हटा तो फिर एनएचएआई की टीम कार्रवाई करेगी।

## नैनीताल-बाजपुर मार्ग पर पहुंचा हाथियों का झुंड

**बाजपुर:** नैनीताल-बाजपुर मुख्य मार्ग पर अचानक हाथियों का झुंड आ पहुंचा। गड़प्पू जंगल के पास मुख्य सड़क पर आए हाथियों को देखकर राहगीरों और वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। कुछ देर तक यातायात भी प्रभावित रहा। शुक्रवार प्रातः करीब नौ बजे हाथी सड़क किनारे जंगल से निकलकर अचानक मुख्य मार्ग किनारे पहुंच गए। इस दौरान कई वाहन दोनों ओर से रुक गए। वाहन चालकों ने सुरक्षित दूरी बनाकर खड़े रहना ही मुनासिब समझा। लगभग बीस मिनट तक हाथियों का झुंड सड़क किनारे टहलता रहा। इसके बाद धीरे-धीरे झुंड पुनः जंगल की ओर चला गया, तब जाकर आवागमन सामान्य हो सका। इस दौरान मौके पर मौजूद कई लोगों ने हाथियों के झुंड का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर साझा कर दिया।

## गुरुद्वारा सिंह सभा बाजपुर की बैठक अध्यक्ष कुलविंदर सिंह किंदा की अध्यक्षता में हुई

# शहीदी दिवस और प्रकाश पर्व मनाने को लेकर तैयारी शुरू

संवाददाता, बाजपुर



बाजपुर के गुरुद्वारा साहिब में बैठक की जानकारी देते कुलविंदर सिंह किंदा व पदाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** गुरुद्वारा सिंह सभा बाजपुर की बैठक अध्यक्ष कुलविंदर सिंह किंदा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में दो महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई।

पहला विषय श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी का 350वां शहीदी दिवस 27 नवंबर को मनाने के विचार किया गया, जिस पर विशेष विचार-विमर्श कर संभावित कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। दूसरा विषय श्री गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाश पर्व रहा, जिसे पांच नवंबर को श्रद्धाभाव से मनाने का निर्णय लिया गया। निर्णयों के अनुसार, दोनों आयोजनों को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया जाएगा। बैठक में यह भी तय किया गया कि आगामी माह से शादियों का सीजन शुरू होने जा रहा है और इस दौरान किन्नर समाज द्वारा परिवारों से अधिक धनराशि मांगे जाने की समस्या पर भी चर्चा हुई।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने निर्धन परिवारों के लिए 3100 रुपये तथा संपन्न परिवारों के लिए 5100 रुपये की शगुन राशि तय की है। इसी तरह मरासी समाज को 1100 से 2100 रुपये तक की राशि देने का निर्णय लिया गया, यदि कोई व्यक्ति इससे अधिक धनराशि मांगने के लिए दबाव बनाएगा तो संबंधित परिवार गुरुद्वारा साहिब कमेटी से शिकायत कर सकेगा और कमेटी उसका समाधान करवाएगी। बैठक में भाकियू के प्रदेश अध्यक्ष कर्म सिंह पड्डा, कुमाऊं मंडल अध्यक्ष विक्की रंधावा, गुरुद्वारा साहिब के सचिव अवतार सिंह सैनी, गुरुद्वारा नानकमत्ता साहिब के निदेशक प्रभु शरण सिंह, सुरमुख सिंह, रेशम सिंह, ज्ञानी सुरजीत सिंह, सर्वजीत सिंह, प्रबंधक बलविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

# धान खरीद की तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा

## एक अक्टूबर से शुरू हो जाएगी धान की खरीद, अपर जिलाधिकारी ने दिए सभी तैयारी पूर्ण करने के निर्देश

संवाददाता, रुद्रपुर



अधिकारियों, किसानों व राइस मिलर्स के साथ बैठक करते अपर जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** धान खरीद की तैयारियों को लेकर अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय ने विभागीय अधिकारियों, किसानों व राईस मिलर्स पदाधिकारियों के साथ धान खरीद 2025-26 की तैयारियों की समीक्षा की। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि एक अक्टूबर से धान खरीद प्रारंभ हो जाएगी। इसके लिए सभी तैयारियां को समय से पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे दिये गये हैं।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक के दौरान किसान व संगठन के पदाधिकारियों ने धान क्रय केंद्र बढ़ाने, नमी के मानकानुसार कटौती करने, किसानों को समय से धान का भुगतान करने, लीज, स्टॉम्प, ठेके पर ली गयी भूमि पर लगायी गयी धान की फसल को खरीद के लिए समय से स्थानीय किसानों के पहले धान खरीदने की मांग रखी। वहीं अपर जिलाधिकारी ने किसानों के धान का समय से भुगतान करने के लिए राइस मिलर्स को निर्धारित समयानुसार भुगतान करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि राइस मिलर्स द्वारा किसानों से मानक के अतिरिक्त धान की किसी प्रकार की कटौती न की जाए। किसानों ने धान क्रय केंद्र बढ़ाये जाने की मांग रखी। जिस पर अपर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि और धान क्रय केंद्र बढ़ाये जाने के लिए अपने-अपने क्षेत्र में सर्वे व निरीक्षण कर लें। ताकि आवश्यतानुसार धान क्रय केंद्र बढ़ाए जा सकें। उन्होंने किसानों को आश्वासन देते हुए कहा कि किसानों का पूरा धान खरीदा जाएगा। किसानों के हित में जो भी होगा अवश्य किया जाएगा।

### धान क्रय केंद्रों पर लगाएं एजेंसी के नाम की फ्लेक्सी

**रुद्रपुर :** अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सभी धान क्रय केंद्रों पर एजेंसी के नाम का फ्लेक्सी लगवाएं एवं उस पर संबंधित क्रय केंद्र प्रभारी का नाम, मोबाइल नंबर, संबंधित क्षेत्र के उप जिलाधिकारियों का नाम व मोबाइल नंबर व टोल फ्री नंबर भी अंकित करें। ताकि किसानों को किसी प्रकार की समस्या होने पर वार्ता कर समाधान कर सकें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी क्रय केंद्रों पर पंखा, नमी मापक यंत्र, कॉटा, पीने के लिये पानी आदि सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

### कच्चा आढ़तियों को किसानों को परेशान न करने की हिदायत

**रुद्रपुर :** अपर जिलाधिकारी ने सभी क्रय एजेन्सियों व कच्चा आढ़तियों से कहा कि धान खरीद में किसानों को अनावश्यक परेशान न किया जाए। साथ ही किसानों को समय से भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि व्यवहारिक रूप से जो भी किसानों के लिए सहयोग होगा हम सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि धान खरीद की पूरी मॉनिटरिंग की जाएगी।

### बैठक में ये अधिकारी व लोग रहे मौजूद

प्रबंध निदेशक मंडी हेमंत वर्मा, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. अभय सक्सेना, क्षेत्रीय विपणन अधिकारी लता मिश्रा, अध्यक्ष राईस मिलर्स एसोसिएशन सचिन गोयल, उपाध्यक्ष रमेश गर्ग, किसान जगरूप सिंह गिल, संतोख सिंह, बलविंदर सिंह, विक्रम जीत सिंह सहित संबंधित विभागीय अधिकारी, किसान व राईस मिलर्स के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पुराने तहसील परिसर में कूड़ा डालने के विरोध में दिया धरना



खटीमा में पुराने तहसील परिसर गेट पर धरना देते सभासद व अन्य। ● अमृत विचार

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद के सभासद सिद्धांत सिंह ने पुरानी तहसील परिसर में कूड़ा डालने का पुरजोर विरोध किया। उन्होंने शुक्रवार को स्थानीय लोगों के साथ धरने पर बैठकर अपना विरोध जताया और कूड़ा डालने आए वाहनों को गेट के बाहर ही रोक दिया।

सभासद सिंह ने एसडीएम तुषार सैनी को ज्ञापन सौंपकर कूड़ा डालने वाले ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सभासद सिंह ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र से कूड़ा उठाने वाला ठेकेदार कूडे.का नगर के बीच खाली पड़े पुरानी तहसील परिसर में डाल रहा है। जबकि परिसर क्षेत्र में ही शहीद स्मारक, बाजार पुलिस चौकी, शनिदेव मंदिर स्थित है। वहीं आसपास लगभग 30 परिवार निवास करते हैं। कूड़े से उठने वाली दुर्गंध के कारण, मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं, पुलिस कर्मियों व फरियादियों, आसपास निवास करने वाले लोगों व राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कूडे. के कारण संक्रमण फैलने से बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि कई बार मना करने के बाद भी ठेकेदार द्वारा दबंगई दिखाते हुए कूड़ा पुरानी तहसील परिसर में ही डाला जा रहा है। इस दौरान पारस अग्रवाल, रोहित चौधरी, विवेक वर्मा, संजय रस्तोगी, हर्षित सिंह, कुंदन, आयुष, अजीत सिद्दीकी, अजीम आदि मौजूद रहे।

# नन्ही परी को लेकर निकाला कैंडल मार्च

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** नन्ही परी को न्याय दिलाने की मांग अब मैदानी क्षेत्र के खटीमा में भी उठने लगी है। बृहस्पतिवार को ग्राम चटिया से कुटरा तक ग्रामीणों ने कैंडल मार्च निकालकर नन्ही परी को न्याय दिलाने एवं स्वयं को पीड़ित परिवार के साथ खड़े होकर न्याय दिलाने तक का भरोसा दिया।

नवंबर 2014 को पिथौरागढ़ से हल्द्वानी में शादी समारोह में सम्मिलित हुई बच्ची का 5 दिन बाद उसका गौला नदी के किनारे शव मिला था। अब पर्वतीय अंचलों से मैदानी क्षेत्र तक धरना–प्रदर्शन कर न्याय की पुरजोर मांग होने लगी है। गुरुवार देर शाम चटिया स्कूल से कुटरा प्राइमरी विद्यालय तक बड़ी संख्या में एकत्रित लोगों ने कैंडल मार्च किया और कुटरा विद्यालय के समीप मोमबत्तियां जलाकर नन्ही परी को श्रद्धांजलि दी और संकल्प लिया कि तेरे हत्यारों को फांसी दिलाकर ही दम लेंगे। कैंडल मार्च में कविता कापड़ी, रेखा सोनकर, हेमलता बसेड़ा, राम पांडे, राजू चन्द, दीपक मुडेला, भुवन चंद्र कॉलोनी, उमेश चंद, रोबिन चंद, सुनीता पलियाल, मनोज बसेड़ा, संतोष चंद, चंद्रकला, रेनू जोशी, प्रेम गोस्वामी, शरद राणा, नेहा जोशी, हिमांशु भट्ट आदि सम्मिलित थे। इधर उद्योग व्यापार मंडल पिथौरागढ़ के आह्वान पर 20 सितंबर को ग्राम देवरी से बाबा दरियानाथ मंदिर तक कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी जाएगी।

## खुली नालियों पर जाल डाला जाए

**किच्छा:** युवा शक्ति संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने नवनियुक्त अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला का स्वागत किया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया और नगर एवं जनता के हित में कार्य करने की उम्मीद जताई। अधिशासी अधिकारी शुक्ला को ज्ञापन सौंपते हुए उन्होंने कहा कि नगर के तमाम क्षेत्रों में नशेड़ियों द्वारा नालियों के ऊपर लगे लोहे के जाल को गायब कर दिया गया है तथा नगर के आवास विकास, मुख्य सड़क एवं सरकारी अस्पताल के निकट नालियों पर लगे जाल या तो क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, या गायब होने के कारण आए दिन मौके पर दुर्घटनाएं हो रही है। नगर प्रमुख सोनू गुप्ता, संदीप बावा, अर्जुन सिंह, अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# पहचान छिपाकर हिंदू महिलाओं से चैटिंग करने पर रोष

संवाददाता शक्तिफार्म



कार्रवाई की मांग को लेकर पुलिस चौकी इंचार्ज से वार्ता करते युवा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** व्यवसाय के आड़ में अपनी पहचान छिपा कर विशेष समुदाय के युवाओं द्वारा नकली आईडी से स्थानीय हिंदू महिलाओं से चैटिंग करने का मामला सामने आने पर आक्रोश फूट पड़ा। स्थानीय युवाओं ने पुलिस चौकी पहुंच इन व्यवसायियों पर लव जेहाद का मुहिम चलाने का आरोप लगाते हुए इनके खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने समुदाय विशेष के युवाओं का मोबाइल अपने कब्जे में लिया।

बिना सत्यापन एवं अपनी पहचान अच्छी प्रकार क्षेत्र में रह रहे बाहरी लोग, अब स्थानीय सुरक्षा के लिए चुनौती बनते जा रहे हैं। शुक्रवार को टैगोर नगर तीन पानी बाजार स्थित एक विशेष समुदाय के सैलून संचालक द्वारा अपनी पहचान छिपाकर स्थानीय हिंदू महिला से चैटिंग करते पाए जाने पर स्थानीय युवाओं का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों का आरोप है कि बाहरी क्षेत्र से आकर व्यवसाय करने वाले विशेष समुदाय के अधिकांश लोग इस तरह की गतिविधियों में लिप्त हैं। इसके बाद दर्जनों युवा पुलिस चौकी पहुंच कर बिना सत्यापन बाहरी लोगों को दुकान, मकान या कारोबार की इजाज़त दिए जाने का घोर विरोध किया।

युवाओं ने आरोप लगाया कि कई बाहरी लोग दुकानों के नाम बदलकर अपनी वास्तविक पहचान छुपा रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफार्म में हिंदू नाम से फर्जी आइडी बनाकर हिंदू महिला, युवती और किशोरियों से चैटिंग व अन्य माध्यमों से लव जेहाद की मुहिम चला रहे हैं। कई लोग मकानों व दुकानों में किराए पर रह रहे हैं, लेकिन उनका पुलिस सत्यापन तक नहीं हुआ है। यह लापरवाही किसी बड़े हादसे या अपराध की वजह बन सकती है। युवाओं ने फेरी लगाने वाले, कबाड़ी, फल-सब्जी बेचने वाले का भी सत्यापन कराए जाने की मांग की। व्यापार मंडल अध्यक्ष रविन्द्र अग्रवाल ने सभी मकान मालिकों एवं व्यापारियों से किराएदार व कामगारों का 31 सितंबर तक सत्यापन कराने की अपील की। चौकी प्रभारी प्रकाश भट्ट ने कहा कि आरोपी व्यवसायी के मोबाइल की साइबर सेल से जांच कराई जाएगी। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल, व्यापार मंडल अध्यक्ष रविंद्र अग्रवाल, राजा हालदार, हरेंद्र मंडल, मिथुन पहाड़, आनंद सरकार, विक्रम भंडारी मौजूद रहे।

### खेल स्टेडियम और रोडवेज बस अड्डा की मांग को लेकर गरजेंगे कांग्रेसी

**जसपुर :** विधायक आदेश सिंह चौहान के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता लोगों के सहयोग से शनिवार को जन–आक्रोश रैली निकालेंगे। रैली के जरिए वह राज्य सरकार से क्षेत्र के विकास को लेकर कई प्रमुख मांग करेंगे। विधायक ने शुक्रवार को लोगों से संपर्क कर रैली में शामिल होने का आह्वान किया। विधायक ने अपने कार्यालय पर शुक्रवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि क्षेत्रवासी रोडवेज बस स्टैंड, खेल स्टेडियम निर्माण समेत पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थापना एवं पेयजल की फेज–2 योजना को लागू किए जाने व भोगपुर डैम क्षेत्र के आबादी वाले गांव को राजस्व ग्राम घोषित करने की वर्षों पुरानी मांग करते चले आ रहे हैं। मांग पूरी न होने पर उनमें राज्य सरकार के खिलाफ आक्रोश है। इसी आक्रोश को लेकर शनिवार को सुबह 10 बजे लोग पृथ्वीराज चौहान चौक पर एकत्र होंगे। यहां से वह मुख्य मार्ग होते हुए सुभाष चौक पहुंचेगें। यहां मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को दिया जाएगा।

**बैठक** डीएम ने समीक्षा बैठक में दिए अधिकारियों को निर्देश–लाइब्रेरी के लिए प्लान तैयार कर शीघ्र पूर्ण करें

# थारू राजकीय इंटर कॉलेज में जल्द शुरू की जाए लाइब्रेरी

- लाइब्रेरी शुरू होने से युवाओं को मिलेगा लाभ

संवाददाता, रुद्रपुर



अधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम नितिन सिंह भदौरिया। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने थारू राजकीय इंटर कॉलेज खटीमा व सितारगंज में लाइब्रेरी के संचालन के लिए किये जाने वाले कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने उप जिलाधिकारी खटीमा, सितारगंज, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी व कार्यदायी संस्था कृषि मंडी के अधिकारियों को कॉलेज का निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को थारू राजकीय इंटर कॉलेज व सितारगंज में लाइब्रेरी संचालित करने के लिए प्लान तैयार कर शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शीघ्र लाइब्रेरी संचालित होने से युवाओं को उसका लाभ मिलेगा। लाइब्रेरी संचालन के लिए भवन में जो भी मरम्मत आदि कार्य कराये जाने हैं उसे गुणवत्तापूर्ण शीघ्र पूर्ण करा लिया जाए।

उन्होंने कहा कि लाइब्रेरी में पुस्तकें व बैठने के लिए कुर्सी आदि की उचित व्यवस्था की जाए। विद्यालय में जलभराव न हो इसके लिए पानी निकासी की व्यवस्था भी की जाये। उन्होंने कहा कि खराब शौचालयों का मरम्मत कार्य भी करा लिया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, प्रबंध निदेशक कृषि उत्पादन मंडी हेमंत वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन आदि उपस्थित थे, जबकि उप जिलाधिकारी खटीमा तुषार सैनी, सितारगंज रविंद्र जुआठा वर्चुअल जुड़े रहे।

# होर्डिंग्स हटाने से नाराज हुए छात्र नेता

- एनएचएआई अधिकारियों के साथ हुई नोकझोंक

संवाददाता, रुद्रपुर



एनएचएआई अधिकारियों के साथ नोकझोंक करते छात्र नेता व समर्थक।

**अमृत विचार:** छात्रसंघ चुनाव की अधिसूचना जारी होने और 27 सितंबर मतदान की तिथि आते ही छात्र नेताओं ने चुनाव अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में छात्र संघ अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रजत सिंह बिष्ट की रामपुर रोड स्थित एएनझा के पास नेशनल हाईवे पर लगी होर्डिंग को हटाने को लेकर छात्र नेता और उसके समर्थकों में हंगामा काटा। इस दौरान उनकी उनकी एनएचएआई अधिकारियों से नोकझोंक भी हुई।

शुक्रवार को नेशनल हाईवे से होर्डिंग्स हटाने के दौरान एनएचएआई अधिकारियों का कहना था कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर फ्लेक्सी, पोस्टर या किसी भी प्रकार की प्रचार सामग्री लगाना नियमों के खिलाफ है। वहीं छात्र संघ अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रजत के समर्थकों का आरोप था कि चुनाव के दौरान सभी प्रत्याशी प्रचार कर रहे हैं।

साथ ही जगह-जगह फ्लेक्सी और होर्डिंग्स लगाए जा रहे हैं। इसमें उनके प्रत्याशी को ही निशाना बनाया जा रहा है। मौके पर काफी देर तक माहौल तनावपूर्ण बना रहा। हालांकि, बाद में स्थानीय पुलिस के हस्तक्षेप से मामला शांत कराया गया। इस मौके पर यहां रजत बिष्ट, हर्ष यादव, हर्ष, कमल चन्द्र जोशी, रंजन, दीपक सिंह, आदि शुक्ला, हरी, सुमित, राघव आदि मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ

### ट्रकों के ऑनलाइन चालान पर हरियाणा के मुख्यमंत्री से मिले भाजपा नेता

**जसपुर :** भाजपा नेता व ट्रांसपोर्टर हरप्रीत सिंह हैप्पी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री से मुलाकात की। उन्होंने हरियाणा के परिवहन अफसरों की ओर खाली खड़े वाहनों का वेवजह ऑनलाइन चालान किए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र देकर कहा कि बॉर्डर से लेकर पूरे हरियाणा में सड़क एवं ढाबों पर अलग-अलग राज्यों से आए लोड, अनलोड एवं कम हाइट वाले ट्रकों का आरटीओ विभाग ऑनलाइन चालान कर रहा है। काम न चलने के कारण ट्रक स्वामी पहले से काफी नुकसान में हैं। उन्हें काम नहीं मिल रहा है। काम मिलता है तो उसका भाड़ा कम होता है। ऐसे में यदि वेवजह ट्रक चालकों के चालान होते रहेंगे तो ट्रक स्वामी आर्थिक नुकसान से बरबादी की कगार पहुंच जाएंगे। उन्हें जबकि प्रत्येक माह ट्रक की किस्त आदि टैक्स जमा करना होता है।

### आकाशीय बिजली के तेज धमाकों से ट्रांसफार्मर में आई तकनीकी खराबी

**काशीपुर :** शुक्रवार दोपहर में हुई तेज बरसात के दौरान बिजली गिरने से तेज धमाके के चलते ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आ गई। इसके चलते पटेलनगर, जसपुर खुर्द में करीब तीन घंटे बिजली गुल रही। शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे तेज बरसात शुरू हो गई। बरसात के दौरान अचानक तेज धमाका हुआ और पटेलनगर मोड़ पर रखे ट्रांसफार्मर में अचानक तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद बिजली गुल हो गई। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद ट्रांसफार्मर में हुई खराबी को दूर किया जा सका। एसडीओ महक मिश्रा ने बताया कि बरसात के चलते मंडी के पास ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आ गई। जिसे सही कराया जा रहा है। वहीं चार बजे बाद बिजली आपूर्ति सुचारु की गई।

### निर्माणाधीन पीएम आवास से चोरी करने वाले तीन पकड़े

**काशीपुर :** प्रधानमंत्री आवास योजना में बन रहे घरों की सामग्री चुराकर ले जाते तीन युवकों को सुरक्षाकर्मियों ने पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। कुंडा थाना पुलिस ने तीनों आरोपितों के पर प्राथमिकी पंजीकृत की है। अतुल राही डिजाइन प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर मोहम्मद फलीम ने कुंडा थाना पुलिस को तहरीर सौंपी। बताया कि गुरुवार की सुबह तीन युवकों को प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए लाई गई सामग्री ले जाते सुरक्षाकर्मियों ने पकड़ लिया। उनके कब्जे से बोरे में भारी स्क्रैप, सरिया, कुंडे बरामद हुए। पूछताछ के दौरान उन्होंने अपना नाम समीर, सलमान, नाजिम बताया। इसके बाद उन्होंने तीनों युवकों को पुलिस की सुपुर्दगी में दे दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों पर प्राथमिकी पंजीकृत की है।

### तीन लोगों को सांप ने डसा

**काशीपुर :** अलग-अलग क्षेत्रों में तीन लोगों को सांप ने डस लिया। हल्दुआ निवासी हरीश, ग्राम कुंडा निवासी मोहम्मद शमीम, ग्राम हरियावाला बसई निवासी सतपाल को खेत में काम करते समय अचानक ने सांप ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने तीनों को एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### डिग्री कॉलेज में चलाया स्वच्छता अभियान

**काशीपुर :** राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। शुक्रवार को कॉलेज में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया। प्राचार्य प्रो. सुमिता श्रीवास्तव, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममतेश मौजूद रहे।

### दुर्घटना में पांच घायल

**काशीपुर :** मार्ग दुर्घटनाओं में महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। ग्राम रोशनपुर निवासी अफजाल, गुलड़िया निवासी मुबारक, आलम जहां, मुरादाबाद निवासी शाकिर, ग्राम भगतपुर निवासी सुनीता सड़क हादसे में घायल हो गए। सभी को चिकित्सालय पहुंचाया गया।

**सूचना**

सूचित हो कि फुलसुंगा रूद्रपुर खसरा नं. 73 मिन रकबा 195.93 वर्गमी. भूमि का बैनामा/मूल रजिस्ट्री कहीं गुम हो गई है। जिसका विवरण इस प्रकार है- विक्रेता दिनेश अग्रवाल पुत्र राम अवतार, मॉडल कालोनी, आवास विकास रूद्रपुर और चरनजीत लाल पुत्र मोहन लाल, मेन रोड गदरपुर, ऊधमसिंह नगर, क्रेता श्रीमती इन्द्रजीत कौर गिल पत्नी श्री गुरमीत सिंह - सिंह कोलोनी रूद्रपुर, ऊधमसिंह नगर। जो सब रजिस्ट्रार कार्यालय किच्छा में बही नं. 1, जिल्द नं. 551, पृष्ठ नं. 315/334 और क्रमांक 3016 दिनांक 19/04/2011 को पंजीकृत है। इसका उपयोग किसी भी व्यक्ति, बैंक अथवा संस्था द्वारा पूर्णतः अवैध माना जाएगा। उक्त वर्णित प्रॉपर्टी यूको बैंक, शांतिपुरी में ऋण विरुद्ध साम्यमूलक बंधक की जा रही है। अगर किसी को आपत्ति हो तो शाखा यूको बैंक, शांतिपुरी अथवा संजय कुमार शुक्ला से 14 दिन में लिखित सम्पर्क करें। **संजय कुमार शुक्ला पुत्र श्री अमरनाथ शुक्ला, जवाहर नगर, किच्छा, ऊधमसिंह नगर।**

# रानीखेत ने चंपावत को हराकर जीता टूर्नामेंट

## केआईटीएम में अंतर महाविद्यालयी वॉलीबॉल टूर्नामेंट संपन्न

**संवाददाता, खटीमा**

**अमृत विचार:** केआईटीएम महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में रानीखेत ने चंपावत को हराकर प्रतियोगिता जीत ली।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. देवेंद्र सिंह बिष्ट ने विजेता और उप-विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों के उत्साह और खेल भावना की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम कोच हल्द्वानी से एसएम भट्ट, ब्रिजेश तिवारी, वॉलीबॉल कोच टनकपुर स्टेडियम से आशा पांडे और लियाकत अली खान को स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र और बैग प्रदान किए गए। जबकि सेमीफाइनल तक पहुंची दोनों टीमों के मैनेजरों को भी सम्मानित किया गया। विजेता और उपविजेता दोनों टीमों को ट्रॉफी प्रदान की गयी। केआईटीएम महाविद्यालय के प्रबंधन निदेशक कमल सिंह बिष्ट एवं निदेशक ज्योति बिष्ट ने कुलपति बिष्ट को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्रों को प्रवेश शुल्क में 50 प्रतिशत छूट की घोषणा की। खेल प्रभारी हिमांशु भट्ट ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने केआईटीएम के सभी शिक्षकों को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान इंद्रनाथ गोस्वामी, केशव भट्ट, हेम जोशी, रविंद्र मेहरा, किरन शर्मा, सुनील बुंगला, कमल भट्ट, ललिता जोशी, आस्था मिश्रा, प्रभात राणा, योगेंद्र नेगी, बिट्टू राणा, मनीष कापड़ी, दिव्यांशु चौधरी, कृतिका, गीता गोस्वामी, मनीषा मेहता, प्रीति राणा, अश्वनी कुशवाहा, राखी गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



खटीमा में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता की विजेता रानीखेत की टीम।

## कुकर सिर पर मारकर महिला को किया लहूलुहान

**सितारगंज:** क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब ग्राम पहाड़ी उकरौली निवासी महिला पर उसके ही परिचित ने जानलेवा हमला कर दिया। बताया गया कि रिंकी का करीब तीन वर्ष पूर्व तलाक हो गया था। तभी से वह अपने मायके में ही रह रही थी। बीते 18 सितम्बर की सुबह करीब साढ़े 11 बजे पिंटू गंगवार उर्फ अमन गंगवार निवासी ग्राम अजीतपुर बरा थाना पुलभट्टा, जो परिवार का परिचित बताया जा रहा है, रिंकी के घर पहुंचा। वह बिना वजह गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी बौखला गया और अचानक रसोई में रखा कुकर उठाकर रिंकी के सिर पर जोरदार वार कर दिया। हमले में रिंकी गंभीर रूप से घायल होकर लहूलुहान हो गई। घटना के बाद परिजन उसे तत्काल सितारगंज अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी रेफर कर दिया। फिलहाल रिंकी जीवन-मौत से जूझ रही है। पीड़िता की बहन रिया निवासी ग्राम खुटिया, थाना बहेड़ी (जिला बरेली) ने 19 सितम्बर को कोतवाली सितारगंज में तहरीर देकर आरोपी पिंटू उर्फ अमन के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज किया।

# जनता की हर समस्या का समाधान हो : धामी



खटीमा के लोहियाहेड कैंप कार्यालय पर जनता की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री धामी।

**संवाददाता, खटीमा**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा पहुंचकर सुनीं समस्याएं

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शुक्रवार को खटीमा पहुंचकर लोहियाहेड स्थित हेलीपैड और कैंप कार्यालय में जनता से मिले और उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान लोगों ने उन्हें जन्मदिन की बधाई भी दी।

मुख्यमंत्री के आने की सूचना के साथ ही दोपहर बाद से हेलीपैड और कैंप कार्यालय में मिलने वालों और अपनी समस्याओं के निस्तारण की गुहार करने वालों का आवागमन शुरू हो गया था। शाम को पहुंचे मुख्यमंत्री धामी का कार्यकर्ताओं ने हेलीपैड पर जोरदार स्वागत किया। उन्होंने जनता के अभिवादन को स्वीकार किया और कैंप कार्यालय पर पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि यहां के प्रत्येक व्यक्ति की जो भी समस्याएं हैं, उन्हें प्राथमिकता के साथ हल किया जाय। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, पालिकाध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, नानकमत्ता प्रेम सिंह टूरना, महापौर रूद्रपुर विकास शर्मा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, शैलेन्द्र मोहन सिंघल, गुंजन सुखीजा, सतीश गोयल, जीवन धामी, किशन किन्ना, भुवन भट्ट, अमरजीत सिंह, रविन्द्र राणा, दीपा बिष्ट, नरेंद्र बिष्ट, डीएम नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, जिला विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष जयकिशन, एडीएम पंकज उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

## न्यायालय ने आईटीआई थानाध्यक्ष और चौकी प्रभारी को किया तलब

**काशीपुर :** ग्राम बांसखेड़ा कलां स्थित भूमि विवाद मामले में न्यायालय ने आईटीआई थानाध्यक्ष कुन्दन सिंह रौतेला, चौकी प्रभारी पैगा दीवान सिंह बिष्ट व रिजवान सैफी को नोटिस जारी कर 25 सितंबर को तलब किया है।

मामला कविता सेठी निवासी आवास विकास, काशीपुर द्वारा अपने अधिवक्ता अमरीश अग्रवाल एडवोकेट के माध्यम से 15 सितंबर को सिविल जज (सी.डी.) न्यायालय में दायर वाद से जुड़ा है। वाद में कहा गया कि उनकी भूमि पर रिजवान सैफी कब्जे का प्रयास कर रहा है, जिस पर न्यायालय ने कविता सेठी के पक्ष में स्टे आदेश पारित किया। कविता सेठी के अनुसार जब वह 16 सितंबर को स्टे आदेश लेकर मौके पर पहुंचीं, तो आईटीआई थानाध्यक्ष कुन्दन सिंह रौतेला, चौकी प्रभारी पैगा दीवान सिंह बिष्ट ने आदेश की अवहेलना करते हुए उनके पुत्र और साथ गये लोगों को थाने ले जाकर पुलिस एक्ट में चालान कर दिया। इसके बाद उपजिलाधिकारी काशीपुर ने भी थानाध्यक्ष को आदेश अनुपालन का लिखित निर्देश दिया, मगर बावजूद इसके आदेश का पालन नहीं किया गया, बल्कि एसडीएम को भी अलग से पत्र भेज दिया गया। इस प्रकरण पर कविता सेठी ने संबंधित पुलिस अधिकारियों व रिजवान सैफी के खिलाफ न्यायालय अवमानना याचिका दाखिल की।



काशीपुर में फ्लाई ओवर पर खड़ी रोडवेज बस और मौजूद सवारी। ● अमृत विचार

### रोडवेज बस का बैक गियर फंसने पर लगा जाम

**काशीपुर :** एक रोडवेज बस एमपी चौक के ऊपर बने फ्लाईओवर पर बैक गियर फंसने से बस डिवाइडर से टकराने से बची गई गनीमत रही की कोई जान माल की हानि नहीं हुई इस दौरान लंबे जाम से ट्रैफिक व्यवस्था बदहाल हो गई। शुक्रवार की अपराह्न लगभग एक-डेढ़ बजे हरिद्वार डिपो की बस संख्या यूपी 08 पी-1650 हरिद्वार से रुद्रपुर को जा रही थी। काशीपुर में महाराणा प्रताप चौक पर बने आरओबी पर जैसे ही बस पहुंची, आरओबी पर बस का बैक गियर एकाएक अटक गया। जिसके चलते बस वहीं अटक गई। बस में लगभग 35 सवारियां बैठी हुई थीं। इस दौरान बस में बैठी सवारियां बस से नीचे उतर गईं और अपना किराया वापस मांगने लगीं। तब परिचालक ने कुछ सवारियों को दूरी के मुताबिक किराया वापस दे दिया।



अधिकारियों के साथ बैठक करते उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट। ● अमृत विचार

### विभिन्न विभागों की स्नातक स्तरीय पदों की परीक्षा कल

**रुद्रपुर :** उत्तराखंड अधीनस्थ चयन सेवा आयोग की ओर से विभिन्न विभागों के स्नातक स्तरीय पदों के लिए रविवार को सुबह 11 बजे से 1 बजे तक लिखित परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण और पारदर्शिता से संपन्न कराने के लिए जनपद में 46 परीक्षा केंद्र बनाए गये हैं। इनमें कुल 18196 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। शुक्रवार को उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट ने जिला सभागार में केंद्र व्यवस्थापकों, समन्वयकों व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि जनपद में 46 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। रुद्रपुर व किच्छा में कुल 22 परीक्षा केंद्र हैं जिनमें कुल 8710 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। खटीमा में कुल 9 परीक्षा केंद्र हैं जिनमें कुल 3390 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे व काशीपुर में कुल 15 परीक्षा केंद्र हैं जिनमें कुल 6096 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा कार्य में कोई लापरवाही भी क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र के भीतर मोबाइल फोन तथा ब्लूटूथ डिवाइस, घड़ी या किसी भी अन्य प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल गैजेट ले जाने की अनुमति नहीं है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा, अधिशासी अभियंता विद्युत चंदन सिंह, जीएस कार्की, उप श्रमायुक्त केके गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# रामलीला में महावीर ध्वज स्थापित

**संवाददाता, रुद्रपुर**

**अमृत विचार:** नगर की प्राचीनतम बस अड्डे वाली रामलीला के मंच पर बड़ी धूमधाम से महावीर ध्वज स्थापित किया गया। धार्मिक जयघोषों के बीच श्री राम की भूमिका निभा रहे मनोज अरोरा एवं श्री बजरंग बली हनुमान की भूमिका निभा रहे सुशील गाबा ने ध्वज पूजा अर्चना के बाद ध्वज स्थापित किया। इसके साथ ही शनिवार से भव्य रामलीला की शुरुआत हो जाएगी।

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान श्री रामलीला कमेटी एवं श्री राम नाटक क्लब के सभी पदाधिकारियों, सदस्यों सहित बड़ी संख्या में राम भक्तों ने ध्वज स्थापना कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। ध्वज पूजन के बाद श्री रामलीला कमेटी के संरक्षक और किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ व समस्त पदाधिकारियों ने आरती वंदन किया। श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने कहा कि श्री रामलीला मंचन की सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है।

20 सितंबर को रात्रि 9 बजे मुख्य अतिथि मंदिर मनकामेश्वर कल्याण आश्रम, कल्याणी व्यू जी के महंत स्वामी श्रीनारायण चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज रामलीला का शुभारंभ करेंगे। इसके बाद नारद मोह की लीला का मंचन किया जाएगा। इस अवसर पर श्री राम नाटक क्लब के डायरेक्टर गौरव राज बेहड़, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर, समन्वयक नरेश शर्मा, विजय जग्गा, सुभाष खंडेलवाल, राकेश सुखीजा, रघुवीर अरोरा, अमित अरोरा बोबी, राजकुमार छाबड़ा, हरीश अरोरा आदि मौजूद रहे।



महावीर ध्वज स्थापना के दौरान श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## हिन्दी का संरक्षण हमारी सामूहिक जिम्मेदारी

**पंतनगरः** हिन्दी सप्ताह के तहत विश्वविद्यालय पुस्तकालय के राम तीर्थ सभागार में प्रतिदिन के कार्यों, पठन पाठन, लेखन आदि में हिन्दी भाषा को समुचित योगदान देने के लिए हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने कहा कि हिन्दी का संरक्षण और संवर्धन हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने कहा कि भाषा हमारे चिंतन को विस्तार देती है। भाषा में ही कल्पनाएं आकार लेती हैं एवं संपूर्ण विचार अभिव्यक्ति करने में सहायता देती है। भाषा पर गर्व करने की भावना बचपन से ही विद्यार्थियों के संस्कार के रूप में पोषित की जानी चाहिए। भाषा अभिव्यक्ति का सबसे समर्थ माध्यम एवं संस्कृति के निर्माण संरक्षण, संचार और अगली पीढ़ी को हस्तांतरण करने में जिम्मेदार है।



बाजपुर में स्वच्छता अभियान चलाते जीनियस ग्लोबल अकादमी के एनसीसी कैडेट्स।

### हरिपुरा बौर जलाशय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया

**बाजपुर :** जीनियस ग्लोबल अकादमी के एनसीसी कैडेट्स (यूनिट 78-यूके बटालियन, हल्द्वानी) ने हरिपुरा बौर जलाशय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान की शुरुआत सुबह विद्यालय के शिक्षकों व एनसीसी अधिकारियों की मौजूदगी में हुई। करीब 50 से अधिक कैडेट्स ने इसमें हिस्सा लिया। अभियान के दौरान कैडेट्स ने पर्यटकों द्वारा जगह-जगह फैलाए गए प्लास्टिक, बोतलें व अन्य कूड़ा-कचरा इकट्ठा किया और उसे कूड़ेदान में डालकर निस्तारित किया। कैडेट्स ने जलाशय पर आए पर्यटकों व स्थानीय लोगों को स्वच्छता का महत्व भी समझाया और उन्हें पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस मौके पर विद्यालय की निर्देशिका रेखा पासी, प्रधानाचार्य योगेश कुमार सक्सेना, लेफ्टिनेंट अर्शदीप सिंह, थर्ड आफिसर अभिषेक राणा, रचना तिवारी, मोहम्मद आरिफ, रणजीत राणा, त्रिलोक सिंह आदि मौजूद रहे।

# घर लौट रहे युवक की संदिग्ध हालात में मौत

**संवाददाता, काशीपुर**

**अमृत विचार:** काम करके घर लौट रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिचितों को सौंप दिया गया।

यूपी के अंबेडकर नगर निवासी 27 वर्षीय योगेंद्र निषाद नैनीताल के बजून क्षेत्र में एक होटल में पीओपी का कार्य करने लगभग डेढ़ माह पहले आया था। गुरुवार को वह अपने घर के लिए निकला और काशीपुर में एक कॉलोनी में रहने वाले अपने एक परिचित से मिलने आया। लेकिन उसके घर पहुंचने से पहले ही वह गिर गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया। वहीं रामनगर में उसके साथ काम करने आए परिचितों को संपर्क कर जानकारी दी गई। शुक्रवार को पोस्टमार्टम आए मृतक के परिचितों ने बताया कि वह डेढ़ माह पहले बजून पीओपी कार्य करने गया था। बीती शाम घर जाने की बात कहकर निकला था लेकिन अचानक क्या हुआ कुछ समझ नहीं आया। मृतक के परिवार में उसकी मां, बीवी और दो छोटे बच्चे हैं। वहीं पुलिस ने बताया प्रथम दृष्टया मामला हार्ट अटैक का प्रतीत हो रहा है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिचितों को सौंप दिया गया।



खटीमा में शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपते शिक्षक। ● अमृत विचार

### उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन ने भेजा ज्ञापन

**खटीमा :** उत्तरांचल स्टेट प्राइमरी टीचर्स एसोसिएशन ने शिक्षामंत्री को ज्ञापन भेजकर प्राथमिक शिक्षकों की सेवा सुरक्षा और आत्मसम्मान की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने शिक्षा मंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम कार्यालय पर सौंपा। एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष कमान सिंह सामंत के नेतृत्व में तहसील पहुंचे शिक्षकों ने एसडीएम कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने कहा है कि एक सितम्बर को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्राथमिक स्तर पर अध्यापन कार्य कर रहे सभी शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य कर दिया गया है। यह भी कहा कि टीईटी शुरू होने से पूर्व ज्वाइन कर चुके शिक्षकों पर इसे लागू करना उचित नहीं प्रतीत होता है। ज्ञापन देने वालों में ब्लॉक मंत्री छविराज कफलिया, कोषाध्यक्ष जितेंद्र यादव, नितिन चौहान, राम अचल यादव, रघुवर भाटिया, दिनेश बगोटी, हरीश भट्ट, राजीव कुमार पाठक, रमेश रावत, भुवन उप्रेती, भोपाल रावत आदि थे।

**कवायद** | रेलवे विभाग के अधिकारियों के साथ उपजिलाधिकारी व तहसीलदार ने किया निरीक्षण

# रेलवे क्रॉसिंग फाटक बंद करने की प्रक्रिया शुरू

**संवाददाता, बाजपुर**

**अमृत विचार:** नगर बाजपुर स्थित चुना भट्टी रेलवे क्रॉसिंग फाटक संख्या सी-22 को रेलवे विभाग द्वारा स्थायी रूप से बंद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। शुक्रवार को रेलवे विभाग के अधिकारियों के साथ उपजिलाधिकारी व तहसीलदार बाजपुर मौके पर पहुंचे और फाटक का स्थलीय सर्वेक्षण किया। वहीं जानकारी होने पर आसपास के लोग भी वहां पहुंच गए और नाराजगी जताई।

सर्वे की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे विश्व हिंदू परिषद गौरक्षा विभाग के प्रांत मंत्री यशपाल राजहंस ने कहा कि यह क्रॉसिंग केशव नगर, चूना भट्टी, सक्का कालोनी, मुड़िया पिस्तौर, खेड़ा, मुड़िया कलां, कृपाल आश्रम कालोनी समेत वार्ड नंबर-2, 5 और 6 की हजारों की आबादी के लिए मुख्य नगर तक पहुंचने का नजदीकी व सुविधाजनक मार्ग है। स्थानीय लोगों का कहना है कि फाटक बंद होने से उन्हें चिकित्सा, शिक्षा, बाजार-हाट और रोजगार जैसी मूलभूत आवश्यकताओं तक पहुंचने में भारी परेशानी झेलनी पड़ेगी। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि इसके स्थान पर निकट स्थित सेंटमैरी स्कूल रेलवे फाटक संख्या सी-23 को वैकल्पिक मार्ग के रूप में जोड़ा जाएगा। हालांकि स्थानीय लोगों ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि नया मार्ग लगभग ढाई सौ मीटर दूर है और इसे प्रयोग करने पर उन्हें दो से तीन किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी।

साथ ही शुगर फैक्ट्री संचालन के दौरान गन्ने से भरे भारी वाहनों के खड़े रहने से रास्ता अवरुद्ध होने की भी समस्या रहती है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि क्रॉसिंग सी-22 के समानांतर रेलवे कालोनी के पीछे से होकर शिशु मंदिर विद्यालय के सामने से नैनीताल स्टेट हाईवे से सीधा जोड़ा जाए, ताकि नगरवासियों को सुविधा मिल सके।



बाजपुर में स्थलीय सर्वेक्षण को पहुंची टीम से वार्ता करते स्थानीय लोग।

## छात्र संघ चुनाव को लेकर तैयारी शुरू

**बाजपुरः** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को छात्र संघ चुनाव 2025-26 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीके सिंह ने की। बैठक में चुनाव प्रभारी डॉ. अनिल सैनी ने संभावित प्रत्याशियों को चुनाव से संबंधित नियमों एवं प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थी चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्षता और अनुशासन बनाए रखें। प्राचार्य डॉ. बीके सिंह ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वह छात्रसंघ चुनाव संविधान का पालन करें और महाविद्यालय की व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। प्राध्यापिका डॉ. मनोहर आर्य ने विगत वर्षों के चुनावी अनुभव विद्यार्थियों के साथ साझा किए।



काशीपुर में नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करते पंजाबी समाज के लोग।

### नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी का किया स्वागत

**काशीपुर :** भाजपा कार्यकारिणी में जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त हुए लवीश अरोरा, विपिन अरोरा और राजीव ठुकराल का शुक्रवार को दुर्गा भवन में पंजाबी समाज द्वारा भव्य अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने तीनों नेताओं को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश नेतृत्व तथा भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज पाल का आभार जताया। कार्यक्रम में दुर्गा महिला मंडली, श्री पंजाबी सभा, श्री रामाकृष्णा ड्रामेटिक क्लब और श्री दुर्गा जागरण मंडली व अन्य संगठन शामिल रहे। यहां रमेश छाबड़ा, अनिल सिंधवानी, सुरेंद्र कपूर, मनीष शर्मा, सुरेंद्र छाबड़ा, रमेश सपरा, नवीन अरोरा, सुदेश छाबड़ा, सरोज शर्मा, विनोद मेहरोत्रा, राजेंद्र चावला, गगन चावला, मनोज कुमार, नीलम छाबड़ा, सुषमा अरोड़ा, मंजू शर्मा, ममता सेठी, मनी अरोड़ा, अर्चना अरोरा, श्याम अरोरा, दीप्ति अरोड़ा, सरिता शर्मा, वंदना, मंजू, नीतू, रजनी, प्रियांशु कथुरिया सहित आदि मौजूद रहे।



तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने में है, फल पर नहीं।
-भगवद् गीता

## निवेश और आत्मनिर्भरता

भारत की अर्थव्यवस्था आज ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां उद्योगों में निवेश और क्षमता विस्तार का प्रश्न केवल आर्थिक वृद्धि तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन और युवाओं के भविष्य से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का यह कहना बिल्कुल प्रासंगिक है कि अब उद्योग जगत को और अधिक निवेश करना चाहिए तथा उत्पादन क्षमता का विस्तार करना चाहिए। सरकार की नीतियों ने उद्योगों के लिए एक अनुकूल वातावरण तैयार किया है और अब यह उद्योग जगत की जिम्मेदारी है कि वे इसका उपयोग कर देश के आर्थिक विकास में तेजी लाएं। सरकार लगातार उद्योग और व्यापार जगत से संवाद कर रही है। भारतीय गुणवत्ता प्रबंधन प्रतिष्ठान जैसे संस्थान उद्योगों को केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रखना चाहते, बल्कि युवाओं को कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराने पर भी जोर दे रहे हैं। यह प्रयास उल्लेखनीय है, क्योंकि आज भारत की सबसे बड़ी पूंजी उसका युवा वर्ग है। यदि उद्योग इन युवाओं को प्रशिक्षण और रोजगार देंगे, तो यह न केवल कंपनियों की उत्पादकता बढ़ाएगा बल्कि देश की समग्र प्रगति में भी योगदान देगा।

वित्त मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया है कि उद्योग केवल सरकार से अपेक्षाएं न रखें, बल्कि साझेदारी की भावना से आगे आएं। जब प्रधानमंत्री स्वयं समय-समय पर सुधारों के लिए ठोस कदम उठाते रहे हैं, तो यह अपेक्षित है कि उद्योग जगत भी अपने निवेश और जोखिम लेने की क्षमता को मजबूत बनाए। केवल बजट भाषण या घोषणाओं तक सीमित रहना पर्याप्त नहीं है। आज की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत को आगे बढ़ने के लिए निरंतर निवेश और नई तकनीक अपनानी होगी। जीएसटी सुधारों के माध्यम से कर संरचना को सरल और पारदर्शी बनाने का प्रयास पहले ही किया जा चुका है। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया है कि इस प्रणाली से अर्थव्यवस्था में दो लाख करोड़ रुपये तक का लाभ संभावित है। उद्योगों के लिए यह अवसर है कि वे इस सरलीकृत कर प्रणाली का लाभ उठाएं और अपने व्यापार विस्तार में इसे सहायक बनाएं। हालांकि अभी 'एकल दर वाली प्रणाली' लागू होने में समय लगेगा, लेकिन यह दिशा सही है और उद्योगों को भी दीर्घकालिक दृष्टि से इसकी तैयारी करनी चाहिए।

आज की सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि उद्योग निवेश करने में संकोच न दिखाएं। भारतीय अर्थव्यवस्था एक ऐसे मुकाम पर है, जहां घरेलू मांग, युवा श्रमशक्ति और सरकारी नीतियों का त्रिकोण अभूतपूर्व अवसर प्रदान कर रहा है। यदि इस अवसर का सही उपयोग हुआ तो भारत अगले दशक में न केवल पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा बल्कि वैश्विक विनिर्माण और सेवाओं का भी केंद्र बन सकता है। उद्योगों को चाहिए कि वे पारंपरिक लाभ-हानि के गणित से ऊपर उठकर दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाएं। नवाचार, अनुसंधान एवं विकास, और कौशल निर्माण पर निवेश को केवल खर्च न मानकर भविष्य की नींव के रूप में देखा जाए। साथ ही, सरकार और उद्योग जगत के बीच भरोसे और साझेदारी की भावना को और गहरा करने की आवश्यकता है। संक्षेप में कहा जाए तो आज भारत के लिए यह समय निर्णायक है।

### प्रसंगवश

## पुरातन आलेख सहेजने की मुहिम है ज्ञान भारतम्

संस्कृति मंत्रालय ने 'ज्ञान भारतम्' नामक एक ऐतिहासिक राष्ट्रीय पहल शुरू की है, जो भारत की पांडुलिपि धरोहर के संरक्षण, डिजिटलीकरण और प्रसार के लिए समर्पित है। अब प्रश्न उठता है कि ज्ञान भारतम् मिशन के मायने क्या हैं? आखिर इसकी जरूरत क्यों पड़ी? पिछले दिनों नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में 11 से 13 सितंबर तक 'पांडुलिपि विरासत के माध्यम से भारत की ज्ञान विरासत को पुनः प्राप्त करने' पर पहला 'ज्ञान भारतम्' अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया। भारत और विदेश के विद्वानों, विशेषज्ञों, संस्थानों और सांस्कृतिक कार्यकर्ताओं सहित 1,100 से अधिक प्रतिभागियों ने इस सम्मेलन में भारत की पांडुलिपि संपदा के संरक्षण, डिजिटलीकरण और इसे दुनिया के साथ साझा करने के लिए चर्चा, विचार-विमर्श किया। तीन दिनों तक चले इस सम्मेलन में 12 सितंबर को प्रधानमंत्री ने भी भाग लिया।




एसएन वर्मा
स्वतंत्र पत्रकार


इस राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन की शुरुआत अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में हुई थी, उस समय कुछ सूचीकरण और पहचान का काम जरूर हुआ था, लेकिन बाद के वर्षों में यह प्रयास ठप्प पड़ गए। जैसा कि बताया जा रहा है कि यह पहल भारत की समृद्ध ज्ञान परंपरा में नई जान डालने का एक प्रयास है। 'श्रुति' और 'स्मृति' के बाद लिखित रूप में संरक्षित ज्ञान को अब भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा 'ज्ञान भारतम् मिशन' के माध्यम से पुनर्जीवित किया जा रहा है।

पांडुलिपियों का संरक्षण, प्रकाशन और उपयोग तभी सार्थक होगा, जब वे आम लोगों से जुड़ेंगे। इसे एक जन आंदोलन बनाने के लिए विद्वानों और विशेषज्ञों के प्रयासों को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने की भी आवश्यकता है। आधुनिक तकनीक और सोशल मीडिया के माध्यम से पांडुलिपियों को संरक्षित करना, प्रकाशित करना और सुलभ बनाना है, ताकि प्रत्येक भारतीय अपने पूर्वजों की इस बौद्धिक संपदा पर गर्व कर सके। जब तक यह ज्ञान आम लोगों की व्यावहारिक उपयोगिता से नहीं जुड़ेगा, तब तक यह अभियान अधूरा ही माना जाएगा। भारत की पांडुलिपियों में मानवता की संपूर्ण विकास यात्रा के पदचिह्न समाहित हैं। वे केवल राजवंशों के अभिलेख नहीं हैं, बल्कि उन विचारों, आदर्शों और मूल्यों के भंडार हैं, जिन्होंने सभ्यता को आकार दिया है।

देश के इस पहला ज्ञान भारतम् अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में औपचारिक दिल्ली घोषणा पत्र (ज्ञान भारतम् संकल्प पत्र) पढ़ा गया। घोषणापत्र में भारत को विश्व की सबसे समृद्ध पांडुलिपि परंपराओं की भूमि बताया गया तथा विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण में इस विशाल खजाने को संरक्षित करने, डिजिटल बनाने और प्रसारित करने का संकल्प लिया गया, लेकिन जब लोग अपनी सभ्यतागत संपदा को जानेंगे, पहचानेंगे और उससे जुड़ेंगे तभी उनमें सच्चा गौरव उत्पन्न होगा और यह तभी संभव है, जब ज्ञान भारत मिशन डिजिटलीकरण, अनुवाद और तकनीकी नवाचार के माध्यम से पांडुलिपियों को पुनर्जीवित करके इसे आम लोगों के लिए उपलब्ध करा दे।

हजारों वर्ष पहले, हमारे ऋषियों और मनीषियों ने अपने विचार-विमर्श, अनुभवों और अनुभूतियों के माध्यम से ऐसे ग्रंथों की रचना की जो आज भी विश्व के लिए उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने कि वे रचना के समय थे। ये ग्रंथ, सहस्राब्दियों बाद भी, मानवता, पर्यावरण और संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र के लिए महत्वपूर्ण हैं। भारत, दस मिलियन से अधिक पांडुलिपियों के साथ, शायद शास्त्रीय और स्थानीय परंपराओं का सबसे समृद्ध भंडार रखता है।

## नेपाल की जेन ज़ी क्रांति के मायने और भविष्य







अनिल यादव
वरिष्ठ पत्रकार


अगर क्रांति का मतलब अचानक होने वाला व्यापक परिवर्तन है तो नेपाल में ओली सरकार के पतन के साथ जेन-जी क्रांति हो चुकी है। गोलीबारी में बीस युवा मारे गए, प्रधानमंत्री ने इस्तीफा दिया, संसद और सुप्रीम कोर्ट समेत कई प्रमुख ऐतिहासिक इमारतें जला दी गईं, बाजार लूटे गए, हजारों कैदी जेलों से भाग निकले और अब एक ईमानदार छवि वाली महिला को अंतरिम प्रधानमंत्री बनाया गया है, जिन्हें अगले साल मार्च में चुनाव कराने हैं। यह अब से चुनाव के बीच के समय में नेपाल के राजनीतिक दलों की गतिविधियों पर निर्भर करता है कि जैसी सरकार गिरी है वैसी ही एक और खिचड़ी सरकार बनेगी, राजशाही की वापसी होगी, नेपाल फिर से एक हिंदू राष्ट्र बनेगा या कुछ और होगा। अभी पूरी तरह भ्रम और अनिश्चितता का माहौल है।

अगर क्रांति का मतलब आमूलचूल बदलाव और पिछली से बेहतर व्यवस्था का निर्माण है तो नेपाल में कोई क्रांति नहीं हुई है। जो राजनीतिक दल सत्ता में थे उनके नेताओं और नौकरशाहों के व्यापक भ्रष्टाचार से युवा नाराज थे, बेरोजगारी बहुत बढ़ गई थी और सत्ताधारी नेताओं-अफसरों की औलादों की सोशल मीडिया के जरिए सामने आने वाली विलासितापूर्ण जीवन शैली उन्हें कुंठित कर रही थी। इस गुस्से का किसी को अंदाजा नहीं था।

आठ सितंबर को जब भारी तादाद में जेन-जी के बैनरों-पोस्टरों के साथ युवा सड़कों पर उतर आए तो गिने-चुने सरकार विरोधी समूहों ने उनका इस्तेमाल कर विरोध को अपने स्वार्थों की दिशाओं में मोड़ने की कोशिश की, जिसके नतीजे में हिंसा और आगजनी हुई। बीस नौजवान मारे गए और ऐसी अराजक स्थिति बनी, जिसमें अचानक सेना केंद्रीय भूमिका में आ गई और नेपाल की राजनीतिक व्यवस्था और भविष्य तय करने लगी। सोशल मीडिया पर प्रतिबंध से नाराज जेन-जी के चेहरे का इस्तेमाल किया गया। जेन-जी आपात स्थिति में सेनाध्यक्ष से बातचीत के लिए अपने प्रतिनिधि तक नहीं तय कर पाई। अब तक उनकी कोई पार्टी, संगठन या फोरम सामने नहीं आया है, जिसके सामने नेपाल के पिछले से भिन्न राजनीतिक भविष्य का खाका हो और वह उस दिशा में दो कदम चलने की तैयारी रखता हो।

यह समझ से परे है कि किसी आंदोलन के पहले ही दिन कोई सरकार गोली चलवा कर इतने युवाओं को क्यों मरवा देगी? अगर इन युवाओं को सरकार बातचीत की मेज तक ले आती, सोशल मीडिया पर प्रतिबंध का निर्णय टाल दिया जाता या वापस ले लिया जाता तो क्या वे वापस लौट गए होते! क्या पहले ही दिन उन पर गोली चलाने का काम अतिवादी फैसला सुनियोजित था, ताकि उनके विध्वंसक आक्रोश का डर दिखाकर ओली को इस्तीफे के लिए आनन-फानन में बाध्य किया जा सके। इस तरह के विचारों को अगले दिन और अधिक बल मिला, जब उपद्रव करने वालों को संसद और सुप्रीम कोर्ट समेत पूरे नेपाल में कहीं भी किसी रोकटोक का सामना नहीं करना पड़ा। जेलों से भागने वाले कैदियों को भी रोकने का कोई प्रयास नहीं किया गया।

लोगों को सबसे अधिक हैरानी तब हुई, जब राष्ट्रपति के पद पर होते हुए नेपाली सेना के प्रमुख अशोकराज सिग्देल कुछ नेताओं को बुलाकर नेपाल को इस संकट से निकालने और नई राज्य व्यवस्था के उपायों पर चर्चा करने लगे। सोशल मीडिया पर वायरल हुई दुर्गा प्रसाई की तस्वीर ने लोगों का ध्यान खींचा, जिसके साथ कहा गया था कि अगर मेयर बालेन और न्यायविद् सुशीला कार्की राजी नहीं होते, तो वह अंतरिम सरकार बनाने का दायित्व उठाने को तैयार हैं।

दुर्गा प्रसाई नेपाल में पुनः राजशाही स्थापित करने की मांग करने वाले एक आंदोलन के कमांडर हैं, जिन्होंने इसी साल एक हिंसक प्रदर्शन आयोजित किया था, जिसमें एक टीवी पत्रकार समेत दो लोगों की जान चली गई। पुलिस कर्मियों समेत सैकड़ा से ऊपर लोग घायल हुए थे और एक दिन का कर्फ्यू लगाना पड़ा था। राजा समर्थक प्रजातंत्र पार्टी के नेताओं को गिरफ्तार किया गया। प्रसाई को एक पखवारे बाद भारत के आसाम से पकड़ कर नेपाल लाया गया। नवंबर 2006 में माओवादियों के सशस्त्र विद्रोह के बाद राजशाही खत्म हो गई थी, लेकिन नई व्यवस्था से भी लोग संतुष्ट नहीं हैं। पिछले पांच साल से पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह के समर्थक राजशाही और परंपरागत हिंदू राष्ट्र की वापसी के लिए आंदोलनों के जरिए प्रयास कर रहे हैं।

बीते दस दिनों के घटनाक्रम को देखते हुए यह स्पष्ट होने लगा है कि जेन-जी का मुखौटा था लेकिन सेना, राजावादियों और अन्य सरकार विरोधी समूहों की भूमिका थी, लेकिन ये भूमिकाएं लंबी योजना का नतीजा थीं या तात्कालिक परिस्थितियों का या ठीक-ठीक क्या थीं, जब तक इनकी तफसील सामने नहीं आतीं तब तक हालिया नेपाली क्रांति का उचित मूल्यांकन नहीं किया जा सकता। नेपाल में पहले भी राणाशाही और राजशाही के खिलाफ कई क्रांतियां हो चुकी हैं। हर बार चेहरे बदलते हैं, मगर व्यवस्था कमोबेश वही रहती है।

सबसे अधिक उम्मीद माओवादियों की सफल क्रांति के बाद 2008 में अस्तित्व में आए लोकतांत्रिक सेक्युलर नेपाल ने पैदा की थी, लेकिन नए निजाम ने देश का संविधान बनाने में सात साल लगा दिए और इस बीच जितनी सरकारें बनीं, हर बार भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, भाई-भतीजावाद और जनता के गुस्से में बढ़ोत्तरी होती गई। नेपाली कांग्रेस के साथ-साथ माओवादी आंदोलन से निकली दोनों कम्युनिस्ट पार्टियों यूएमएल और माओवादी के नेताओं पर भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे। नेपाल के लिए यह जाड़ा बहुत महत्वपूर्ण है। अगले कुछ महीनों में होने वाली राजनीति से साफ हो जाएगा कि नेपाल में लोकतंत्र बचेगा या सेना और राजा का युग लौट आएगा या कोई और कहानी शुरू होने वाली है!

**क्या नेपाल में एक और खिचड़ी सरकार बनेगी, राजशाही की वापसी होगी, नेपाल फिर से एक हिंदू राष्ट्र बनेगा या कुछ और होगा। अभी पूरी तरह भ्रम और अनिश्चितता का माहौल है।**

### आमने



हमारी विदेश नीति में सबसे पहले आपको अपने पड़ोस पर ध्यान देना चाहिए। क्या हम सच में अपने पड़ोसियों के साथ संबंध बेहतर कर सकते हैं। मैं पाकिस्तान गया हूं। वहां मुझे घर जैसा लगा। मैं बांग्लादेश, नेपाल भी गया हूं। वहां भी मुझे घर जैसा लगा। **-सैम पित्रोदा**, इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख

### सामने



राहुल गांधी के चहेते और कांग्रेस के विदेश प्रमुख सैम पित्रोदा कहते हैं कि उन्हें पाकिस्तान में 'घर जैसा महसूस' हुआ। कोई आश्चर्य नहीं कि यूपीए ने 26/11 के बाद भी पाकिस्तान के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं की। पाकिस्तान का चहेता, कांग्रेस का चुना हुआ! **-प्रदीप भंडारी** भाजपा के प्रवक्ता

## सरकारी नौकरी की चाहत और युवा मानसिकता




अमरपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ पत्रकार




राजस्थान में हाल ही में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (चपरासी) के 53 हजार 749 पदों पर भर्ती के लिए जो आवेदन आए, उसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इन पदों के लिए कुल 24 लाख 75 हजार बेरोजगार युवाओं ने आवेदन किया है। इस भर्ती के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता दसवीं कक्षा पास है, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि आवेदकों में से करीब 75 प्रतिशत अभ्यर्थी दसवीं पास से कहीं ज्यादा शिक्षित हैं। यानी इंजीनियरिंग, प्रबंधन, वाणिज्य, कम्प्यूटर विज्ञान में स्नातक से स्नातकोत्तर तक की पढ़ाई करने वाले युवा भी अब चपरासी बनने की कतार में खड़े हैं।

यह तस्वीर केवल राजस्थान की नहीं, बल्कि पूरे देश में बेरोजगारी का यही स्वरूप दिखाई देता है। जब लाखों पढ़े-लिखे युवा एक मामूली चपरासी की नौकरी के लिए आवेदन करते हैं तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर हमारी शिक्षा व्यवस्था, रोजगार नीति और सामाजिक सोच युवाओं को किस दिशा में ले जा रही है? हमारे समाज में सरकारी नौकरी को अब भी सबसे सुरक्षित और सम्मानजनक कॅरियर माना जाता है।

अब तो कन्या पक्ष विवाह के लिए भी सरकारी नौकरी वाले लडके को ही तरजीह देता है। स्थायी वेतन, पेंशन जैसी सुविधाएं और सामाजिक प्रतिष्ठा युवाओं को इस ओर आकर्षित करती हैं, लेकिन आज चपरासी बनने के लिए भी जिस हद तक भीड़ उमड़ रही है, उससे जाहिर है कि सरकारी नौकरी के प्रति मोह एक जुनून बन चुका है। युवा वर्ग स्वरोजगार, निजी क्षेत्र या पैतृक व्यवसाय के बजाय सरकारी नौकरी पाने के लिए वर्षों तक परीक्षाओं की तैयारी में अपनी ऊर्जा खर्च कर रहा है।

खेती की ओर तो अब किसान पुत्र भी नहीं झांक रहे हैं। इसका नतीजा यह है कि लाखों युवा न तो समय पर रोजगार पा रहे हैं और न ही क्षमता का सही उपयोग कर पा रहे हैं। कई बार योग्यताओं के असंतुलन के कारण स्थिति और भी विकट हो जाती है। जब एक एमबीए या बीटेक छात्र चपरासी की नौकरी के लिए आवेदन करता है, तो वह केवल खुद को ही नहीं बल्कि एक वास्तविक दसवीं पास बेरोजगार को भी प्रतिस्पर्धा से बाहर कर देता है।

राजस्थान में चपरासी भर्ती के लिए उच्च शिक्षित युवाओं की भीड़ उमड़ने से एक और गंभीर सवाल खड़ा हो गया है कि क्या हमारी शिक्षा युवाओं को वास्तव में रोजगार दिलाने लायक बना रही है? अगर लाखों स्नातक और स्नातकोत्तर केवल चपरासी बनने की चाह रखते हैं तो इसका सीधा मतलब है कि शिक्षा रोजगारोन्मुखी नहीं रही। शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री बांटना नहीं होना चाहिए बल्कि छात्रों को ऐसा कौशल और आत्म विश्वास देना चाहिए कि वे अपने दम पर रोजगार खड़ा कर सकें।

दुर्भाग्य से आज अधिकांश युवा डिग्रीधारी तो हैं, लेकिन कौशलहीन हैं। इसी वजह से वे निजी क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाते और अंततः सरकारी नौकरी की दौड़ में लग जाते हैं। सरकार ने कौशल भारत मिशन और अन्य योजनाओं के जरिए कौशल विकास पर जोर तो दिया है, लेकिन उसकी पहुंच और असर अब भी सीमित है। आईटी, कृषि, निर्माण, स्वास्थ्य और सेवा क्षेत्र में असीमित संभावनाएं हैं, लेकिन वहां प्रशिक्षित और दक्ष लोगों की कमी बनी हुई है। आज जब स्टार्टअप संस्कृति पूरे देश में फैल रही है पर हमारे ग्रामीण और कस्बाई इलाकों के लाखों युवा इससे वंचित हैं। बड़ा सवाल है कि इस समस्या का समाधान क्या है? इसके लिए काफी कुछ करने की जरूरत है। अगर उच्च शिक्षा के साथ युवाओं को कौशल आधारित प्रशिक्षण दिया जाए तो वे न केवल आत्मनिर्भर बनेंगे, बल्कि स्वरोजगार और उद्यमिता की राह भी चुन सकेंगे। सरकार की रोजगार नीतियों को व्यावहारिक बनाना होगा। समाज को भी सरकारी नौकरी की मानसिकता से बाहर आने की जरूरत है। हर जिले में उच्च स्तरीय कौशल केंद्र विकसित कर आईटी, कृषि, निर्माण, मशीनरी और सेवा क्षेत्र की जरूरतों के अनुसार युवाओं को प्रशिक्षित किया जाना चाहिए। सरकार छोटे उद्योग-व्यवसाय शुरू करने के लिए आसान ऋण, तकनीकी सहयोग और बाजार उपलब्ध कराए तो उद्यमिता को बढ़ावा मिलेगा।

**चपरासी के 54 हजार पदों पर भर्ती के लिए 25 लाख युवाओं के आवेदन आए हैं। सरकारी नौकरी के लिए इतनी सारी अर्जियां कई सवाल खड़े करती हैं।**

### सोशल फोरम

## ये उन दिनों की बात है



दुनिया में जितना बदलाव हमारी पीढ़ी ने देखा है, वह न तो हमसे पहले किसी पीढ़ी ने देखा है और न ही हमारे बाद किसी पीढ़ी के देखने की संभावना लगती है। हम वह आखिरी पीढ़ी हैं, जिसने बैलगाड़ी से लेकर सुपर सोनिक जेट देखें हैं। बैरंग ख़त से लेकर लाइव चैटिंग तक देखा है और असंभव लगने वाली बहुत सी बातों को संभव होता देखा है। हम वो आखिरी पीढ़ी हैं, जिन्होंने कई-कई बार मिट्टी के घरों में बैठ कर परियों और राजाओं की कहानियां सुनीं। जमीन पर बैठ कर खाना खाया है। प्लेट में चाय पी है।




अजित सिंह
ब्लॉगर


हम वो आखिरी लोग हैं, जो मोहल्ले के बुजुर्गों को दूर से देख कर, नुक्कड़ से भाग कर, घर आ जाया करते थे और समाज के बड़े-बूढ़ों की इज्जत, डरने की हद तक करते थे। हम वो आखिरी पीढ़ी के लोग हैं, जिन्होंने चिमनी, लालटेन, बल्ब की पीली रोशनी में होम वर्क किया है और चादर के अंदर छिपा कर नावेल पढ़े हैं। हम उसी पीढ़ी के लोग हैं, जिन्होंने अपनों के लिए अपने जज्बात, खतों में आदान प्रदान किए हैं और उन खतों के पहुंचने और जवाब के वापस आने में महीनों तक इंतजार किया है। हम उस आखिरी पीढ़ी के लोग हैं, जिन्होंने कूलर, एसी या हीटर के बिना ही बचपन गुजारा है और बिजली के बिना भी गुजारा किया है। हम वो पीढ़ी हैं, जो अक्सर अपने छोटे बालों में, सरसों का ज्यादा तेल लगा कर, स्कूल और शादियों में जाया करते थे, जिन्होंने स्याही वाली दावात या पेन से कॉपी, किताबें, कपड़े और हाथ काले, नीले किए हैं। तख्ती पर सेठे की कलम से लिखा है और तख्ती घोटी है।

हम वो पीढ़ी हैं, जिन्होंने टीचर्स से मार खाई है और घर में शिकायत करने पर फिर मार खाई है। हम वह पीढ़ी हैं, जिन्होंने सोप की गोल डिबिया से साबुन लगाकर शेव बनाई है, जिन्होंने गुड़ की चाय पी है। काफी समय तक सुबह काला या लाल दंत मंजन या सफेद टूथ पाउडर इस्तेमाल किया है और कभी-कभी तो नमक से या लकड़ी के कोयले से दांत साफ किए हैं। **-फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## देश के एक अरब लोग कण प्रदूषण के शिकार

'द एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट एट द यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो (एपिक)' की यह रिपोर्ट चिंतित करने वाली है कि भारत में 1.4 अरब आबादी ऐसे इलाकों में रहती है, जहां कण प्रदूषण का वार्षिक औसत विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों से आठ गुना अधिक है। रिपोर्ट के मुताबिक अगर भारत के सबसे प्रदूषित उत्तरी मैदानी क्षेत्रों में कण सांद्रता के दिशा-निर्देशों के अनुरुप हो जाए तो 54.44 करोड़ लोगों अर्थात देश की 38.9 फीसदी आबादी की औसत जीवन प्रत्याशा पांच साल बढ़ सकती है। अगर पूरे भारत में कण प्रदूषण के स्तर को घटाकर विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशा-निर्देशों के मुताबिक कर दिया जाए तो राष्ट्रीय राजधानी और सबसे अधिक आबादी वाले शहर दिल्ली के निवासियों की औसत जीवन प्रत्याशा 8.2 साल तक बढ़ सकती है।




अरविंद जयतिलक
लेखक


गौर करें तो इस तरह की रिपोर्ट कोई पहली बार उजागर नहीं हुई है, जब किसी संस्था द्वारा प्रदूषण से जिंदगी पर पड़ने वाले भयावह असर का जिक्र हुआ हो। गत वर्ष पहले इसी संस्था द्वारा ही खुलासा किया गया था कि बढ़ते प्रदूषण के कारण लोगों की जिंदगी घट रही है। गत वर्ष पहले हार्वर्ड और येल के अर्थशास्त्रियों ने भी खुलासा किया था कि भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में शुमार है, जहां सबसे अधिक वायु प्रदूषण है। इस कारण यहां के लोगों को समय से तीन साल पहले काल के गाल में जाना पड़ रहा है। रिपोर्ट में सावधान करते हुए कहा गया था कि अगर भारत अपने वायु मानकों को पूरा करने के लिए इस आंकड़े को उलट देता है, यानी वायु प्रदूषण पर नियंत्रण कर लेता है, तो इससे 66 करोड़ लोगों के जीवन के 3.2 वर्ष बढ़ जाएंगे। इस रिपोर्ट में भी उल्लेख था कि भारत की आधी आबादी यानी 66 करोड़ लोग उन क्षेत्रों में रहते हैं, जहां सूक्ष्म कण पदार्थ (पार्टिकुलेट मैटर) प्रदूषण भारत के सुरक्षित मानकों से उपर है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट से भी उद्घाटित हो चुका है कि प्रदूषित हवा की चपेट में भारत में वर्ष 2016 में लगभग एक लाख मासूम बच्चों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा था। गौर करें तो यह आंकड़ा प्रतिवर्ष बढ़ता जा रहा है। गत वर्ष पहले यूनिवर्सिटी ऑफ कैरोलीना के विद्वान जैसन वेस्ट के अध्ययन में कहा गया था कि वायु प्रदूषण से सबसे अधिक मौत दक्षिण और पूर्व एशिया में होती है और उसमें भी भारत शीर्ष पर है। आंकड़ें बताते हैं कि हर साल मानव निर्मित वायु प्रदूषण से चार लाख 70 हजार और औद्योगिक इकाईयों से उत्पन्न प्रदूषण से 21 लाख लोग दम तोड़ते हैं। अगर जहर फैला रही इन औद्योगिक इकाईयों पर नियंत्रण लग जाए तो हालात सुधर सकते हैं। दुनिया की जानी-मानी पत्रिका 'नेचर' द्वारा भी खुलासा किया जा चुका है कि अगर शीघ्र ही वायु की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ तो वर्ष 2050 तक प्रत्येक वर्ष 66 लाख लोगों की जानें जा सकती हैं।

यह रिपोर्ट जर्मनी के मैक्स प्लेंक इंस्टीट्यूट ऑफ केमेस्ट्री के प्रोफेसर जोहान लेलिवेल्ड और उनके शोध दल ने तैयार किया था, जिसमें प्रदूषण फैलने के दो प्रमुख कारण गिनाए गए। एक, पीएम 2.5एस विषाक्त कण और दूसरा वाहनों से निकलने वाली गैस नाइट्रोजन आक्साइड। रिपोर्ट में आगाह किया गया था कि भारत और चीन में वायु प्रदूषण की समस्या विशेष तौर पर गहरा सकती है, क्योंकि इन देशों में खाना पकाने के लिए कच्चे ईंधन का इस्तेमाल होता है जो कि प्रदूषण का महत्वपूर्ण स्रोत है। विशेषज्ञों की मानें तो अगर इससे निपटने की तत्काल वैश्विक रणनीति तैयार नहीं की गई, तो भारत की बड़ी जनसंख्या वायु प्रदूषण की चपेट में आ सकती है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

वैसे तो यात्राएं मैं बहुत करता हूं, लेकिन आज जिस यात्रा का जिक्र यहां करूंगा वो हर व्यक्ति से जुड़ी हुई होगी। शहर बनारस या फिर वाराणसी कहिए, लेकिन मैं अपनी काशी यात्रा के बारे में बताऊंगा।
काशी जिसे मोक्ष की नगरी, शिव की स्थली और धर्म की राजधानी कहा जाता है। मेरे लिए केवल एक यात्रा नहीं, आत्मा से साक्षात्कार का निमंत्रण था, जब इस बार जब मैंने काशी की ओर रुख किया। वाराणसी रेलवे स्टेशन पर उतरते ही एक अजीब ऊर्जा ने मुझे घेर लिया। हवा में गंगा की नमी थी और कानों में शंखध्वनि की गूंज। मैंने निश्चय किया कि इस बार मैं केवल घाटों और विश्वनाथ मंदिर तक ही नहीं रुकूंगा, बल्कि उन जगहों की खोज करूंगा जो इतिहास के पन्नों में छिपी हैं।


शिवेंद्र सिंह बघेल
वायरल गुरु

# कर्म, आस्था और अविनाशी विश्वास की धरती काशी






## कर्दमेश्वर महादेव मंदिर

वाराणसी की भीड़भाड़ और गलियों के बीच एक ऐसा स्थान है, जहां पहुंचते ही मन में शांति उतर आती है- कर्दमेश्वर महादेव मंदिर। यह मंदिर काशी के उन प्राचीन और कम चर्चित शिवालयों में से एक है, जिनके बारे में आम पर्यटक तो क्या कई स्थानीय लोग भी कम जानते हैं।

मैं एक सुबह गंगा आरती के बाद घाटों से होते हुए कर्दमेश्वर की ओर निकला। बनारस की संकरी गलियों में पैदल चलते हुए, पान की दुकानों की खुशबू, मंदिरों की घंटियों की धुन और गंगा के तट की ठंडी हवा, सभी मिलकर यात्रा को अद्भुत बना रहे थे। रास्ते में एक बुजुर्ग पंडित जी मिले, जिनसे बात करते हुए पता चला कि कर्दमेश्वर महादेव का महत्व स्कंद पुराण में भी वर्णित है। मान्यता है कि यहां स्वयं भगवान शिव ने कर्दम मुनि की तपस्या से प्रसन्न होकर प्रकट होकर उन्हें दर्शन दिए थे।

मंदिर पहुंचते ही सामने एक पुरातन शैली की संरचना नजर आई, जिस पर समय की परतें साफ झलकती थीं। द्वार पर नंदी महाराज विराजमान थे, जैसे आने-जाने वालों पर दृष्टि रखे हों। गर्भगृह में प्रवेश करते ही वातावरण में गूंजते "ॐ नम: शिवाय" के स्वर और जलाभिषेक की बूंदों की ठंडक ने तन-मन को भिगो दिया। वहां के पुजारी ने बताया कि सावन और महाशिवरात्रि के समय यहां विशेष मेला लगता है, लेकिन सामान्य दिनों में यहां का सन्नाटा और शांति ही इसकी असली पहचान है।

मंदिर के पीछे एक छोटा सा कुंड भी है, जिसके बारे में कहा जाता है कि कर्दम मुनि यहीं स्नान कर ध्यान लगाया करते थे। पानी में झांकते हुए लगा जैसे समय रुक गया हो। चारों ओर मंदिर की दीवारें, ऊपर नीला आसमान और मन में गूंजता शिव नाम।



## जंगमबाड़ी मठ

जंगमबाड़ी मठ, काशी का एक प्रमुख वीरशैव मठ है, जो दक्षिण भारत की दार्शनिक परंपराओं को उत्तर भारत से जोड़ता है। इस मठ में प्रवेश करते ही एक शांति का अनुभव होता है। यहां की दीवारों पर उकेरी गई लिपियां, ताम्रपत्र और योगी परंपरा के चिह्न उस काल की गाथा कहते हैं, जब संत ज्ञानेश्वर और बसवन्ना की वाणी उत्तर भारत में भी गूंजती थी। यहां पर बताया की लाखों की संख्या में शिवलिंग मौजूद हैं।

मठ के अंदर साधुओं का जीवन, तप और अनुशासन देखकर मन श्रद्धा से भर गया। हिंदी भाषा के कई ग्रंथ यहां के पुस्तकालय में सुरक्षित हैं, जिनमें भाषा, व्याकरण और दर्शन का अपूर्व समन्वय मिलता है।



## लोलार्क कुंड

लोलार्क कुंड का उल्लेख पुराणों में मिलता है। कहा जाता है कि यहां सूर्य देव स्वयं प्रकट हुए थे। यह कुंड 'संतान प्राप्ति' की कामना से जुड़ा है, विशेषकर लोलार्क छठ के अवसर पर यहां स्नान और पूजा का विशेष महत्व है। मैंने देखा-महिलाएं सिर पर दीप रखकर सीढ़ियों से उतर रही थीं। कोई तांबे के पात्र में जल भर रहा था, तो कोई तिल चढ़ा रहा था। श्रद्धा का वह दृश्य शब्दों में बांधना कठिन है।

इस स्थल की विशेषता यह है कि यह आस्था और विज्ञान का सम्मिलन है। कुंड की बनावट, जल का तापमान और उसकी संरचना में भारतीय वास्तुशास्त्र की स्पष्ट छाप दिखती है। यह नगरी जितनी प्राचीन है, उतनी ही नवीन। कर्दमेश्वर महादेव ने सिखाया कि कर्म ही पूजा है, जंगमबाड़ी ने दर्शन की गहराई से अवगत कराया और लोलार्क कुंड ने यह बताया कि आस्था, विज्ञान और परंपरा जब एकत्र होती हैं, तब काशी जन्म लेती है। यह यात्रा मेरे जीवन की एक पूर्ण विराम नहीं, बल्कि नवीन अनुच्छेद की शुरुआत है। काशी से जुड़े रहने की, उसे समझने की और आत्मा से जुड़ने की।

---

अनुभूति

# ऑरेंज आर्मी




पिछले हफ्ते जब भारी बारिश के कारण लगभग हर नदी अपने उफान पर थी। आसमान से बरसती मूसलधार बूंदें और धरती पर बहता पानी, हर तरफ एक अजीब-सा सन्नाटा और खौफ पैदा कर रहा था। इन हालातों में रात की ड्यूटी करना हमेशा से सबसे मुश्किल होता है। उन्हीं दिनों एक रात मेरी ड्यूटी बरेली सिटी-पीलीभीत पैसेंजर में थी। देवहा नदी का पुल रास्ते में पड़ता है। नदी उफान पर थी, लहरें मानो चेतावनी दे रही हों कि नदी से दूर रहने में भी भलाई है।

इंजन के शीशे पर जब बारिश की बूंदें 110 किमी की रफ्तार से टकराती हैं तो सामने का नजारा एकदम धुंधला हो जाता है। ऊपर से रात का अंधेरा हो तो रास्ता और भी डरावना लगता है। ऐसे में दिल बार-बार यही सोचता है, कहीं ट्रैक धंस न गया हो, कहीं पुल की मिट्टी बह न गई हो। हर क्षण एक अनदेखा डर साथ चलता रहता है। जब भी पुल पर या ट्रैक के किनारे नारंगी ड्रेस पहने ट्रैक मैन की एक परछाई नजर आती है, तो दिल को एक अलग सा सुकून मिल जाता है। वो धुंधली सी तस्वीर बताती है कि 'आगे सब सही है।' यही वो इंसान होते हैं, जो आधी रात, तूफान, ठंडी, गर्मी या बारिश हर मौसम में हमारी और यात्रियों की सुरक्षा के लिए डटे रहते हैं। वहीं नाइट पेट्रोलिंग करते गैंगमैन, ट्रैकमैन और कीमैन, जो खुद हमारे सफर में हमारे साथ नहीं बैठते, लेकिन हमें मंजिल तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए हर पल साथ खड़े रहते हैं। ट्रेन जब भी उनके पास से गुजरती है, हम लंबा हॉर्न देते हैं ताकि वो सतर्क हो जाएं। बदले में वो हमें बिना जाने-पहचाने, बस इंसानियत और अपने फर्ज के नाते, एक हाथ उठाकर अभिवादन करते हैं।

ये रिश्ता बड़ा अजीब है, न नाम जानते हैं, न कभी ठीक से मिले हैं। सालों से यही रिश्ता चलता आ रहा है। शायद कभी मंजिल पर जाकर उनसे मुलाकात हो जाए, शायद कभी न हो, लेकिन सफर के रास्ते हमेशा हमारे और उनके सांझा रहते हैं। सच कहूं तो जब भी रात के अंधेरे में नारंगी ड्रेस वाली वो परछाई दिखती है, तो लगता है कि चलो आगे का रास्ता सही है। कभी-कभी सोचता हूं, हम लोको पायलट तो सबके सामने रहते हैं, लोग हमें पहचानते हैं। मगर ऑरेंज आर्मी वाले साए का कोई नाम नहीं, कोई पहचान नहीं। वो चुपचाप अपने हिस्से का फर्ज निभाकर अगली रात फिर उसी रास्ते पर खड़े मिल जाते हैं। जिंदगी में न जाने कितनी मंजिलें बदलती रहती हैं, कितने सफर पूरे होते रहते हैं, लेकिन उनके साथ जुड़ा ये मौन रिश्ता कभी नहीं बदलता। वो हमारे सफर के अनकहे, अनजाने साथी हैं, जिन्हें हम कभी धन्यवाद तक नहीं कह पाते। शायद यही उनकी सबसे बड़ी महानता है।


रवि
ब्लॉगर

# सांझी: ब्रज की लोक चित्रांकन कला

सांझी को ब्रज की लोक देवी माना गया है। यह ब्रज संस्कृति की उपासना का प्रमुख अंग है। ब्रज के अनेक देवालयों में इसे आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से आश्विन कृष्ण अमावस्या तक अंकित किया जाता है। इसके मध्य में भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित विभिन्न लीलाओं का भी अंकन किया जाता है। यह ब्रज की लोक चित्रांकन कला है। इसमें सूखे रंगों, फूलों व गोबर आदि के प्रयोग से अष्टकोणीय रूप में ज्यामितीय आकार की विभिन्न दृश्यावलियां फर्श, दीवार व कागज आदि पर बनाई जाती हैं। चूंकि सांझी का आशय संध्या से है, इसलिए इसके दर्शन सायं काल ही होते हैं। पितृ पक्ष में इनके बनाए जाने का प्रमुख कारण यह है कि एक तो इन दिनों यहां विभिन्न प्रकार के फूल सहजता से प्राप्त हो जाते हैं। अतएव यह कला ब्रज में पितृ पक्ष का विशेष उत्सव है। ब्रज के नगरीय क्षेत्रों में सूखे रंगों एवं ग्रामीण अंचलों में गोबर से इस कला का चित्रांकन बहुतायत से होता है। इसे तेल व जल के अंदर एवं तेल व जल के ऊपर भी एक विशेष तरीके से बनाया जाता है। फूलों से सांझी बनाए जाने का इतिहास 5000 हजार वर्षों से भी अधिक पुराना है।


डॉ. गोपाल चतुर्वेदी
वरिष्ठ साहित्यकार



## सांझी बनाने की कला

सांझी बनाने हेतु सर्वप्रथम अष्टकमल आकर में पीली मिट्टी की वेदी बनाई जाती है। अष्टकमल अष्टसखियों का प्रतीक हैं। तत्पश्चात ज्यामिती आकार में डिजाइन डाली जाती है। इसमें सतिया-स्वस्तिवाचक के रूप में, सात बिंदी-सप्तऋषियों के प्रतीक के रूप में और केला रुद्र पूजा के रूप में अंकित किए जाते हैं। इसके बाद इन्स्टेंसिल लगाकर तरह-तरह के रंगों को डाली गई डिजाइनों के अंदर छाना जाता है। सबसे अंत में सांझी के मध्य 'होंद' बनाया जाता है, जिसमें रंगों के द्वारा भांति-भांति के दृश्य चित्रित कर उनके मध्य राधा-कृष्ण का युगल चित्र लगाया जाता है। चार पांच व्यक्ति दिनभर कठोर परिश्रम से कार्य करने के बाद सायं तक एक सांझी तैयार कर पाते हैं। तत्पश्चात उसका ठाकुर जी के विग्रह की भांति अत्यंत विधि-विधान से भोग लगाया जाता है और उसकी आरती होती है। इसके बाद उसके दर्शन सभी के लिए खुलते हैं, जो कि रात्रि को मंदिर के पट बंद होने के तक खुले रहते हैं। प्रात: काल मंदिर की मंगला आरती के समय इसके दर्शन पुन: कराए जाते हैं। इसके बाद वेदी व राधा-कृष्ण की युगल छवि को छोड़कर पूरी सांझी बिगाड़ दी जाती है। अगले दिन कठिन परिश्रम के बाद विभिन्न दृश्यावलियों से सुसज्जित दूसरी सांझी बनाई जाती है। पितृ विसर्जन अमावस्या को प्रत्येक दिन की सांझी में प्रयुक्त होने वाले फूलों, रंगों आदि सामग्री को यमुना में विसर्जित कर दिया जाता है। ब्रज के ग्रामों में गोबर से भी सांझी बनाई जाती है।

## कष्ट और श्रम साध्य कला



तत्पश्चात उन्हें फूलों व कौड़ियों आदि से सजाया जाता है। इस समय अधिकांशत: सूखे रंगों के द्वारा ही सांझी बनाई जाती है। ब्रज की अधिकांशत: कुंवारी कन्याएं श्रेष्ठ वर प्राप्त करने के उद्देश्य से भी सांझी बनाती हैं और व्रत भी रखती हैं। सांझी बनाया जाना अत्यंत कष्ट साध्य व श्रम साध्य कला है। क्योंकि इसे भक्ति भावना के साथ बनाया जाता है, इसलिए इसको जमीन पर बनाने वाले कलाकार इसे लकड़ी की तख्तियों पर बैठकर एवं घंटों झुके रहकर जमीन पर बिना पैर रखे बनाते हैं। वृंदावन के भट्ट जी मंदिर, राधावल्लभ मंदिर व राधारमण मंदिर आदि में पितृ पक्ष के दौरान अत्यंत चित्ताकर्षक व नयनाभिराम सांझी बनाई जाती है। वृंदावन के प्राचीन ब्रह्म कुंड पर पितृ पक्ष के पूरे 15 दिन सांझी का मेला लगता है। इसमें प्रतिदिन सांझी बनाने वाले कलाकार अपनी कला का हुनर दिखाते हैं। बाद को इन्हें पुरस्कृत भी किया जाता है। इस समय राधारमण मंदिर के सेवायत सुमित गोस्वामी एवं प्रियावल्लभ मंदिर के सेवायत रसिक वल्लभ नागार्च आदि की गिनती सांझी बनाने वाले प्रमुख कलाकारों में की जाती है।

## पौराणिक कथाओं के अनुसार

पौराणिक कथाओं के अनुसार राधा रानी मानिनी देवी थीं, इसलिए श्रीकृष्ण ने प्राय: अपनी सभी लीलाएं राधा रानी को मनाने के लिए की थीं। परंतु राधा रानी ने श्रीकृष्ण को रिझाने के लिए कुछ ही लीलाएं की थीं, सांझी उन्हीं में से एक है। सांझी राधा-कृष्ण के प्रेम का प्रतीक है। इसीलिए ब्रज में सांझी को राधा रानी का प्रतिरूप मानकर संध्या के समय उनकी उसी प्रकार पूजा-अर्चना की जाती है, जिस प्रकार ब्रज के मंदिरों में ठाकुर विग्रहों की पूजा-अर्चना होती है। सांझी कला राधा-कृष्ण के प्रेम की चरमतम अवस्था की परंपरा है, जो कि ब्रज में ही संजोयी गई है और विकसित हुई है। अष्टकोण में निहित होने एवं राधा रानी की कला होने के कारण इसे 'वैष्णव यंत्र' भी कहा गया है। सांझी कला ब्रज की लोक संस्कृति में निहित है। इसे प्रति वर्ष महोत्सव के रूप में मनाया जाता है। सांझी पर अनेक संतों, रसिकों व भक्तों आदि ने सैकड़ों पदों की रचना की है, जिनमें रसखान, सूरदास, हित हरिवंश महाप्रभु एवं भारतेंदु हरिश्चंद्र आदि प्रमुख हैं।

---

बतकही

# सह-अस्तित्व : कुत्ते और इंसान

देशभर में कुत्तों पर चर्चा हो रही थी। कुछ लोग कुत्तों के विरोध में उतर आए थे और कुछ पक्ष में। मेरी कॉलोनी में भी पहले दो-तीन स्ट्रीट डॉग्स होते थे, जिनसे कोई परेशानी नहीं थी। अब 10-12 स्ट्रे डॉग्स हैं, जिनमें से एक दो खतरनाक हैं। शायद पहले किसी के पाले हुए कुत्ते रहे होंगे। ये बाइक और स्कूटी वालों के पीछे भागते हैं व कई लोगों ने बच्चों पर झपटने की शिकायत भी की है। सभी जगह यही हाल है। रात में तो ये बहुत खूंखार हो जाते हैं।

भूले-भटके कभी नगर पालिका या नगर निगम इन्हें स्टरलाइजेशन के लिए ले जाना चाहें तो मोहल्ले के लोग ही ले जाने नहीं देते। रिजल्ट यह कि इनकी संख्या में दिनों-दिन वृद्धि होती जा रही है। गलियों में झूठा खाना और मल-मूत्र पड़ा रहता है, जिसके साथ जीना नियति बन गई है। खैर गली का मामला है। बैर मोल नहीं लेना। आपसी समझदारी जरूरी है। जिंदगी चल रही है इसी के साथ। पालतू कुत्तों की बात करें तो 'लव मी लव माय डॉग' वाली पॉलिसी अधिकतर कुत्ता पालकों की होती है। इसी सिलसिले में एक पुरानी घटना याद आ रही है। स्मार्ट सिटी बनने जा रहे एक बड़े शहर की। एक परिचित दो-तीन बार घर आ चुके थे और बार-बार अपने घर आने का आग्रह करते थे। एक बार हम दोनों पति-पत्नी उनके घर चले गए तो महाशय के साथ तीन कुत्तों ने हमारा स्वागत किया। एक जर्मन शेफर्ड, एक लैबराडोर और तीसरे की नस्ल याद नहीं। कुछ याद रखने जैसा माहौल ही नहीं था। भाईसाहब बोले कि मेरे पीछे सीधे चलते हुए आना, उनकी तरफ मत देखना। मन तो था पर कहने की हिम्मत न हुई कि हम वापस जा रहे हैं। खैर, उनके आदेशों का त्वरित पालन किया। किसी तरह ड्राइंग रूम में पहुंचकर सोफे में बैठे।

बातचीत का सिलसिला कुत्तों से ही शुरू हुआ। भाईसाहब ने बताया कि यह हमेशा खुले ही रहते हैं। उनके नाम ले लेकर उनकी क्वालिटी बताने लगे। सफेद रंग का लैब्राडोर बिल्कुल सीधा-साधा। दूसरा छोटे साइज का काफी खतरनाक। तीसरा जर्मन शेफर्ड तो कई बार घर आए लोगों को काट भी चुका है। उन्होंने बहुत हंसते-हंसते बताया कि एक काफी वृद्ध महिला की हथेली में जर्मन शेफर्ड ने अपना दांत आर-पार कर दिया। सुनकर हम दोनों तो बहुत भयभीत हो गए पर उस वक्त उन्हीं की दया पर निर्भर थे। जैसे बैठे थे वैसे ही बैठे रहना था। उन्होंने बताया कि अगर हमने सोफे के कपड़े को ठीक करने की कोशिश की या टेबल से कोई भी चीज उठाने या देखने की कोशिश की तो यह तुरंत काट लेगा। शोक ग्रस्त होकर कहिये या किसी राष्ट्रीय त्योहार के तहत राष्ट्रगान गाने जैसे हम अटेंशन में बैठे हुए थे। हाथ-पैर चिपके थे और होंठ भी खुलने का साहस नहीं कर रहे थे। चाय नाश्ता भी आया, लेकिन डरते-डरते चाय का कप उठाया और खत्म होने पर बहुत ही सावधानी के साथ टेबल पर रखा। नाश्ते को तो छूने का सवाल ही नहीं होता।

कुत्तों से मुझे नफरत नहीं है, पर बेतहाशा प्यार भी नहीं। सदियों से यहां सह-अस्तित्व जीवन परंपरा का हिस्सा रहे हैं। मगर यह भी जरूरी है कि एक दूसरे को नुकसान पहुंचाए दोनों का अस्तित्व और जीवन की मर्यादा बनी रहे। सह-अस्तित्व की इस धारणा में कई बार कुत्तों के सामने इंसान का कद बौना हो जाता है। ऐसे लोगों को देखकर बहुत आश्चर्य होता है कि जो मेहमानों के आने पर भी कुत्तों को बांधना जरूरी नहीं समझते। वह मेहमानों को चुम्मा-चाटी करता रहे तो दांत खोलकर हंसते रहेंगे। जरूरी नहीं हर कोई यह पसंद करता हो।

इसी तरह सुबह-सवेरे कुत्तों को घुमाने वाले लोग भी जगह-जगह सड़क में गंदगी करवाते हैं। भारी भरकम कुत्ते को वह नहीं घूमाते,बल्कि कुत्ता उन्हें घुमाता है। पूरा दम लगाकर भी वे उसे कंट्रोल नहीं कर पाते। कई तो ऐसे भी हैं, जो उन्हें खुला छोड़ देते हैं। कोई डरे, किसी को काटे उनकी बला से। न बाहर के देशों की तरह यहां पर सजा का प्रावधान, न अगला इतना समझदार कि इलाज का पूरा प्रबंध कराए। बचकर निकलने में ही फायदा है। अगर बच सके तो...


अमृता पांडे
लेखिका



| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 82,626.23 | 25,327.05 |
| गिरावट | 387.73 | 96.55 |
| प्रतिशत में | 0.47 | 0.38 |

सोना : 1,14,000 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 1,32,000 प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, शनिवार, 20 सितंबर 2025
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2615, राज श्री 1840, फ़ॉर्चून कि. 2220, रविन्द्रा 2550, फॉर्चुन 13केजी 1955, जय जवान 1975, सचिन 2050, सूरज 1975, अवसर 1885, उजाला 1920, गृहणी 13केजी 1895, क्लासिक (केजी) 2095, मोर 2165, चक्र टिन 2375, ब्लू 2125, आशीर्वाद मस्टर्ड 2475, स्वास्तिक 2570 **किराना ( प्रतिकु.) :** हल्दी निजामाबाद 14000, जीरा 24000, लाल मिर्च 14000-17000, धनिया 9000-11000, अजवायान 13500-20000, मेथी 7000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 27000, (प्रतिकि0) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 880, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100 **चावल ( प्रतिकु ) :** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4950, शर्बती स्टीम 5100, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 7300, राजभोग 6850, हरी पत्ती ( 1केजी,5केजी) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, जेनिथ 8100, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350, खजाना 4300 **दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12800-13500, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7550-8900, मलका छाँटी 7550, दाल उड़द बिलासपुर 8000-9000, मसूर दाल छोटी 9500-11200, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 9900, उड़द धोवा इंदौर 12800, उड़द धोवा 10000-11000,चना काला 7050, दाल चना 7600, दाल चना मोटी 7850, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8200, चना अकोला 7200, डबरा 7200-9200, सच्चा हीरा 8900, मोटा हीरा 10900, अरहर गोला मोटा 7700, अरहर पटका मोटा 8100, अरहर कोरा मोटा 8800, अरहर पटका छोटा 9800-10300, अरहर कोरी छोटी 10300 **चीनी :** डालमियां 4380, पीलीभीत 4280, सितारगंज 4260, धामपुर 4360

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 5000, मसूरी- 3400 बासमती- 9200, परमल- 3100 **दाल दलहन :** काला चना- 7000, साबुत चना दाल- 7200, मूंग साबुत- 9200 राजमा- 12100-14000, दाल उड़द- 9300, साबुत मसूर दाल- 7000, मसूर दाल- 7200, उड़द साबुत- 8200, काबुली चना- 10300, अरहर दाल- 11000, लोबिया/करमानी- 9400

# भारत की साख रेटिंग बढ़ाकर बीबीबी+ की

## जापान की आरएंडआई ने भारतीय अर्थव्यवस्था के स्थिर परिदृश्य को रखा बरकरार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

जापान की रेटिंग एंड इन्वेस्टमेंट इन्फॉरमेशन इंक. (आरएंडआई) ने भारत की दीर्घकालिक सरकारी साख रेटिंग को 'बीबीबी' से बढ़ाकर 'बीबीबी+' करने के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था के 'स्थिर' परिदृश्य को बरकरार रखा है। इस साल किसी साख रेटिंग एजेंसी की तरफ से भारत की रेटिंग को तीसरी बार बढ़ाया गया है। इससे पहले एसएंडपी ने अगस्त 2025 में भारत की रेटिंग को बढ़ाकर 'बीबीबी' और मॉर्निंगस्टार डीबीआरएस ने मई 2025 में 'बीबीबी' किया था।

रेटिंग एजेंसी आरएंडआई की शुक्रवार को प्रकाशित भारत सरकारी साख समीक्षा के मुताबिक, यह रेटिंग दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक के रूप में भारत की स्थिति से समर्थित है। रिपोर्ट कहती है कि भारत की बढ़ी हुई रेटिंग इसके जनसांख्यिकीय लाभांश, मजबूत घरेलू मांग और ठोस सरकारी नीतियों पर आधारित है। आरएंडआई ने अपनी रिपोर्ट में सरकार की राजकोषीय स्थिति में हुई प्रगति का उल्लेख किया, जो उच्च वृद्धि के साथ ही कर राजस्व में वृद्धि, सब्सिडी को तर्कसंगत बनाने और ऋण के प्रबंधनीय स्तर से प्रेरित है। यह रिपोर्ट भारत की मजबूत बाह्य स्थिरता पर भी प्रकाश डालती है। इसमें कहा गया कि चालू खाते का मामूली घाटा, सेवाओं और धनप्रेषणों में टिकाऊ अधिशेष, जीडीपी के अनुपात में बाहरी कर्ज कम होने और पर्याप्त विदेशी मुद्रा से इसकी मजबूती का पता चलता है।

वित्त मंत्रालय ने आरएंडआई की तरफ से भारत की रेटिंग बढ़ाए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार राजकोषीय सूझबूझ और व्यापक आर्थिक स्थिरता के साथ ही समावेशी, उच्च-गुणवत्ता वाली वृद्धि को बढ़ावा देने वाली नीतियों के जरिये इस गति को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि पांच महीनों के भीतर तीन क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा भारत की रेटिंग में सुधार करने से देश के मजबूत और जुझारू व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों और विवेकपूर्ण राजकोषीय प्रबंधन के प्रति बढ़ती वैश्विक मान्यता का पता चलता है।




### कृषि श्रमिकों के लिए खुदरा महंगाई बढ़कर 1.07 % पर

**नई दिल्ली।** कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति अगस्त में बढ़कर क्रमश : 1.07 प्रतिशत और 1.26 प्रतिशत हो गई। इससे पिछले महीने जुलाई में यह क्रमश : 0.77 प्रतिशत और 1.01 प्रतिशत थी। श्रम मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, कृषि श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक अगस्त 2025 में 1.03 अंक बढ़कर 136.34 हो गया, जबकि ग्रामीण श्रमिकों के लिए सूचकांक 0.94 अंक बढ़कर 136.60 पर पहुंच गया। कृषि श्रमिकों के लिए खाद्य सूचकांक में आलोच्य महीने में 1.39 अंक और ग्रामीण मजदूरों के लिए 1.29 अंक की वृद्धि हुई।

### सोना 800 रुपये चढ़कर 1,14,000 प्रति 10 ग्राम पहुंचा, चांदी 500 रुपये मजबूत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 800 रुपये चढ़कर 1,14,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वैश्विक स्तर पर बढ़ते तनाव और अमेरिका-चीन के बीच नए व्यापारिक तनाव के बीच मजबूत वैश्विक संकेतों के चलते सोने में तेजी आई। चांदी की कीमत भी 500 रुपये बढ़कर 1,32,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर रही। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना गुरुवार को 1,13,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय सर्राफा बाजार में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 700 रुपये बढ़कर 1,13,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,12,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज) सौमिल गांधी ने कहा, सप्ताह के आखिरी कारोबारी सत्र में सोने में सकारात्मक रुख रहा और कीमती धातुओं में तेजी रही। इस तेजी के कई कारण हैं। इनमें इस साल एक्सचेंज-ट्रेडेड फंडों में मजबूत निवेश और केंद्रीय बैंकों द्वारा सक्रिय रूप से सोना खरीदना शामिल है। इसके साथ, इस साल के अंत से पहले फेड द्वारा ब्याज दरों में और भी कटौती की उम्मीदें, तथा मौजूदा भू-राजनीतिक तनावों एवं व्यापार संबंधी मुद्दों के कारण सुरक्षित निवेश की लगातार मांग बनी रह सकती है।

# बाजार में तीन दिनों की तेजी थमी, सेंसेक्स 387 अंक टूटा

**मुंबई, एजेंसी**



- निफ्टी में 96 अंक की गिरावट बाजार में मुनाफावसूली देखी गई

प्रमुख कंपनियों एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक में मुनाफावसूली होने के कारण स्थानीय शेयर बाजार में तीन दिनों से चली आ रही तेजी शुक्रवार को थम गई। सेंसेक्स 387 अंक टूट गया जबकि निफ्टी में 96 अंक की गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 387.73 अंक यानी 0.47 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,626.23 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 528.04 अंक गिरकर 82,485.92 अंक पर आ गया था। एनएसई का 50 शेयरों वाला सूचकांक निफ्टी 96.55 अंक यानी 0.38 प्रतिशत गिरकर 25,327.05 अंक पर आ गया। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एचसीएल टेक, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, ट्रेंट, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक में सबसे अधिक गिरावट रही। दूसरी तरफ, अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, एसबीआई, एनटीपीसी और सन फार्मा के शेयर लाभ में रहे। कारोबार के दौरान अदाणी समूह की कंपनियों में खासी तेजी देखी गई।

### परमार्थ संस्थाएं सोशल स्टॉक एक्सचेंज के दायरे में

**नई दिल्ली।** सेबी ने सोशल स्टॉक एक्सचेंज (एसएसई) का दायरा बढ़ाते हुए अधिक परमार्थ संस्थाओं को इस मंच के जरिये धन जुटाने की अनुमति दी। सोशल स्टॉक एक्सचेंज पूंजी बाजार का एक विशेष मंच है जिसे सेबी ने सामाजिक उद्यमों एवं गैर-लाभकारी संगठनों को पारदर्शी तरीके से धन जुटाने की सुविधा देने के लिए शुरू किया है। इस मंच के जरिये ट्रस्ट, सोसाइटी और सेक्शन-आठ में आने वाली कंपनियां दान-आधारित साधनों व सामाजिक उद्यम इक्विटी या ऋण साधनों से पूंजी जुटा सकती हैं।

# काम के आधार पर नियुक्त अस्थायी कर्मचारियों की संख्या बढ़कर 92 लाख होने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- आईएसएफ ने पेश की रिपोर्ट



देश में कार्य के आधार पर अनुबंध पर नियुक्त किये जाने वाले 'फ्लेक्सी' कर्मचारियों की संख्या सालाना आधार पर संचयी रूप से 12.6 प्रतिशत बढ़कर 2026-27 तक 91.6 लाख होने का अनुमान है। फ्लेक्सी-स्टाफिंग उद्योग में कोई कंपनी सीधे तौर पर कर्मचारियों को नौकरी पर नहीं रखती, बल्कि कार्य आधार पर अनुबंध पर कर्मचारियों को नियुक्त करती है।

इंडियन स्टाफिंग फेडरेशन (आईएसएफ) की नई रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 तक इस श्रमबल की संख्या सालाना आधार पर संचयी रूप से 12.6 प्रतिशत बढ़कर 91.6 लाख तक पहुंच सकती है, जिससे रोजगार के नए और लचीले अवसर बनेंगे। 'इंडियन फ्लेक्सी स्टाफिंग इंडस्ट्री 2025' शीर्षक से रिपोर्ट में बताया कि देश में फ्लेक्सी-स्टाफिंग उद्योग के 17.3 प्रतिशत की दर से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2026-27 तक 2,58,000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। कंपनियां इस मॉडल को इसलिए अपना रही हैं क्योंकि इससे उन्हें जरूरत के हिसाब से कर्मचारी मिल जाते हैं, खासकर त्योहारी सीजन या खास परियोजनाओं के लिए।

यह कंपनियों को काम में लचीलापन देता है और कानूनी औपचारिकताओं का बोझ कम करता है। इंडियन स्टाफिंग फेडरेशन के अध्यक्ष लोहित भाटिया ने कहा, यह रिपोर्ट भारत के आर्थिक वृद्धि में 'फ्लेक्सी-स्टाफिंग' के विशाल योगदान को दर्शाती है।

## वोडाफोन आइडिया की याचिका पर न्यायालय करेगा सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वोडाफोन आइडिया लिमिटेड की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत हो गया। याचिका में 2016-17 तक के लिए अतिरिक्त समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) मांगों को रद्द करने का आग्रह किया है। कोर्ट 26 सितंबर को मामले की सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति एन वी अंजारिया की पीठ दूरसंचार विभाग (डॉट) द्वारा वित्त वर्ष 2016-17 से संबंधित 5,606 करोड़ की नई मांग के खिलाफ वोडाफोन आइडिया की नई याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

# जीएसटी दरों में कटौती से सरकार पर नहीं पड़ेगा कोई खास राजकोषीय बोझ

**कोलकाता, एजेंसी**

- रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने पेश की ताजा रिपोर्ट




रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने शुक्रवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में हाल ही में किए गए बदलाव से सरकार पर कोई खास राजकोषीय बोझ नहीं पड़ेगा। रेटिंग एजेंसी की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, सरकार ने दर कटौती की वजह से अल्पावधि में सालाना करीब 48,000 करोड़ रुपये के शुद्ध नुकसान का अनुमान लगाया है, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में कुल जीएसटी संग्रह 10.6 लाख करोड़ रुपये रहा था।

रिपोर्ट कहती है कि कुल जीएसटी संग्रह के अनुपात में यह राजस्व नुकसान बहुत अधिक नहीं है। जीएसटी परिषद ने हाल ही में कर दरों को तर्कसंगत बनाते हुए पांच और 18 प्रतिशत के दो स्लैब में रखने का फैसला किया है। यह संशोधन 22 सितंबर से प्रभावी होने वाला है जिससे कई उत्पादों और सेवाओं की कीमतों में कमी आएगी। क्रिसिल ने कहा कि दरों को तर्कसंगत बनाने से अधिक वस्तुएं और सेवाएं औपचारिक कर दायरे में आ सकेंगी, जिससे मध्यम अवधि में कर वसूली में मजबूती मिलेगी। पहले 70-75% जीएसटी राजस्व 18 प्रतिशत स्लैब से आता था, जबकि 12 प्रतिशत स्लैब से केवल पांच-छह प्रतिशत और 28 प्रतिशत स्लैब से 13-15 प्रतिशत राजस्व मिलता था। रिपोर्ट के मुताबिक, 12% स्लैब में शामिल वस्तुओं पर कर घटाने से राजस्व को कोई खास नुकसान नहीं होगा।



# 1965 के युद्ध में शास्त्री ने निर्णायक नेतृत्व प्रदान किया

## रक्षा मंत्री ने तत्कालीन प्रधानमंत्री की सराहना की, ऑपरेशन सिंदूर को इस दृढ़ संकल्प का एक शानदार उदाहरण बताया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



नई दिल्ली में भारतीय सेना द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में 1965 के युद्ध के पूर्व सैनिकों और शहीद सैनिकों के परिवारों के साथ बातचीत करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 1965 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री और भारतीय सैनिकों की सराहना करते हुए शुक्रवार को कहा कि यह राष्ट्र की ताकत की परीक्षा थी। सिंह ने कहा कि शास्त्री जी के दृढ़ इच्छाशक्ति वाले नेतृत्व के कारण ही भारत 1965 में अनिश्चितता और चुनौतियों का सामना करने में सफल रहा, क्योंकि उन्होंने न केवल निर्णायक राजनीतिक नेतृत्व प्रदान किया, बल्कि पूरे राष्ट्र का मनोबल भी बढ़ाया।

रक्षा मंत्री एक कार्यक्रम में 1965 के युद्ध में भाग लेने वाले सैनिकों और शहीद नायकों के परिजनों के साथ बातचीत कर रहे थे। इस बात पर जोर देते हुए कि भारतीयों ने बार-बार यह साबित किया है कि देश अपना भाग्य स्वयं बनाता है, सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को इस दृढ़ संकल्प का एक शानदार उदाहरण बताया। उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर ने हमारे दुश्मनों को दिखा दिया कि हम कितने मज़बूत हैं। जिस समन्वय और साहस के साथ हमारी सेनाओं ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया, वह इस बात का प्रमाण है कि जीत अब हमारे लिए कोई अपवाद नहीं है; यह हमारी आदत बन गई है। हमें इस आदत को हमेशा बनाए रखना चाहिए। हालाँकि, रक्षा मंत्री के संबोधन का मुख्य आकर्षण 1965 के युद्ध पर उनका अवलोकन था। सिंह ने कहा, कोई भी युद्ध केवल युद्ध के मैदान में नहीं लड़ा जाता; युद्ध में विजय पूरे राष्ट्र के सामूहिक संकल्प का परिणाम होती है। उन्होंने कहा, 1965 के उस दौर में, भारत अनिश्चितताओं और चुनौतियों का सामना करने में कामयाब रहा, जिसका श्रेय लाल बहादुर शास्त्री जी के दृढ़-इच्छाशक्ति वाले नेतृत्व को भी जाता है।

### युद्ध के शहीद नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की

रक्षा मंत्री ने कहा, पाकिस्तान ने सोचा था कि वह घुसपैठ, गुरिल्ला रणनीति और अचानक हमलों के माध्यम से हमें डरा सकता है, लेकिन उसे यह नहीं पता था कि प्रत्येक भारतीय सैनिक इस भावना के साथ मातृभूमि की सेवा करता है कि राष्ट्र की संप्रभुता और अखंडता से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा। सिंह ने 1965 के युद्ध के दौरान लड़ी गई विभिन्न लड़ाइयों में भारतीय सैनिकों द्वारा प्रदर्शित अद्वितीय वीरता और देशभक्ति पर प्रकाश डाला, जिसमें असल उत्तर की लड़ाई, चाविंडा की लड़ाई और फिलोरा की लड़ाई शामिल थी। रक्षा मंत्री ने परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद की अदम्य भावना और वीरता का विशेष उल्लेख किया, जिन्होंने असल उत्तर की लड़ाई के दौरान मशीन गन टैंक की निरंतर गोलाबारी के बीच दुश्मन के कई टैंकों को नष्ट करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। हमारे बहादुर अब्दुल हमीद ने हमें सिखाया कि बहादुरी हथियार के आकार की नहीं, बल्कि दिल के आकार की होती है।

# पित्रोदा के पाकिस्तान में 'घर जैसा महसूस होने' संबंधी बयान पर माफी मांगे कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- भाजपा नेता भंडारी ने कहा- बयान राष्ट्र विरोधी गांधी-वाड्रा परिवार का दिल आतंकी पाकिस्तान में बसता है

भाजपा ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सोनिया गांधी से पार्टी के विदेश विभाग के प्रमुख सैम पित्रोदा की पाकिस्तान में 'घर जैसा महसूस होने' संबंधी टिप्पणी के लिए माफी मांगने की मांग की और इस बयान को 'राष्ट्र-विरोधी' करार दिया। सैम पित्रोदा ने पड़ोमहिमामंडन किया है। भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं से बात करते हुए भंडारी ने कहा, यह सैम पित्रोदा का व्यक्तिगत बयान नहीं है, यह राहुल गांधी, सोनिया गांधी और गांधी-वाद्रा परिवार की नीति और मंशा है।

पहले भी राहुल गांधी कह चुके हैं कि वह भारतीय राज्य के खिलाफ लड़ना चाहते हैं। गांधी-वाड्रा परिवार का दिल आतंकी पाकिस्तान में बसता है। उन्होंने कहा, गांधी-वाद्रा परिवार को पित्रोदा की इस टिप्पणी के लिए देश के वीर सैनिकों से माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस या पित्रोदा की ओर से भाजपा के आरोपों पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। भंडारी ने कहा कि पित्रोदा की टिप्पणी से यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस की नीति और मंशा में देशभक्ति के लिए कोई स्थान नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी पार्टी की नीति में केवल पाकिस्तान प्रेम है। भंडारी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, राहुल गांधी के करीबी और कांग्रेस के प्रवासी मामलों के प्रमुख सैम पित्रोदा कहते हैं- मैंने पाकिस्तान में 'घर जैसा महसूस' किया। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि संप्रग ने 26/11 के बाद भी पाकिस्तान के खिलाफ कोई सख्त कदम नहीं उठाया। पाकिस्तान की पसंद, कांग्रेस की पसंद! पित्रोदा की टिप्पणी को लेकर भाजपा के एक अन्य प्रवक्ता शहज़ाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का पाकिस्तान के प्रति प्रेम कभी खत्म नहीं होता।

पूनावाला ने कहा, उन्होंने हाफिज सईद से यासीन मलिक के ज़रिए बात की। उन्होंने 26/11, समझौता, पुलवामा और पहलगाम (आतंकी हमलों) पर पाकिस्तान को क्लीन चिट दी। उन्होंने अनुच्छेद 370 पर पाकिस्तान का पक्ष रखा वे सिंधु जल संधि के तहत पाकिस्तान को 80 प्रतिशत पानी देते हैं! उन्हें पाकिस्तान से प्यार है! पूनावाला ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा, आईएनसी (इंडियन नेशनल कांग्रेस) मतलब इस्लामाबाद नेशनल कांग्रेस।

# बानू मुश्ताक ही करेंगी मैसूर दशहरा समारोह का उद्घाटन, विरोध वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कर्नाटक सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याची से पूछा राज्य कैसे कर सकता है भेदभाव



उच्चतम न्यायालय ने अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार विजेता बानू मुश्ताक को इस साल मैसुरु दशहरा उत्सव के उद्घाटन के लिए आमंत्रित करने के कर्नाटक सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी और सवाल किया कि राज्य कैसे भेदभाव कर सकता है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए वकील से पूछा, इस देश की प्रस्तावना क्या है?।

याचिकाकर्ता के वकील ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के 15 सितंबर के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें राज्य के फैसले के खिलाफ याचिकाओं को खारिज कर दिया गया था। यह उत्सव 22 सितंबर से शुरू होगा। याचिकाकर्ता एचएस गौरव के वकील ने कार्यक्रम के उद्घाटन पर कोई आपत्ति नहीं जताई और इसे एक धर्मनिरपेक्ष गतिविधि बताया, लेकिन उन्होंने पीठ का ध्यान मंदिर परिसर के रीति-रिवाजों की ओर आकर्षित किया। उन्होंने कहा, यह (रीति-रिवाज) पूरी तरह से धर्मनिरपेक्ष नहीं है। ये एक आध्यात्मिक या धार्मिक क्रियाएं रूप ले लेते हैं। पीठ ने हालांकि इसे राज्य स्तरीय कार्यक्रम बताया और उनसे सवाल किया, यह कोई निजी कार्यक्रम नहीं है। राज्य सरकार इसका आयोजन कर रही है। राज्य सरकार कैसे अंतर कर सकती है? उच्चतम न्यायालय ने उच्च न्यायालय के उस आदेश का हवाला दिया, जिसमें यह उल्लेख किया गया था कि उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करने वालों में से एक ने 2017 में आयोजित समारोह के उद्घाटन में आमंत्रित डॉ. निसार अहमद के साथ मंच साझा किया था। पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से पूछा, क्या यह सच है या नहीं? वकील ने कहा कि कार्यक्रम के दो पहलू हैं, एक उद्घाटन और दूसरा पूजा। पीठ ने पूछा, आपने याचिका क्यों दायर की? याचिका में क्या आधार लिया गया है? वकील ने कहा कि राज्य का फैसला अनुच्छेद 25 के तहत दिए गए उनके अधिकारों को प्रभावित करता है।

# चुनाव का चौकीदार जागता रहा और चोरों को बचाता रहा : राहुल

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने निर्वाचन आयोग पर साधा निशाना

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कथित वोट चोरी को लेकर शुक्रवार को एक बार फिर निर्वाचन आयोग पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा और चोरों को बचाता रहा।

उन्होंने मतदाता सूची से नाम कथित तौर पर नाम हटाए जाने से संबंधित अपने संवाददाता सम्मेलन का एक संक्षिप्त वीडियो 'एक्स' पर साझा किया जिसमें उन्होंने दावा किया है कि जिन लोगों के नाम का इस्तेमाल कर वोट हटाए गए उन्हें यह पता ही नहीं था और सुबह चार बजे भी नाम हटाने के लिए ऑनलाइन आवेदन किए गए। कांग्रेस नेता ने शुक्रवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया, सुबह चार बजे उठो, 36 सेकंड में दो वोटर मिटाओ, फिर सो जाओ। ऐसे भी हुई वोट चोरी। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव का चौकीदार जागता रहा, चोरी देखता रहा और चोरों को बचाता रहा। गांधी ने गुरुवार को कर्नाटक के कलबुर्गी जिले के आलंद विधानसभा क्षेत्र के आंकड़ों का हवाला देते हुए दावा किया था कि उनकी पार्टी के समर्थक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के प्रयास हुए और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार लोकतंत्र की हत्या करने वालों" तथा वोट चोरों की रक्षा कर रहे हैं।

## राहुल युवाओं के नाम पर देश में फैलाना चाहते हैं अशांति : रविशंकर

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला करते हुये आरोप लगाया कि वह 'जेन जी' और युवाओं के नाम पर देश में अशांति फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। पटना में आयोजित संवाददाता सम्मेलन प्रसाद ने राहुल के हालिया सोशल मीडिया पोस्ट को 'दुर्भाग्यपूर्ण और खतरनाक' करार दिया। दरअसल, राहुल गांधी ने अपने पोस्ट में कहा था कि, देश के युवा, छात्र और जेन जेड संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करेंगे और वोट चोरी को रोकेंगे। इस पर प्रतिक्रिया देते हुये पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रसाद ने कहा कि यह बयान संसद की गरिमा के खिलाफ है और इससे यह साफ होता है कि राहुल गांधी देश के लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर कर अराजकता फैलाना चाहते हैं।

# पोस्ट हटाने, माफी मांगने का मतलब यह नहीं कि मामला रद्द हो सकता है

**मुंबई, एजेंसी**

- मुंबई हाईकोर्ट ने ऑपरेशन सिंदूर मामले में 19 वर्षीय छात्रा द्वारा की गई टिप्पणी मामले में की टिप्पणी



मुंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के खिलाफ सोशल मीडिया पोस्ट के लिए 19 वर्षीय छात्रा के खिलाफ मामला केवल इस आधार पर रद्द नहीं किया जा सकता कि उसने पोस्ट हटा दिया है और इसके लिए माफी मांग ली है। मुख्य न्यायाधीश चंद्रशेखर और न्यायमूर्ति गौतम अंखड की पीठ ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि आरोपी एक मेधावी छात्रा है और उसने अपनी परीक्षाएं अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की है, इसका मतलब यह नहीं है कि उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द की जा सकती है।

अदालत पुणे की एक छात्रा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही जिसमें ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत-पाकिस्तान शत्रुता पर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के लिए मई में उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने का अनुरोध किया गया था। उसे गिरफ्तार किया गया था लेकिन बाद में उच्च न्यायालय से जमानत मिलने के बाद उसे रिहा कर दिया गया था। शुक्रवार को छात्रा के वकील ने अदालत को बताया कि जमानत मिलने के बाद, वह परीक्षा में शामिल हुई और उसे अच्छे अंक मिले। हालांकि, पीठ ने कहा कि इसलिए कि वह एक मेधावी छात्रा है, प्राथमिकी रद्द करने का आधार नहीं हो सकता।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ऑस्ट्रेलिया: नेटवर्क में व्यवधान से तीन की मौत

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की दूसरी सबसे बड़ी दूरसंचार कंपनी ने गुरुवार को नेटवर्क व्यवधान के दौरान तीन ग्राहकों की मौत के बाद माफी मांगी है। सिंगापुर के समूह सिंगटेल की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ऑप्टस ने शुक्रवार को पुष्टि की कि नेटवर्क अपडेट के कारण कल ऑस्ट्रेलिया के राष्ट्रीय आपातकालीन टेलीफोन नंबर, ट्रिपल जीरो पर कॉल बाधित हो गई। ऑप्टस के सीईओ स्टीफन रू ने कहा कि पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण ऑस्ट्रेलिया और उत्तरी क्षेत्र प्रांतों में 600 ग्राहक प्रभावित हुए हैं। स्टीफन ने कहा, नेटवर्क अपडेट प्रक्रिया के दौरान ट्रिपल जीरो के तीन कॉल ऐसे घरों से संबंधित थे जहाँ एक व्यक्ति की दुखद मृत्यु हो गई थी।

### तालिबान ने ब्रिटिश दंपती को रिहा किया

**दुबई।** तालिबान ने अघोषित आरोपों में सात महीने से अधिक समय से अफगानिस्तान में हिरासत में रहे एक ब्रिटिश दंपती को शुक्रवार को रिहा कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पीटर (80) और बार्बी रेनॉल्ड्स (75) का मामला पश्चिमी देशों के लिए चिंता का विषय था। रेनॉल्ड्स दंपती 18 वर्षों तक अफगानिस्तान में रहे थे और देश के मध्य प्रांत बामियान में एक शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान चलाते थे, लेकिन तालिबान के सत्ता पर कब्जा करने के बाद उन्होंने देश में ही रहने का फैसला किया। अरब प्रायद्वीप पर स्थित ऊर्जा संपन्न राष्ट्र कतर ने रेनॉल्ड्स को रिहा कराने में मदद की। एक राजनयिक ने बताया कि दंपती शुक्रवार को अफगानिस्तान से चले गए।

### रूस में महसूस किए गए भूकंप के तेज झटके

**मास्को।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप के पूर्वी तट पर शुक्रवार सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गई। रूसी विज्ञान अकादमी के भूभौतिकीय सर्वेक्षण की कामचटका शाखा के अनुसार भूकंप के झटके ग्रीन मिड टाइम के मुताबिक 18:58 बजे महसूस किए गए। इसका केंद्र क्षेत्रीय राजधानी पेट्रोपावलोव्स्क–कामचत्स्की से लगभग 149 किमी दूर 39 किमी की गहराई पर था। कामचटका के गवर्नर व्लादिमीर सोलोदोव ने एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा कि प्रायद्वीप के पूर्वी तट के लिए सुनामी की चेतावनी जारी कर दी गई है और लोगों को सूचित किया जा रहा है।

### सूडान: ड्रोन हमले में 43 नमाजियों की मौत

**काहिरा।** सूडान में उत्तरी दारफुर की राजधानी अल फशर शहर में एक अर्धसैनिक संगठन ने शुक्रवार तड़के एक मस्जिद में नमाज अदा कर रहे 43 लोगों की हत्या कर दी। सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने शुक्रवार को 'एक्स' पर लिखा कि रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के ड्रोन हमले में वृद्धों और बच्चों समेत मुस्लिम श्रद्धालु मारे गए। उसने इसे जघन्य अपराध करार देते हुए कहा कि यह मानवीय और धार्मिक मूल्यों तथा अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति (अर्धसैनिक) संगठन की घोर उपेक्षा' को दर्शाता है।

## ब्रिटेन दुनिया भर में करेगा अपने जासूसी के नेटवर्क का विस्तार

लंदन, एजेंसी

- डार्क वेब पोर्टल के माध्यम से पूरी दुनिया में करेगा जासूसों की भर्ती

ब्रिटेन द्वारा शुक्रवार को शुरू किया गया डार्क वेब पोर्टल खुफिया एजेंसी एमआई6 को नए सुरक्षित मैसेजिंग प्लेटफॉर्म साइलेंट कूरियर का उपयोग करके देश के लिए दुनिया भर से जासूसों की भर्ती करेगा।

विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) ने कहा कि इसका लक्ष्य पहली बार डार्क वेब की गुमनामी का उपयोग करके रूस के साथ अन्य भौगोलिक क्षेत्रों में एजेंटों की भर्ती करना है। पोर्टल तक पहुंचने के निर्देश एमआई6 के सत्यापित यूट्यूब चैनल पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध होंगे, क्योंकि ब्रिटेन सक्रिय रूप से दुनिया के विभिन्न हिस्सों में संभावित नए एजेंटों तक पहुंच रहा है।

विदेश मंत्री यवेट कूपर ने कहा, जैसे-जैसे दुनिया बदल रही है और हमारे सामने मौजूद खतरे बढ़ रहे हैं, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि ब्रिटेन हमेशा अपने प्रतिद्वंद्वियों से एक कदम आगे रहे। उन्होंने कहा, हमारी विश्वस्तरीय ख़ुफ़िया एजेंसियां इस चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं और ब्रिटिश लोगों की सुरक्षा के लिए पर्दे के पीछे से काम कर रही हैं। अब हम अत्याधुनिक तकनीक के साथ उनके प्रयासों को मजबूत कर रहे हैं ताकि एमआई6 रूस और दुनिया भर में ब्रिटेन के लिए नए जासूसों की भर्ती कर सके।

## सेलिब्रिटीज पर निशाना दहशत बढ़ाने के लिए

सनातन के अपमान के मुद्दे पर बरेली में रोहित गोदारा के गुर्गों का बॉलीवुड अभिनेत्री दिशा पाटनी के घर पर गोलीबारी करना असल में ठीक वैसी ही घटना है जैसा लॉरेंस बिश्नोई गैंग का जोधपुर में काले हिरन के शिकार के मामले में फिल्म स्टार सलमान खान को धमकियां देने का मामला है। असल में इस तरह की धमकियों के पीछे व्यापारी, राजनेता और ठेकेदारों के उस समुदाय में दहशत फैलाना होता है जो रंगदारी की वसूली के लिए इन गैंगस्टर का असल निशाना होते हैं। इसी वजह से दिशा पाटनी के घर पर फायरिंग की घटना के बाद इस संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है कि रंगदारी की वसूली के लिए इन कुख्यात गैंगस्टरों की निगाह अब बरेली जैसे शहरों पर भी है जो किसी और देश में बैठकर भारत के पूंजीपतियों को निशाना बना रहे हैं। हालांकि पाटनी के घर पर गोली चलाने वाले शूटरों का पुलिस मुठभेड़ में मारा जाना फिलहाल इस संभावना पर फिलहाल एक विराम माना जा सकता है।

## यूपी में गैंगस्टर



### भारत में सक्रिय गैंग

- लॉरेंस बिश्नोई गिरोह में गोल्डी बराड़, रोहित गोदारा, जग्गू भगवानपुरिया जैसे कई बड़े और कुख्यात नाम शामिल हैं।
- दिल्ली–हरियाणा–पश्चिमी यूपी गैंग में काला जठेड़ी, सुनील टिल्लू, संदीप काला उर्फ काला राणा जैसे नाम रिकॉर्ड में हैं।
- पंजाब में सुक्खा दुनीके, गज्जी फौजी, भिंडर गुज्जर, हरियाणा राजस्थान में बलराज डगर, नरेश सेठी गैंग सक्रिय हैं।
- मुंबई–ठाणे में अभी भी दाऊद इब्राहिम नेटवर्क, छोटा शकील और कुछ लोकल सिंडिकेट हैं, हालांकि अब दबदबा कम है।
- बिहार और उत्तर प्रदेश में सक्रिय रहे मुख्तार अंसारी व अतीक अहमद का खात्मा हो चुका है, लेकिन छोटे गैंग सक्रिय हैं।

### किस राज्य में कितने गैंग

- पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में ही 30–40 संगठित गैंग सक्रिय माने जाते हैं।
- दिल्ली और एनसीआर में 10 से 15 बड़े गैंग और दर्जनों छोटे गिरोह सक्रिय हैं।
- यूपी–बिहार में बड़े आपराधिक गिरोहों की संख्या पुलिस रिकॉर्ड में 20 से ज्यादा है।
- इसके साथ महाराष्ट्र, गुजरात और दक्षिण भारत के राज्यों में भी लोकल नेटवर्क हैं।

### प्रमुख गतिविधियां

- कारोबारियों, उद्योगपतियों और ठेकेदारों से पूंजीपतियों से रंगदारी यानी रकम की वसूली।
- ड्रग और हथियारों की तस्करी, कई गैंगस्टर नकली सामान और मानव तस्करी में भी लिप्त।
- बड़ी फिरौती के लिए अपहरण, मनी लॉन्डरिंग, फर्जी कंपनियों के जरिए नकदी प्रवाह छिपाना।

### यूपी पर क्यों निगाहें

- बड़े गैंगस्टर यूपी के बड़े बाजार की वजह से यहां पैर जमाना चाहते हैं। जमीन और कारोबार के विवाद और ठेकों पर उनकी निगाह है।
- अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी के मारे जाने और उनका नेटवर्क के कमजोर होने से यहां नए गैंग के लिए संभावना पैदा हो गई है।
- वर्ष 2023 में लखनऊ पुलिस ने खुलासा किया था कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग यूपी के कारोबारियों से फिरौती वसूलने की योजना बना रहा था।
- मेरठ–बागपत बेल्ट में सुनील राठी जैसे गैंग से संपर्क करके लॉरेंस ग्रुप पश्चिमी उत्तर प्रदेश में नेटवर्क बनाने की कोशिश कर चुका है।

### पुलिस से मुकाबला

पिछले कुछ सालों में उत्तर प्रदेश की पुलिस ने कई गैंगस्टर के शूटरों को गिरफ्तार किया है या मुठभेड़ में ढेर कर दिया है। नोएडा में 2023 में सचिन भाटी गैंग के दो शूटर और 2024 में मेरठ में पंजाब से आए तीन शूटरों को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया। गाजियाबाद में 2023 में गोल्डी बराड़ का कुख्यात शूटर अभिषेक और बागपत में सुनील राठी का शूटर मनोज मुठभेड़ में मारा गया।

# गाजा में युद्धविराम के खिलाफ ट्रंप का वीटो मानवता की अंतरात्मा पर धब्बा

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने की तीखी आलोचना, कहा- ये शर्मनाक

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

गाजा में मानवीय पहुंच और आपूर्ति पर सभी प्रतिबंधों को तुरंत हटाने के साथ तत्काल और बिना शर्त स्थाई युद्धविराम के साथ हमास और अन्य सशस्त्र समूहों द्वारा बंधक बनाए गए सभी लोगों की सम्मानजनक और तत्काल रिहाई के मसौदा प्रस्ताव पर अमेरिका के वीटो की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने तीखी आलोचना की है।

अमेरिका ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनजीसी) के उस मसौदा प्रस्ताव पर वीटो लगा दिया था जो इजराइल के खिलाफ लाया गया था। इस प्रस्ताव को सुरक्षा परिषद के 10 निर्वाचित सदस्यों की ओर से प्रस्तुत किया गया था और 15 सदस्यीय परिषद में से 14 मतों से समर्थन मिला। परिषद के स्थाई सदस्य अमेरिका ने वीटो शक्ति का इस्तेमाल कर इस प्रस्ताव को रोक दिया था। अमेरिकी वीटो की सुरक्षा परिषद में व्यापक आलोचना की गई है।

अल्जीरिया के संयुक्त राष्ट्र राजदूत अमर बेंडजामा ने कहा कि मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान करने वाले 14 परिषद सदस्यों ने अंतर्राष्ट्रीय जनमत का आह्वान दोहराया है। उन्होंने कहा, यह परिषद फिर से विफल रही, मानवता की अंतरात्मा पर एक और धब्बा। खुली आंखों के सामने हो रहे नरसंहार के सामने यह शर्मनाक है। बेंडजामा ने कहा, इस समय कोई अस्पष्टता नहीं हो सकती। हममें से प्रत्येक को या तो नरसंहार रोकने के लिए कार्रवाई करनी होगी या फिर इसमें शामिल लोगों में गिना जाना होगा।

सोमालिया के संयुक्त राष्ट्र के राजदूत अबुकर दाहिर उस्मान ने मतदान परिणाम को गंभीर नैतिक विफलता बताया। उन्होंने कहा कि यह मसौदा संयुक्त राष्ट्र चार्टर की भाषा और भावना पर आधारित है, जिसका पालन करने की सभी सदस्य देशों ने शपथ ली है। मसौदा प्रस्ताव में न्यूनतम जरूरत की मांग की गई थी। फिर भी बार-बार, सुरक्षा परिषद को कार्रवाई करने से रोका गया है।




दक्षिणी इजराइल में शुक्रवार को गाजा सीमा पर लोगों ने युद्ध के विरोध में प्रदर्शन किया।

### अमेरिकी रुख पर चीन-रूस ने भी जताई निराशा

संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थाई प्रतिनिधि फू कांग ने कहा कि चीन मतदान के परिणाम से बेहद निराश है। गाजा संघर्ष लगभग दो वर्षों से चल रहा है, जिससे एक अभूतपूर्व मानवीय आपदा पैदा हुई है। सुरक्षा परिषद ने बार–बार कार्रवाई करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि फिर भी हर बार अमेरिका ने उसके प्रयासों को विफल किया है। इजराइल को गाजा में अपने सैन्य आक्रमण और तनाव बढ़ाने वाले किसी भी खतरनाक कदम को रोकना चाहिए। कांग ने कहा कि चीन को उम्मीद है कि अमेरिका अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ मिलकर निष्पक्ष और ज़िम्मेदार रुख अपनाएगा और युद्धविराम की दिशा में प्रयास करेगा। संयुक्त राष्ट्र में रूसी राजदूत वसीली नेबेंज़िया ने कहा कि जब तक गाजा संकट के बारे में अमेरिका की धारणा बदलती रहेगी और जब तक वह संयुक्त राष्ट्र में बहुपक्षीय कूटनीति को एक महत्वपूर्ण उपकरण के बजाय एक बाधा के रूप में देखता रहेगा, तब तक पश्चिम एशिया के प्रश्न पर कोई सफलता नहीं मिलेगी। ब्रिटेन के संयुक्त राष्ट्र राजदूत बारबरा वुडवर्ड ने खेद व्यक्त किया कि सुरक्षा परिषद मसौदा प्रस्ताव पर आम सहमति तक नहीं पहुंच पाई।

### हूतियों ने इजराइल के तीन शहरों पर कई हमलों किया का दावा

**सना।** यमन के हूती समूह ने कहा कि उसने गुरुवार रात इजराइल के तीन शहरों पर लंबी दूरी की हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल और तीन ड्रोन से हमला किया। हूती समूह के सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने कहा कि मिसाइल ने जाफा (तेल अवीव) में एक सैन्य ठिकाने को निशाना बनाया जबकि तीन ड्रोनों ने बीर शेवा शहर और बंदरगाह शहर ऐलात में ठिकानों को निशाना बनाया। इस बीच, इजराइली रक्षा बलों ने कहा कि एक ड्रोन ने ऐलात में एक होटल पर हमला किया जबकि यमन से आने वाली मिसाइल और अन्य ड्रोनों को रोक लिया गया।

### बगराम एयरबेस पर फिर तैनात करेंगे अमेरिकी सैनिक: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अफगानिस्तान के बगराम एयर बेस पर अमेरिकी सैनिकों की तैनाती की वह योजना बना रहे हैं। चार वर्ष पहले अमेरिकी सैनिकों के अचानक अफगानिस्तान से जाने के बाद बगराम एयर बेस पर तालिबान ने कब्जा कर लिया था। ट्रंप ने ब्रिटेन की यात्रा के समापन पर एक प्रेस वार्ता में यह बात कही। साथ ही इस कदम को सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी चीन का मुकाबला करने की जरूरत से जोड़ा। यूक्रेन पर आक्रमण के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में ट्रंप ने इस बेस का जिक्र किया और कहा, हम इसे वापस पाने की कोशिश कर रहे हैं।

### कड़ी धूप और प्रदर्शन




ऑल ओडिशा कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन्स एसोसिएशन ऑफ स्टेट मिशन, शक्ति विभाग के सैकड़ों महिला सदस्यों ने अपनी वेतन वृद्धि और नौकरियों के नियमितीकरण की मांग को लेकर शुक्रवार को ओडिशा में कड़ी धूप में प्रदर्शन किया। एजेंसी

## सऊदी अरब के साथ हुए रक्षा समझौते में दूसरे अरब देशों के शामिल होने का रास्ता बंद नहीं

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने किया साफ

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि उनके मुल्क और सऊदी अरब के बीच आपसी रक्षा समझौते में अन्य अरब देशों के शामिल होने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि इस तरह के समझौते के लिए दरवाजे बंद नहीं हैं। पाकिस्तान और सऊदी अरब ने बुधवार को एक रणनीतिक पारस्परिक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके अनुसार उनमें से किसी भी देश पर किसी भी हमले को दोनों के विरुद्ध आक्रमण माना जाएगा।

रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने और अरब देशों के इस समझौते का हिस्सा बनने की संभावना पर एक सवाल पर कहा, मैं इसका अभी जवाब नहीं दे सकता लेकिन इतना अवश्य कहूंगा कि दरवाज़े बंद नहीं हैं। मंगलवार को 'जियो न्यूज' को दिए एक साक्षात्कार में आसिफ ने कहा था कि वह हमेशा से नाटो जैसे समझौते की वकालत करते रहे हैं, क्योंकि पाकिस्तान के लिए खतरे की स्थिति अधिक रही है।

उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यहां के देशों और लोगों, विशेष रूप से मुस्लिम आबादी का यह मौलिक अधिकार है कि वे मिलकर अपने क्षेत्र और राष्ट्रों की रक्षा करें। उन्होंने बताया कि इस समझौते में ऐसी कोई धारा नहीं है जो किसी अन्य राष्ट्र को शामिल होने से रोकती हो या पाकिस्तान को किसी और के साथ ऐसा ही समझौता करने से रोकती हो। उनसे पूछा गया कि क्या पाकिस्तान की परमाणु संपत्ति भी इस समझौते के तहत उपलब्ध होगी, इस पर आसिफ ने कहा, हमारे पास जो क्षमताएं हैं, वे निश्चित रूप से इस समझौते के अंतर्गत उपलब्ध होंगी।

## रूस की परमाणु पनडुब्बियों ने किया मिसाइल का परीक्षण

- ओखोटस्क सागर में नौसैनिक अभ्यास कर रही है रूसी फ्लीट

**व्लादीवोस्तोक।** रूस के प्रशांत फ्लीट की दो परमाणु पनडुब्बियों ने ओखोटस्क सागर में नौसैनिक अभ्यास के दौरान सफलतापूर्वक क्रूज मिसाइल दागी। प्रशांत फ्लीट ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।

फ्लीट ने कहा कि बहुउद्देशीय सबमरीन क्रास्नोयार्स्क और ओम्स्क ने अपने 250 किमी दूर समुद्री लक्ष्य पर ओनिक्स तथा ग्रनिट नाम की क्रूज मिसाइलें दागीं। तकनीकी निगरानी आधारित डाटा के मुताबिक मिसाइलों ने अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। परीक्षण के दौरान लक्ष्य क्षेत्र को सुरक्षित रखने के लिए प्रशांत सागर बेड़े के जहाजों और नौसेना विमानन इकाइयां तैनात की गई थीं। यह मिसाइल फायरिंग, 12 सितंबर से रूस के उत्तर-पूर्व में संयुक्त सेना कमान के कमांड-एंड-स्टाफ अभ्यास का हिस्सा थी। इसका उद्देश्य उत्तरी प्रशांत महासागर में समुद्री मार्गों की सुरक्षा के साथ कामचटका और चुकोटका क्षेत्रों तथा निकटवर्ती द्वीप क्षेत्रों की तटों की सुरक्षा था।

### यूक्रेन की अपने रक्षा उद्योग में पश्चिमी देशों के निवेश की योजना

**कीव।** यूक्रेन के नाटो में शामिल होने की क्षीण संभावनाओं के बीच उसके पश्चिमी सहयोगियों ने उसके हथियार उद्योग में बड़े निवेश की रणनीति बनाई है ताकि वह रूस का बेहतर मुकाबला कर सके। यदि यह रणनीति सफल रहती है, तो यूक्रेन की विकसित सैन्य तकनीक अमेरिकी और यूरोपीय सेनाओं को भी उपलब्ध कराई जा सकेगी। हाल ही में यूक्रेन ने एक 'क्वाडकॉप्टर' ड्रोन विकसित किया है, जो रूस के जैमिंग उपकरणों से बचकर 20 किमी तक उड़ सकता है और छह किलो विस्फोटक गिरा सकता है। यूक्रेन के लिए ट्रंप प्रशासन के विशेष दूत कीथ केलॉग ने पिछले सप्ताह कहा था कि ड्रोन तकनीक में यूक्रेन दुनिया में अग्रणी है।

## जेन जी आंदोलनकारियों पर गोलीबारी का आदेश नहीं दिया था: ओली

### नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री ने घुसपैठियों को ठहराया जिम्मेदार, जांच की मांग की

काठमांडू, एजेंसी

नेपाल के अपदस्थ प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने इस बात से इन्कार किया है कि उनकी सरकार ने आठ सितंबर को 'जेन जी' आंदोलन के पहले दिन गोलीबारी का आदेश दिया था, जिसमें 19 लोग मारे गए थे। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के अध्यक्ष ने इस त्रासदी के लिए घुसपैठियों को दोषी ठहराया।

ओली ने देश के संविधान दिवस पर जारी एक संदेश में दावा किया, सरकार ने प्रदर्शनकारियों पर गोली चलाने का आदेश नहीं दिया था। उन्होंने कहा, प्रदर्शनकारियों पर स्वचालित बंदूकों से गोलियां चलाई गईं, जो पुलिसकर्मियों के पास नहीं थीं और इसकी जांच होनी चाहिए। ओली ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में घुसपैठ का दावा करते हुए कहा, घुसपैठ करने वाले षड्यंत्रकारियों ने आंदोलन को हिंसक बना दिया और इस तरह हमारे युवा मारे गए। उन्होंने जानमाल के नुकसान पर दुख व्यक्त करते हुए घटना की जांच की मांग की।



- कहा- स्वचालित बंदूकों से चलाई गई थीं गोलियां जो नहीं हैं पुलिस के पास

ओली ने फेसबुक पर एक पोस्ट में कहा, मेरे पद से इस्तीफा देने के बाद सिंह दरबार सचिवालय और उच्चतम न्यायालय को आग लगा दी गई, नेपाल का नक्शा जला दिया गया और कई महत्वपूर्ण सरकारी इमारतों को आग लगा दी गई। उन्होंने कहा, मैं इन घटनाओं के पीछे की साजिशों के बारे में विस्तार से नहीं बताना चाहता, समय खुद ही सब बता देगा। ओली ने संविधान लागू करते समय देश के सामने आई चुनौतियों को भी याद किया।

### संविधान की रक्षा सभी नेपाली नागरिकों की जिम्मेदारी: कार्की

नेपाल की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की ने शुक्रवार को कहा कि 10 साल पहले अपनाए गए संविधान की रक्षा करना सभी नेपाली नागरिकों की जिम्मेदारी है तथा लोकतंत्र बातचीत और समाधान खोजने की प्रणाली है। कार्की संविधान दिवस पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। यह दिन नेपाल में राष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाया जाता है। हालांकि, पिछले हफ्ते युवा आंदोलन में हुई हिंसा में 72 लोगों की मौत के शोक के कारण पिछले सालों की तुलना में इस साल के कार्यक्रम छोटे पैमाने पर आयोजित किए गए। नेपाल की संविधान सभा ने देश के राष्ट्रीय कैलेंडर के अनुसार, तीन आश्विन 2072 विक्रम संवत को, या 20 सितंबर 2015 को संविधान अंगीकार किया था।




## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 20 सितंबर, शनिवार 2025 संवत–2082, शक संवत 1947 मास–आश्विन, पक्ष–कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी 21 सितंबर 00.16 तक तत्पश्चात अमावस्या।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**– पूर्व, **ऋतु**– शरद।
चन्द्रबल– मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल–अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र– मघा 08.05 तक तत्पश्चात पूर्वाफाल्गुनी।

**मेष** – आज आत्मविश्वास में कमी हो सकती है। छोटे बच्चों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मेहनत का पूरा फल नहीं मिलेगा। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। आपको मौके पर लोगों की मदद नहीं मिल पाएगी। जल्दबाजी में लिए गए निर्णयों के कारण हानि हो सकती है।

**वृष** – आज वरिष्ठ व्यक्तियों की अवहेलना न करें। तनाव के कारणों को पहचानें और उनसे बचें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। सरकारी मामलों को लेकर परेशानी होगी। अपनी प्रतिभा का उचित लाभ नहीं उठा पाएंगे।

**मिथुन** – आज दोपहर के बाद कुछ महत्वपूर्ण अवसर मिल सकते हैं। जॉब में उच्च पद मिल सकता है। कानूनी मामलों में विजय मिल सकती है। करियर को लेकर शुभ समाचार मिलने की संभावना है। अधूरे कार्यों को पूर्ण कर लेंगे।

**कर्क** – आज सहकर्मी आपके प्रति ईर्ष्या का भाव रख सकते हैं। क्रोध में आकर कड़वे वचन बोलने से बचें। कोई मूल्यवान वस्तु गुम हो सकती है। समय अनुसार आपके सभी काम बनते जाएंगे। बच्चों के साथ आपका समय अच्छे से बीतेगा।

**सिंह** – आज महत्वपूर्ण लोगों के साथ आपके संपर्क विकसित होंगे। सहकर्मी आपकी प्रशंसा करेंगे। अपने आचरण को संयमित रखें। आपके अधिकारों में वृद्धि होगी। बेरोजगार लोगों की नौकरी की समस्या समाप्त होगी।

**कन्या** – आज नए काम की शुरुआत में अति शीघ्रता उचित नहीं है। बड़ों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। महिलाओं को इंफेक्शन संबंधी परेशानी हो सकती है। दूसरों की सहायता करने से आत्मसंतुष्टि की अनुभूति होगी। मन में बेचैनी का भाव आ सकता है।

**तुला** – आज व्यापार में बेहतरीन धन लाभ प्राप्त होगा। ससुराल पक्ष के साथ तनाव कम हो सकता है। आपकी सलाह से लोगों का हित होगा। भाई–बहनों की उपलब्धियों पर गौरव की अनुभूति होगी। मन का तनाव दूर होगा। व्यर्थ के कार्यों से स्वयं को दूर रखें।

**वृश्चिक** – आज प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए दिन काफी अच्छा है। आप लोगों की सहायता करने को तत्पर रहेंगे। आप रचनात्मक विचारों के कारण प्रशंसा के पात्र बनेंगे। खेल और कला के क्षेत्र से जुड़े करियर में उत्तम सफलता मिलेगी।

**धनु** – आज बड़ी व्यापारिक डील हो सकती है। विचारों को सकारात्मक बनाए रखें। प्रियजनों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। धैर्य और संयम के कारण आपको सफलता मिलेगी। यदि कोई आपके विचारों से सहमत नहीं है तो उस पर विचार थोपने से बचें।

**मकर** – आज मन में थोड़ी अशांति हो सकती है। यदि महंगी वस्तुओं को खरीद रहे हैं तो पहले उनकी थोड़ी जांच–परख कर लें। अपने व्यवहार में अभिमान न आने दें। विदेश में शिक्षा ले रहे छात्रों को अध्ययन में थोड़ी असुविधा महसूस होगी।

**कुंभ** – आज सत्कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। दूसरों के मामलों में आप हस्तक्षेप न करें। नई तकनीक के अध्ययन के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। ऑफिस का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। विरोधियों के ऊपर वर्चस्व स्थापित कर पाएंगे।

**मीन** – आज दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छा रहेगी। क्रोध के स्थान पर शांतिपूर्वक समस्याओं का समाधान करें। बदलते मौसम के कारण आपके शरीर में थकावट हो सकती है। राजनैतिक गतिविधियों में आपका मन लगेगा।

## सुडोकू -105

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | | 4 | | |
| 4 | 7 | 8 | 1 | | | 9 | | |
| | | | 2 | | 4 | | | |
| 6 | | | | | | | 2 | |
| 3 | | 7 | | | | 5 | | 8 |
| | 2 | | 8 | | 7 | | 1 | |
| | | | 9 | | | | | |
| | | 9 | | | 6 | | 7 | |
| | | 5 | | 4 | | | | |

### सुडोकू - 104 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 9 | 7 | 6 | 5 | 4 | 8 | 2 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 6 |
| 4 | 6 | 5 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 7 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 9 | 3 | 7 | 2 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 6 | 8 | 2 | 1 | 9 | 5 | 7 |
| 5 | 8 | 3 | 1 | 7 | 2 | 6 | 4 | 9 |
| 6 | 1 | 4 | 3 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 |
| 9 | 2 | 7 | 5 | 4 | 6 | 3 | 1 | 8 |





# स्टेडियम

हल्द्वानी, शनिवार, 20 सितंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

## हाईलाइट

### त्वेसा पहले दौर के बाद 17वें स्थान पर

**एलिकांटे (स्पेन) :** लेडीज यूरोपियन टूर में खेलना जारी रखने के लिए अपना कार्ड बरकरार रखने को प्रयासरत भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक ने ला सेला ओपन में एक अंडर 71 के स्कोर के साथ अच्छी शुरुआत की और वह पहले दौर के बाद संयुक्त 17वें स्थान पर हैं। त्वेसा ला सेला गोल्फ रिसोर्ट में आयोजित की जा रही इस 10 लाख यूरो इनामी प्रतियोगिता में खेल रही सात भारतीय महिला खिलाड़ियों में पहले दौर के बाद सबसे आगे हैं।

### झिंगन मैच के लिए उपलब्ध : जमील

**बेंगलुरु :** भारतीय फुटबॉल टीम के कोच खालिद जमील ने शुक्रवार को कहा कि सिंगापुर के खिलाफ अगले महीने एएफसी एशियाई क्वालीफायर में अनुभवी डिफेंडर संदेश झिंगन खेलेंगे। झिंगन को ताजिकिस्तान में हाल ही में हुए काफा नेशंस कप के दौरान लगी चोट के बाद गले की हड्डी की सर्जरी करानी पड़ी थी और अब फिट होने की राह पर है। भारत का सामना सिंगापुर से नौ अक्टूबर को कालांग में होगा। इसके बाद रिटर्न मैच गोवा के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पर खेला जाएगा।

### अनीश राज ने चीन में कांस्य पदक जीता

**नई दिल्ली :** भारतीय जूनियर स्पीड स्केटर अनीश राज ने चीन के बेइदैहे में हुई 73वीं इनलाइन स्पीड विश्व चैंपियनशिप में जूनियर पुरुषों के वन लैप रोड स्प्रिंट में कांस्य पदक जीता। अनीश ने 39.714 सेकंड का समय निकालकर तीसरा स्थान हासिल किया। चीन में 13 से 21 सितंबर तक चल रहे टूर्नामेंट में 42 देशों के प्रतियोगी भाग ले रहे हैं।

### थंगराजा ने जीता चेन्नई ओपन खिताब

**चेन्नई :** श्रीलंकाई एन थंगराजा ने चेन्नई के कॉस्मो टीएनजीएफ गोल्फ कोर्स में खेले गए एक करोड़ रुपये के इनामी टूर्नामेंट, चेन्नई ओपन 2025 पावर्ड बाय सीपीसीएल के अंतिम दिन कड़े संघर्ष के बाद एक ओवर 73 का स्कोर बनाकर खिताबी जीत हासिल की। एन थंगराजा (69-66-63-73), जो कल रात एक शॉट से आगे उन्होंने पूरे हफ़्ते 17-अंडर 271 का स्कोर बनाया।



ब्रिटेन की एबिगेल पावलेट, संयुक्त राज्य अमेरिका की तलियाह ब्रूक्स, कोलंबिया की मार्था अराउजो और लिथुआनिया की बीट्राइस जुस्केविसीउते (बाएं से दाएं) टोक्यो में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हेप्टाथलॉन 100 मीटर बाधा दौड़ में भाग लेती हुईं।

## पदक के करीब पहुंचकर चूकने से सचिन निराश

- विश्व चैंपियनशिप में चौथे स्थान पर रहे भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत के भाला फेंक एथलीट सचिन यादव का कहना है कि अपनी पहली विश्व चैंपियनशिप में नीरज चोपड़ा और जूलियन वेबर जैसे खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन करना सुखद अहसास है, लेकिन इससे अच्छी शुरुआत के बाद कांस्य पदक हाथ से जाने देने की निराशा की भरपाई नहीं हो सकती।

सचिन का यह दूसरा ही अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट था, लेकिन उन्होंने बृहस्पतिवार को टोक्यो दमदार प्रदर्शन करते हुए दो बार के ओलंपिक पदक विजेता चोपड़ा (84.03 मीटर), मौजूदा ओलंपिक



चैंपियन अरशद नदीम (82.75 मीटर) और डायमंड लीग ट्रॉफी विजेता वेबर (86.11 मीटर) जैसे प्रतिष्ठित प्रतिभागियों को पछाड़ कर चौथा स्थान हासिल किया। इस भारतीय ने पहला थ्रो 86.27 मीटर फेंका जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। उनका पहला अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट मई में एशियाई चैंपियनशिप था जिसमें उन्होंने 85.16 मीटर के थ्रो से रजत पदक जीता था। इस तरह बृहस्पतिवार को उन्होंने पिछले प्रदर्शन को बेहतर किया। अमेरिका के कुर्टिस थॉम्पसन ने 86.67 मीटर से कांस्य पदक जीता जो सचिन के थ्रो से 40 सेमी बेहतर था। यादव ने कहा शुरुआती थ्रो बहुत अच्छा रहा। मौसम अच्छा था, जैसे ही मैंने भाला गिरते हुए देखा तो मुझे लगा कि मैं पदक जीत सकता हूं। मुझे भरोसा था कि कम से कम एक बार 87 मीटर का थ्रो जरूर डाल लूंगा।

### उम्मीद नहीं थी कि सत्र का अंत ऐसा होगा : नीरज चोपड़ा



**नई दिल्ली :** भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने कहा विश्व चैंपियनशिप में आठवें स्थान पर रहना उनके लिए सत्र के अंत की उम्मीद के अनुरूप नहीं था, पर वह ब्रेक के बाद दमदार वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। पिछली बार के चैंपियन चोपड़ा टोक्यो में 84 .03 मीटर ही भाला फेंक सके और पांचवें दौर के बाद बाहर हो गए। इस दौरान वह पीठ दर्द से परेशान रहे। उन्होंने खुलासा किया कि पीठ की समस्या इस महीने की शुरुआत से ही परेशान कर रही थी, पर वह इसे अपने खराब प्रदर्शन का कारण नहीं बताना चाहते थे। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में पदार्पण कर रहे सचिन यादव की सराहना की, जिन्होंने 86 .27 मीटर की शानदार थ्रो के साथ उनसे बेहतर प्रदर्शन किया और चौथे स्थान पर रहे। चोपड़ा ने एक्स पर लिखा मैंने टोक्यो में विश्व चैंपियनशिप के साथ सत्र का इस तरह से अंत करने की उम्मीद नहीं की थी। मैं सभी चुनौतियों के बावजूद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता था।

## भारत ने ओमान को दिया 189 रनों का लक्ष्य, संजू ने खेली दमदार पारी

### एशिया कप : कप्तान सूर्यकुमार यादव ने सबको दिया बल्लेबाजी का मौका

**अबु धाबी, एजेंसी**

संजू सैमसन (56), अभिषेक शर्मा (38) की शानदार पारियों के दम पर भारत ने शुक्रवार को एशिया कप के 12वें मुकाबले में ओमान को जीत के लिए 189 रनों का लक्ष्य दिया। आज यहां भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में शुभमन गिल (पांच) का विकेट गंवा दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये संजू सैमसन ने अभिषेक शर्मा के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच दूसरे विकेट लिए 66 रनों की साझेदारी की। आठवें ओवर में जितेन रामानंदी ने अभिषेक शर्मा को आउट कर इस साझेदारी का अंत किया। अभिषेक शर्मा ने 15 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए 38 रन बनाये। इसके बाद हार्दिक पांड्या (एक ) रनआउट हुये। 12वें ओवर में अक्षर पटेल 13 गेंदों में (26) को आमिर कलीम ने आउट किया। शिवम दुबे (पांच) भी आमिर का शिकार बने। 18वें ओवर में शाह फैसल ने संजू सैमसन को आउट किया। संजू सैमसन ने 45 गेंदों में तीन चौके और तीन छक्के लगाते हुए 56 रनों की पारी खेली। तिलक वर्मा ने 18 गेदों में 29 रन बनाये। आठवें विकेट के रूप में अर्शदीप सिंह(एक) रनआउट हुये। भारत ने निर्धारित 20 ओवरों में विकेट आठ विकेट पर 188 रन का स्कोर खड़ा किया। हर्षित राणा आठ गेंदों में 13 रन बनाकर नाबाद रहे।



ओमान के खिलाफ भारतीय बल्लेबाज संजू सैमसन शॉट लगाते हुए। एजेंसी

#### भारत

**188/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| अभिषेक का शुक्ला बो रामानंदी | 38 |
| शुभमन गिल बो शाह फैसल | 05 |
| सैमसन का बिष्ट बो शाह फैसल | 56 |
| हार्दिक पंड्या रन आउट | 01 |
| अक्षर का शुक्ला बो आमिर | 26 |
| शिवम दुबे का जतिंदर बो आमिर | 05 |
| तिलक का जिक्रिया बो रामानंदी | 29 |
| हर्षित राणा नाबाद | 13 |
| अर्शदीप सिंह रन आउट | 01 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 01 |

**गेंदबाजी :** शकील अहमद 3-0-33-0, शाह फैसल 4-1-23-2, मोहम्मद नदीम 1-0-19-0, जितेन रामानंदी 4-0-33-2, समय श्रीवास्तव 2-0-23-0, जिक्रिया इस्लाम 3-0-23-0, आमिर कलीम 3-0-31-2

## भारत ए और आस्ट्रेलिया ए का अनौपचारिक टेस्ट ड्रॉ

**लखनऊ, एजेंसी :** देवदत्त पड्डिकल ने सातवां प्रथम श्रेणी शतक लगाया जिसकी बदौलत भारत ए ने आस्ट्रेलिया ए के पहली पारी के विशाल स्कोर का मजबूत जवाब देकर शुक्रवार को यहां पहला अनौपचारिक टेस्ट ड्रॉ कराया। सुबह 86 रन से आगे खेलते हुए पड्डिकल ने 281 गेंद में 150 रन बनाए। भारत ए ने अपनी पारी सात विकेट पर 531 रन पर घोषित की। आस्ट्रेलिया ए ने पहली पारी में छह विकेट पर 532 रन बनाये थे। आस्ट्रेलिया ए ने दूसरी पारी में 16 ओवर में बिना किसी नुकसान के 56 रन बना लिये थे जब मैच ड्रॉ पर छूटा। पहली पारी में शतक जमाने वाले सैम कोंस्टास 27 और कैंपबेल केलावे 24 रन पर खेल रहे थे। वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखलाओं के लिये भारतीय टीम में जगह बनाने की कोशिश में जुटे पड्डिकल ने अपनी पारी में 14 चौके और एक छक्का लगाया।

ध्रुव जुरेल 197 गेंद में 13 चौकों और पांच छक्कों की मदद से 140 रन बनाकर आउट हुए। दोनों ने पांचवें विकेट के लिये 228 रन की साझेदारी की। आस्ट्रेलिया ए के लिये कोरी रोचिसियोली ने 159 रन देकर तीन विकेट लिए।

## श्रीलंका की निगाह विजय अभियान जारी रखने पर

- बांग्लादेश करना चाहेगा पलटवार, मैच आज रात 8 बजे से

**दुबई, एजेंसी**

ग्रुप शरण में अपनी सभी मैच जीत कर उत्साह से भरी श्रीलंका की टीम बांग्लादेश के खिलाफ शनिवार को यहां होने वाले एशिया कप सुपर 4 के मैच में अपना विजय अभियान जारी रखने की कोशिश करेगी।

चरिथ असलांका के कुशल नेतृत्व में, श्रीलंकाई टीम ग्रुप बी में तीन मैचों में जीत के साथ शीर्ष पर रही। बांग्लादेश ने दूसरे स्थान पर रहकर अगले दौर में प्रवेश किया। श्रीलंका ने बांग्लादेश को छह विकेट से पराजित किया और फिर उसके बाद हांगकांग और अफगानिस्तान को क्रमशः चार और छह विकेट से हराया। श्रीलंका की बल्लेबाजी का हालांकि अचानक पतन हो जाता है जैसा कि हांगकांग के खिलाफ हुआ था जब पथुम निसांका के अर्धशतक के बाद वह एक समय हार के कगार पर पहुंच गया था। श्रीलंका के लिए कमजोर मध्यक्रम मुख्य चिंता का विषय है। निसांका ने श्रीलंका के लिए बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया है।

जहां तक बांग्लादेश का सवाल है तो वह सुपर 4 में श्रीलंका के रहमोकरम पर पहुंचा है। अगर गुरुवार को श्रीलंका अफगानिस्तान से हार जाता, तो बांग्लादेश टूर्नामेंट से बाहर हो जाता। बांग्लादेश ने टूर्नामेंट की शुरुआत हांगकांग पर सात विकेट की आसान जीत के साथ की, लेकिन श्रीलंका से छह विकेट से हार गया। अफ़ग़ानिस्तान पर आठ रन की जीत के साथ उसने अपने अभियान को फिर से पटरी पर ला दिया।

#### टीम

**श्रीलंका :** चरिथ असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस (विकेटकीपर), कुसल परेरा, नुवानीदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, वानिंदु हसरंगा, चमिका करुणारत्ने, महीश थीक्षाना, दुशमंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना।

**बांग्लादेश :** लिटन दास (कप्तान, विकेटकीपर), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदोय, जेकर अली, शमीम हुसैन, नुरुल हसन, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, मोहम्मद सैफुद्दीन।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंची

**शेनझेन, एजेंसी**

#### चाइना मास्टर्स बैडमिंटन

भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी चाइना मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई जबकि पीवी सिंधु विश्व की नंबर एक खिलाड़ी कोरिया की आन से यंग के खिलाफ महिला एकल क्वार्टर फाइनल में सीधे गेम में हार गई। हाल ही में पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में दूसरा कांस्य जीतने वाले और हांगकांग ओपन में उपविजेता रही दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी सात्विक और चिराग ने चीन के रेन शियांग यू और शिये हाओनान को 21-14, 21-14 से हराया। इस समय विश्व रैंकिंग में नौवे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग का सामना चिर प्रतिद्वंद्वी दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूइ यिक से हो सकता है। इससे पहले सिंधु को पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाली 23 वर्षीय कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ 38 मिनट में 14-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा।

## आईसीसी प्रोटोकॉल कैमरे की अनुमति देते हैं : पीसीबी

**अबुधाबी, एजेंसी**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को अपने मीडिया मैनेजर द्वारा संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ एशिया कप मैच से पहले मैच रैफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट और टीम अधिकारियों के बीच हुई बैठक का वीडियो बनाने का बचाव करते हुए कहा कि यह आईसीसी प्रोटोकॉल के दायरे में था।

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता ने बृहस्पतिवार को पीसीबी को पत्र लिखकर खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों के क्षेत्र (पीएमओए) संहिता के कई उल्लंघनों का हवाला दिया था। जिसमें कोच माइक हेसन, कप्तान सलमान अली आगा और मैनेजर नवीद अकरम चीमा की बातचीत की रिकॉर्डिंग भी शामिल थी। आईसीसी ने पीसीबी की उस प्रेस विज्ञप्ति पर भी सवाल उठाया था।



जिसमें कहा गया था कि पाइक्रॉफ्ट ने माफी मांगी है जबकि इसमें स्पष्ट किया गया था कि रैफरी ने केवल एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के स्थल प्रबंधक द्वारा की गई गलतफहमी पर खेद व्यक्त किया था। टूर्नामेंट के एक सूत्र ने बोर्ड की प्रतिक्रिया पर कहा टीम का मीडिया मैनेजर टीम का हिस्सा है और उसे पीएमओए तक जाने की अनुमति है। वहां उसकी मौजूदगी कोई उल्लंघन नहीं है। पीसीबी के अनुसार मौजूदा प्रोटोकॉल मीडिया प्रबंधकों को पीएमओए में कैमरों का इस्तेमाल करने की अनुमति देते हैं। सूत्र ने आगे कहा अगर मानक परिचालन प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया होता तो आईसीसी को मैच रैफरी से यह पूछना चाहिए कि क्या इस मामले की सूचना एसीयू (भ्रष्टाचार रोधी इकाई) को दी गई थी। जब पीटीआई ने टूर्नामेंट के एक सूत्र से संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि आईसीसी मैच अधिकारी ने इस मामले को पाकिस्तानी टीम के एसीयू अधिकारी के सामने उठाया था और उन्होंने इसे स्वीकार भी किया था। इससे पहले वैश्विक संस्था ने पीसीबी को भेजे ईमेल में स्पष्ट कहा था। सूत्र ने कहा आईसीसी ने खेल, टूर्नामेंट और संबंधित हितधारकों के हित को बनाए रखने के लिए पीसीबी के अनुरोध को स्वीकार कर लिया, हालांकि यह पीएमओए के प्रति पूर्ण अनादर दर्शाता है। यह सब तब शुरू हुआ जब भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने पाकिस्तान के समकक्ष सलमान अली आगा से हाथ नहीं मिलाया और मैच रैफरी पर खेल भावना से का उल्लंघन किया।



श्रीलंकाई टीम के खिलाड़ी। एजेंसी

## हमारे तेज गेंदबाज भारत में 20 विकेट लेने में सक्षम हैं : सैमी

**किंग्स्टन, एजेंसी**

वेस्टइंडीज के मुख्य कोच डैरेन सैमी का मानना है कि उनके तेज गेंदबाजी आक्रमण में इतनी विविधता है कि वह भारतीय हालात में 20 विकेट ले सकता है। उन्होंने अपनी टीम से आगामी दो टेस्ट मैचों की सीरीज से पहले न्यूजीलैंड से प्रेरणा लेने को कहा जिसने पिछले साल भारत को उसकी धरती पर हराकर इतिहास रचा था।

भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट मैच दो अक्टूबर से अहमदाबाद में और दूसरा टेस्ट मैच 10 अक्टूबर से दिल्ली में खेला जाएगा। सैमी ने संवाददाताओं से कहा अब हम ऐसी स्थिति में हैं जहां हमारा तेज गेंदबाजी आक्रमण किसी भी परिस्थिति में विकेट लेने में सक्षम हैं। हमारे पास चार अलग-अलग



तरह के तेज गेंदबाज हैं जिनकी अपनी खास विशेषता है। हमारे तेज गेंदबाजी आक्रमण में विविधता है। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाजी आक्रमण में अल्जारी जोसेफ, शमर जोसेफ, एंडरसन फिलिप और जेडन सील्स के अलावा ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स शामिल हैं।

सैमी ने कहा हमारे पास शमर जोसेफ है, जो बेहद कुशल गेंदबाज है। हमारे पास जेडन है, जिसका अगला पैर मजबूत है और वह गेंद को दोनों तरफ स्विंग करा सकता है। हमारे पास अल्जारी जोसेफ है जो अपने कद के कारण उछाल हासिल कर सकता है। इस तरह से हमारे पास भारत में टेस्ट मैच में 20 विकेट लेने की क्षमता है।

सैमी ने कहा उनकी टीम न्यूजीलैंड का अनुसरण करना चाहती है, जिसने पिछले साल भारत को 3-0 से हराया था। उन्होंने कहा न्यूजीलैंड ने वहां जाकर अविश्वसनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन किया और हमें उससे प्रेरणा लेनी चाहिए। पर यह उन चीजों को समझने की बात है जो न्यूजीलैंड ने उन परिस्थितियों में कीं। उम्मीद है कि हमारे खिलाड़ी उनका अनुसरण करेंगे।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज जीतने उतरेगी महिला टीम

**चंडीगढ़, एजेंसी :** दूसरे मैच में रिकॉर्ड जीत से उत्साहित भारतीय महिला टीम शनिवार को यहां तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के निर्णायक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहली वनडे सीरीज जीतकर विश्व कप से पहले अपनी उम्मीदों को पंख लगाने की कोशिश करेगी।

भारतीय महिला टीम अभी तक द्विपक्षीय वनडे सीरीज में विश्व चैंपियन आस्ट्रेलिया को नहीं हरा पाई है और अगर वह यहां जीत हासिल करने में सफल रहती है तो इससे उसका 30 सितंबर से शुरू होने वाले विश्व कप से पहले आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

ऑस्ट्रेलिया को हराना हालांकि इतना आसान काम नहीं है और अगर भारत को इतिहास रचना है तो उसे खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

**आदेश** उच्चतम न्यायालय ने चार सप्ताह में आम सभा कर मसौदे को अपनाने का आदेश दिया

## एआईएफएफ के मसौदा संविधान को मिली मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) के संविधान के मसौदे को कुछ संशोधनों के साथ शुक्रवार को मंजूरी दे दी और फुटबॉल संस्था को इसे चार सप्ताह के भीतर आम सभा में अपनाने का आदेश दिया।

यह मसौदा पूर्व न्यायाधीश एल नागेश्वर राव ने तैयार किया है। न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने अध्यक्ष कल्याण चौबे की अध्यक्षता वाली एआईएफएफ की वर्तमान कार्यकारी समिति के सदस्यों के चुनाव को मान्यता दी और कहा कि नए सिरे से चुनाव कराने का कोई मतलब नहीं है, क्योंकि वर्तमान पदाधिकारियों



का केवल एक वर्ष का कार्यकाल बचा है। न्यायालय ने 30 अप्रैल को न्यायमूर्ति राव द्वारा तैयार एआईएफएफ के संविधान के मसौदे को अंतिम रूप देने के मुद्दे पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

शीर्ष अदालत ने फैसला सुरक्षित रखने से पहले रंजीत कुमार, राहुल मेहरा और न्यायमित्र गोपाल शंकरनारायणन सहित कई वरिष्ठ वकीलों की कुछ आपत्तियों और सुझावों को सुना। न्यायालय ने कई दिनों तक विभिन्न राज्य फुटबॉल संघों और पूर्व खिलाड़ियों द्वारा संविधान के प्रारूप पर उठाई गई आपत्तियों पर सुनवाई की।

शीर्ष अदालत के निर्देश पर न्यायमूर्ति राव द्वारा तैयार संविधान के प्रारूप में कुछ आमूलचूल परिवर्तन का प्रस्ताव था। इनमें किसी व्यक्ति को अपने जीवनकाल में अधिकतम 12 वर्ष तक पद पर बने रहने का प्रावधान था, बशर्ते कि वह अधिकतम दो बार चार-चार वर्ष का कार्यकाल पूरा कर सके।

हालांकि इसमें कहा गया है कि खेल संस्था के पदाधिकारी के रूप में आठ वर्ष तक रहने के बाद चार वर्ष तक कोई पद नहीं संभालने के कूलिंग ऑफ पीरियड नियम का पालन करना होगा, लेकिन मसौदे में कहा गया है कि कोई व्यक्ति 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद खेल संस्था का सदस्य नहीं रह सकता।

### कार्यकारी समिति में 14 सदस्य होंगे

मसौदा संविधान के अनुसार एआईएफएफ की कार्यकारी समिति में 14 सदस्य होंगे, जिन पर आयु और कार्यकाल का नियम लागू होगा। इसमें एक अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष (एक पुरुष और एक महिला), एक कोषाध्यक्ष और 10 अन्य सदस्य होंगे। अन्य 10 सदस्यों में से पांच प्रतिष्ठित खिलाड़ी होंगे, जिनमें दो महिलाएं भी शामिल होंगी। मसौदा संविधान में अविश्वास प्रस्ताव के ज़रिए अध्यक्ष समेत पदाधिकारियों को हटाने का भी प्रावधान है, जो एआईएफएफ के मौजूदा संविधान में नहीं है।

